वर्ष : 20 | अंक : 173 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

# राजस्थान पत्रिका SUNDAY

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | नई दिल्ली, रविवार, 12 जनवरी, 2025 | पौष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, संवत् 2081

दिल्ली, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

/rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika


पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

patrika.com


## गंगासागर मेला हम सबका है
## एक बार नहीं, कई-कई बार

मिलन तीर्थ गंगासागर 2025







मातृ रूपी गंगा जहां महासागर में विलीन होती है, वह तीर्थस्थल है गंगासागर।
यह महासंगम तीन हजार वर्षों से धर्म, संस्कृति, पर्यटन एवं भ्रमण का महाकेंद्र रहा है।
भगीरथ यहां आए थे, महर्षि कपिल मुनि का आश्रम भी यहीं है।
रामायण-महाभारत में इस संगम का उल्लेख है, यह महाकवि कालीदास की रचनाओं में भी है।
प्राचीन रोम-ग्रीस भी गंगा की इस सभ्यता के बारे में जानते थे।

जहां पुराण इतिहास से गुजरते हुए आधुनिकता को स्पर्श करते हैं, वही गंगासागर है।

मकर संक्रांति के दौरान पूरे देश से आज भी पुण्यार्थी इस पवित्र तट पर एकत्र होते हैं।
दक्षिण एशिया के लाखों श्रद्धालु इस द्वीप पर समागम करते हैं। यहां इतिहास एवं लोकचार,
विज्ञान और आस्था एक अटूट परम्परा में एकाकार हो जाते हैं।

पश्चिम बंगाल सरकार इस महासंगम के महामिलन की संरक्षक, आयोजक एवं संचालक है।
परिवहन एवं रक्षा, आवास-स्वास्थ्य-पेयजल-विद्युत के बुनियादी ढांचे के विराट समन्वय के
साथ सुन्दरवन के भीतर आधुनिक सुविधाएं-पुण्यार्थियों के लिए
राज्य सरकार की एक विशेष व्यवस्था है।

सांख्य सूत्र

**भारत के प्राचीनतम एवं महानतम इस मेले के भ्रमण, पुण्य स्नान एवं कपिल मुनि आश्रम के दर्शन से सभी का हृदय आनंदित हो उठे।**

**महाभारत के इस मानव तीर्थ में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।**
सुरक्षा एवं शांति के साथ इस तीर्थस्थल की आपकी यात्रा एवं आपके पुण्य संचय के मार्ग में पश्चिम बंगाल सरकार आपकी सहयोगी है।

ICA-D69(3)/2025



To know the destinations better, visit **wbtourism.gov.in**
@tourismwb @TourismBengal @wbtourism wbtourism5460

EXPERIENCE Bengal
THE SWEETEST PART OF INDIA
TOURISM DEPARTMENT, GOVERNMENT OF WEST BENGAL

पर्यटन विभाग,
पश्चिम बंगाल सरकार

वर्ष : 20 | अंक : 173 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

# राजस्थान पत्रिका SUNDAY

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | नई दिल्ली, रविवार, 12 जनवरी, 2025 | पौष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत् 2081

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

जिस दिन आपके सामने कोई समस्या न आए, तो यकीन मानिए आप गलत रास्ते पर हैं। -स्वामी विवेकानंद

patrika.com



## राष्ट्रीय युवा दिवस आज

हर वर्ष 12 जनवरी को **स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप** में मनाई जाती है।

34% **योगदान** है युवाओं का देश की सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआइ) में।

राष्ट्रीय युवा नीति के मुताबिक **15-29 वर्ष आयु वर्ग को युवा माना गया** है।

**हम सबसे युवा आबादी वाले देश**

**37.14** करोड़ युवा हैं भारत में, जो कुल आबादी का 27.3 फीसदी हैं। (2021)

औसत आयु 28 वर्ष

**30.6** वर्ष है दुनिया में औसत आयु (2024)



47.7% युवा कार्यबल है भारत में, जो 2017-18 में **31.4%** थी।

भारत में औसत उम्र **28** वर्ष है, जबकि अमरीका **38** और चीन में **39** वर्ष है।

**सबसे** कम औसत आयु (15 वर्ष) अफ्रीकी देश नाइजर की है, जबकि सबसे अधिक यूरोपीय देश मोनाको (56.9 वर्ष) की है।



अपराधियों के खिलाफ सख्ती : राजस्थान और मध्यप्रदेश में पुलिस का बड़ा एक्शन

# बैंककर्मी ही पासवर्ड रिसेट कर उड़ाते थे रकम

# हजार करोड़ की साइबर ठगी का भी खुलासा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर/ भोपाल/ इंदौर.** साइबर ठगों के खिलाफ पुलिस एक्शन में आ गई है। राजस्थान पुलिस ने जयपुर में शनिवार को ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया गया जो साधु बनकर (नकली दाढ़ी-मूंछ व सिर पर बड़े बाल लगाकर) सोशल मीडिया पर लोगों का भविष्य बताने के नाम पर ठगी कर रहा था। उधर मध्यप्रदेश पुलिस के हत्थे चढ़े साइबर ठगों के अंतरराष्ट्रीय गिरोह ने जांच एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं, जिसमें साइबर ठगी के तार टेरर फंडिंग से जुड़ते जा रहे हैं। इस गिरोह ने देशभर में एक हजार करोड़ से ज्यादा की ठगी की और पैसा म्यूल अकाउंट में भेजा। इस बीच, इंदौर में आइसीआइसीआइ बैंक तीन रिलेशनशिप मैनेजर पकड़े गए जो बैंक के सॉफ्टवेयर से करंट अकाउंट का पासवर्ड रिसेट कर करोड़ों की धोखाधड़ी कर रहे थे। जांच में सामने आया कि आइसीआइसीआइ बैंक के विनवे वर्ल्ड स्थित ब्रांच के रिलेशनशिप मैनेजरों ने ठगी की राशि को ठिकाने लगाने के लिए महंगे गैजेट्स, मोबाइल खरीदे। शेष@पेज 08

पत्रिका रक्षा कवच | अपराधों के विरुद्ध | पत्रिका अभियान

### अन्य बैंकों में भी हो सकता है ऐसा ही खेल, रिजर्व बैंक को पत्र

### तीन कर्मी गिरफ्तार

**इंदौर** पुलिस के मुताबिक, तीनों रिलेशनशिप मैनेजर ने बैंक के सॉफ्टवेयर की मदद से कई राज्यों के करंट अकाउंट धारक व्यापारियों को निशाना बनाया। अन्य डिवाइस से बैंक आइडी हासिल कर खातों में लॉग-इन कर 'फॉरगेट पासवर्ड' ऑप्शन दबाते ही बैंक के सर्वर ने नया ओटीपी जनरेट किया। इस ओटीपी को आरोपियों ने सिस्टम में देख खातों से लाखों रुपए उड़ा दिए। उक्त रकम से अमेजन गिफ्ट कार्ड्स और ई-गोल्ड खरीदा। वारदात में इस्तेमाल सभी मोबाइल जब्त कर लिए गए हैं। पुलिस ने बैंक से वारदात को लेकर बात की है। बैंक ने कर्मचारियों को नजर आने वाले ओटीपी ऑप्शन को बंद कर दिया है। संदेह है कि कई बैंकों में इस तरह ओटीपी कर्मचारियों तक पहुंच रहे हैं। इस बारे में आरबीआइ को भी लिखा गया है।

### जयपुर में साधु बनकर शिकार करने वाले गिरोह के 30 गिरफ्तार



जयपुर में शनिवार को गिरफ्तार किए ठग और बरामद सामान।

### राजस्थान | किराए पर दिए बैंक खाते

**जयपुर** कमिश्नरेट पुलिस ने अलग-अलग छह स्थानों पर दबिश देकर 30 जालसाजों को गिरफ्तार किया है। दो नाबालिग भी पकड़े गए। गिरफ्तार ठगों में अलग-अलग गिरोह के चार सदस्य ऐसे हैं, जो साइबर ठगों को किराए पर बैंक खाते उपलब्ध करवा रहे थे। एक सदस्य ने 100 से अधिक लोगों के खाते साइबर ठगों को किराए पर दिए।

### श्रीलंका में ली ट्रेनिंग

**पुलिस** कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि कालवाड़ थाना क्षेत्र में पकड़ा गया गिरोह साधु बनकर साइबर ठगी कर रहा था। ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए गिरोह के दो सदस्य श्रीलंका में ट्रेनिंग लेकर आए थे। गिरफ्तार ठगों में ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले भी शामिल हैं।

### मध्यप्रदेशः साइबर ठगी से लेकर टेरर फंडिंग तक...

### तीन चरण में खेल

**मध्यप्रदेश** पुलिस के अनुसार, साइबर ठगी से लेकर टेरर फंडिंग तक का खेल तीन चरणों में किया जाता है। एक गैंग लोगों को ठगती है। दूसरी गैंग म्यूल एकाउंट में पैसे का प्रबंधन करती है। तीसरे चरण में विदेश तक पैसा पहुंचाया जाता है। इसका इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए होता है। हालांकि एटीएस सूत्रों का कहना है कि टेरर फंडिंग मॉड्यूल पर शुरुआती जांच चल रही है।

डिजिटल डिवाइस बरामद

### ट्रांजेक्शन की डिटेल का इंतजार

**गुरुग्राम** के सोहाना में एटीएस की ओर से पकड़े 6 संदिग्धों के पास से लैपटॉप, फोन सहित कई उपकरण मिले हैं। एटीएस ने उपकरण साइबर पुलिस को सौंप दिए हैं। अब डिजिटल उपकरणों व खातों के ट्रांजेक्शन का विवरण निकाला जाएगा। उस आधार पर आगे की जांच होगी। एक संदिग्ध की मौत हो चुकी है।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर: 'प्रतिष्ठा-द्वादशी' महोत्सव शुरू



**अयोध्या @ पत्रिका.** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीरामलला के श्रीविग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आयोजित महोत्सव के पहले दिन शनिवार को प्रतिमा का महाभिषेक करते पुजारी। हिंदू पंचांग के अनुसार, मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा पौष शुक्ल द्वादशी (22 जनवरी, 2024) को हुई थी, इसलिए तीन दिवसीय 'प्रतिष्ठा-द्वादशी' महोत्सव मनाया जा रहा है। महोत्सव में उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान के संत और अयोध्या के 100 से अधिक स्थानीय संत वर्षगांठ समारोह में भाग ले रहे हैं।

महापर्व: कठिन परीक्षा के बाद मुकाम पर पहुंचने की लंबी प्रक्रिया

# महाकुंभ में नागा साधु बनने की पहली सीढ़ी चढ़ेंगे 8000, लेंगे संन्यास




पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**प्रयागराज.** महाकुंभ का सोमवार से शंखनाद होने में कुछ ही घंटों का समय बचा है। महाकुंभ में नागा साधु बनने की प्रक्रिया भी शुरू होगी। नागा साधु बनने की पहली सीढ़ी के रूप में 8000 लोग पितरों का श्राद्ध और खुद का पिंडदान कर संन्यास लेंगे। ये लोग अलग-अलग अखाड़ों की ओर से शुभ मुहूर्त में विविध अनुष्ठान के साथ 24 घंटे निराहार रहकर संन्यास धारण करेंगे। संन्यासी बनने के बाद नागा साधु बनने के मुकाम तक पहुंचने में 10 साल तक लग सकते हैं। शेष@पेज 08

### शिखा-सूत्र-दंड का त्याग

**पंच** परमेश्वर की संस्तुति के बाद इष्टदेव पूजन होता है। मुंडन, गंगा स्नान, पितरों का श्राद्ध व खुद का पिंडदान किया जाता है। देवी-देवता का स्मरण कर जनेऊ व दंड धारण, विजया हवन होता है। रात में गंगा में दंड, शिखा व सूत्र (जनेऊ) के विसर्जन के बाद महामंडलेश्वर दीक्षा देते हैं। इस दौरान उपवास रखा जाता है। रुद्राक्ष की कंठी धारण कराकर संन्यास की दीक्षा दी जाती है।

### संन्यास के दौरान अखाड़ों की नजर

**संन्यास** की दीक्षा के बाद संन्यासियों पर अखाड़ों की नजर रहती है। यह देखा जाता है कि वह संन्यासी का जीवन बिता सकता है या नहीं? नैतिक आचरण, भक्ति व सांसारिक गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। यह प्रक्रिया दो साल से 6 साल तक तथा इससे ज्यादा हो सकती है। इस परीक्षा में पास होने के बाद ही नागा साधु की दीक्षा दी जाती है।

### नेपाल की 100 से अधिक युवतियां लेंगी संन्यास

**महाकुंभ** में नेपाल की 100 से अधिक युवतियां भी संन्यास लेंगी। ये युवतियां श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के माईबाड़ा में दीक्षा लेंगी। गौरतलब है कि महिला शंकराचार्य स्वामी हेमानंद गिरी माईबाड़ा को मजबूत बनाने के लिए नेपाल, भूटान, श्रीलंका, थाईलैंड, आस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, जापान व मॉरीशस में सनातन धर्म के प्रचार में जुटी हैं।

हादसा

### कन्नौज स्टेशन पर गिरा स्लैब, 46 मजदूर दबे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कन्नौज (उत्तर प्रदेश).** कन्नौज जिले में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन का स्लैब गिरने से 46 मजदूर मलबे में दब गए। इनमें से 23 मजदूरों को निकाला जा चुका है। 20 मजदूरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन मजदूरों को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया है। अन्य मजदूरों को निकालने के लिए रेस्क्यू किया जा रहा है।

न्यूज ब्रीफ

### भर्ती घोटाला: पीएससी के पूर्व अध्यक्ष का पुत्र गिरफ्तार

**रायपुर @ पत्रिका.** सीबीआइ ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा घोटाले में सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के पुत्र नितेश सोनवानी और पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गनवीर को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत ने 2 दिन के रिमांड पर भेज दिया है। सीबीआइ ने दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया था। इस दौरान संतोषजनक जबाव नहीं देने पर गिरफ्तार कर लिया।

पश्चिमी विक्षोभ: कई राज्यों में छाया रहा कोहरा

# मौसम का मिजाज बदला, बारिश से बढ़ी सर्दी



**पर्यटक पहुंचे....** जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में बर्फबारी का दौर जारी है। गुलमर्ग में शनिवार को हिमपात के बाद मस्ती करते पर्यटक।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज बदल गया है। कई राज यों में शनिवार को बारिश के बाद कड़ाके की सर्दी का अहसास हुआ। देश के 16 राज्यों में घना कोहरा छाया रहा। दिल्ली में शाम को हल्की बारिश हुई। इससे पहले दोपहर तक कोहरे के कारण दृश्यता शून्य रही। इससे रेल और उड़ानें प्रभावित हुईं। राजस्थान के जयपुर सहित कई शहरों में हुई ओलावृष्टि और बारिश के कारण सर्दी बढ़ गई। जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में भी तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार और सोमवार को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। इसका असर मैदानी इलाकों में भी दिखाई देगा और सर्दी बढ़ सकती है।

### आज ऐसा रहेगा मौसम

राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश के संभावना। कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहेगा। तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारिश हो सकती है।

केरल में दरिंदगी: चालीस की पहचान, 14 गिरफ्तार

# सहपाठी...कोच... रिश्तेदार... 64 लोगों ने किया यौन शोषण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**पथानामथिट्टा (केरल).** स्कूल में सहपाठी, कोच, पड़ोसी और रिश्तेदार... 13 साल की बच्ची ने जिस पर विश्वास किया, उसी ने यौन शोषण किया। यह दरिंदगी पांच साल चलती रही, 64 लोगों ने बच्ची को शिकार बनाया। ऐसे में लड़की मेंटल ट्रॉमा में चली गई, आखिरकार उसने 18 साल की होने पर हिम्मत जुटाई और स्कूल काउंसलिंग में दर्दनाक कहानी सुनाई।

यह मामला केरल के केरल के पथानामथिट्टा जिले का है। पुलिस ने इस मामले में 40 लोगों की पहचान कर 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की ने बताया कि 2019 में पहली बार 13 साल की उम्र में स्कूल में साथ पढ़ने वाले लड़के ने यौन शोषण किया। लड़के ने दोस्तों को बताया, तो उन्होंने भी ब्लैकमेल कर शोषण किया। इसके बाद भी पीड़ित लड़की ने चीजों को पीछे छोड़ आगे बढ़ने का फैसला किया और स्कूल में स्पोर्ट्स टीम में हिस्सा लिया। वह कोच पर भरोसा करने लगी और दरिंदगी के बारे में बता दिया। यहां भी उसका भरोसा टूटा और कोच ने भी यौन शोषण किया। इसके बाद पीड़िता ने अपने रिश्तेदारों और पड़ोसी को बताया तो उन्होंने भी वहीं किया। इसके बाद वह अंदर तक टूट गई। उसे लगा कि दुनिया में किसी पर विश्वास नहीं किया जा सकता है।

### काउंसलिंग सत्र में हुआ खुलासा

**पथानामथिट्टा** बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव एन. के अनुसार लड़की ने पहली बार स्कूल के काउंसलिंग सत्र में अपने साथ हुए यौन शोषण की जानकारी दी। समिति के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने पोक्सो सहित अन्य धाराओं के तहत दो थानों में पांच एफआइआर दर्ज की हैं।

सेना दिवस की तैयारियां: परेड में दिखाई देंगे रोबोटिक डॉग



**पुणे** में 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। शनिवार को परेड के रिहर्सल के दौरान भविष्य के हथियार रोबोटिक डॉग की क्षमताओं का प्रदर्शन करते सेना के जवान।

TRENDING NEWS ट्रेंडिंग न्यूज़



### गोली चलने से आप विधायक की मौत

**लुधियाना.** पंजाब के लुधियाना वेस्ट से आप विधायक गुरप्रीत गोगी की शुक्रवार रात को गोली लगने से मौत हो गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि रिवॉल्वर को साफ करते समय ट्रिगर दबने से गोली चली। पुलिस जांच कर रही है।




### सैकिया होंगे बीसीसीआइ के नए सचिव

**नई दिल्ली.** असम के देवजीत सैकिया को रविवार को होने वाली बैठक में आधिकारिक तौर पर बीसीसीआइ का नया सचिव नियुक्त किया जाएगा। सैकिया जय शाह की जगह लेंगे, जो पिछले वर्ष अगस्त में आइसीसी के चेयरमैन बने थे।



### मोदी कल सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर में सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करेंगे। इस 12 किलोमीटर लंबी सुरंग के बनने से श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में यातायात खुला रहेगा।



### भाजपा नेता पर हेट स्पीच का मामला

**कोट्टायम.** केरल के भाजपा नेता पीसी जॉर्ज पर धार्मिक घृणा फैलाने वाली टिप्पणी का मामला दर्ज किया गया है। एक टीवी चर्चा के दौरान उन पर अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ घृणास्पद भाषण देने का आरोप है।

कोलकाता: माइटोकॉन्ड्रियल जीनोम का विश्लेषण

## भारतीय प्राणी सर्वेक्षण ने खोजी चीनी पैंगोलिन की नई प्रजाति

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**कोलकाता.** भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) विभाग के वैज्ञानिकों ने पैंगोलिन की एक नई प्रजाति की खोज की है। यह प्रजाति लगभग 34 लाख साल पहले चीनी पैंगोलिन मैनिस पेंटाडैक्टाइला से अलग हुई थी। जेडएसआई ने कहा कि इंडो-बर्मी पैंगोलिन मैनिस इंडो-बर्मनिका की खोज पैंगोलिन के उद्भव पर प्रकाश डालती है।

प्राणी सर्वेक्षण विभाग से संबद्ध मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में माइटोकॉन्ड्रियल जीनोम का विश्लेषण करने के लिए अत्याधुनिक जीनोमिक उपकरणों का उपयोग किया गया। ठाकुर ने कहा कि इंडो-बर्मी पैंगोलिन न केवल एशियाई पैंगोलिन के बारे में हमारी समझ को समृद्ध करता है बल्कि क्षेत्र-विशिष्ट संरक्षण प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर देता है। प्रजातियों का विकास संभवतः भारत-बर्मा क्षेत्र में नाटकीय भू-जलवायु परिवर्तनों से प्रभावित था।

कार्रवाई: 3.80 करोड़ नकद व 14 किलो सोना मिला

## पूर्व भाजपा विधायक के घर छापे में मिले चार मगरमच्छ



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सागर.** बंडा से भाजपा के पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के बंगले पर सर्वे के दौरान आयकर विभाग की टीम को चार पालतू मगरमच्छ मिले। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने दो मगरमच्छों को शुक्रवार और दो को शनिवार को रेस्क्यू किया। इसके बाद बमनेर नदी में छोड़ दिया गया। बंगला परिसर में बने कुंड में पांच मगरमच्छ होने की जानकारी मिली थी। टीम को वन्यजीवों से जुड़े कुछ दस्तावेज भी मिले हैं। जिनकी पड़ताल की जा रही है। आयकर विभाग की टीमों ने राठौर के ठिकानों पर तीन दिन कार्रवाई की, जहां से उन्हें 14 किलो सोना और 3.80 करोड़ की नगद राशि मिली।

बदलाव: 50.7% पुरुष और 48.3% महिला मतदाता

## 14 राज्यों में पुरुषों से आगे निकलीं महिला मतदाता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**नई दिल्ली.** भारत के 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में महिला मतदाताओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है। यह जानकारी अंतिम मतदाता सूची में सामने आई है। पिछले साल, जब 1 जनवरी 2024 को ऐसे 12 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश थे, जहां महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक थी। हालांकि, राष्ट्रीय स्तर पर कुल महिला मतदाताओं की संख्या अभी भी पुरुष मतदाताओं से 2.33 करोड़ कम है। भारत के कुल 99 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 50.7 करोड़ पुरुष और 48.3 करोड़ महिलाएं (48.8%) हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल इस सूची में असम, कर्नाटक और नागालैंड नए जुड़े हैं।

**ये हैं 14 राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश** : आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पुडुचेरी, तमिलनाडु और तेलंगाना।

स्वास्थ्य: सर्वे में 56% ने माना-खानपान अनियमित

## पेट की तकलीफ से परेशान जेन जी और मिलेनियल्स की आधी आबादी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**नई दिल्ली.** हाल ही एक सर्वे में सामने आया है कि दुनिया में मिलेनियल्स और जेनरेशन जेड की 46.4% आबादी पेट संबंधी विकारों से परेशान है। इनमें कब्ज की समस्या प्रमुख है, जबकि 32.1% को आंतों से जुड़ी समस्या है।

ल्यूसीन बायो की ओर से किए गए सर्वे में 77.8 फीसदी प्रतिभागियों ने बताया कि आंतों की तकलीफ के कारण चिंता और मनोदशा में उतार-चढ़ाव बना रहता है। 89.3 फीसदी ने ऊर्जा के स्तर में कमी और शारीरिक क्षमताओं में कमी के लिए आंतों के खराब स्वास्थ्य को जिम्मेदार ठहराया। सर्वे में 57.1 फीसदी प्रतिभागियों ने मुहांसे और खुश्की के बारे में बताया, जो उदर विकास से जुड़ी बताई गई। सबसे बड़ी बात 64.3 फीसदी ने अनियमित खानपान को स्वीकार किया। विशेषज्ञों ने इस पीढ़ी को खान-पान की आदतें सुधारने, पर्याप्त नींद और तनाव से बचने जैसे उपायों की सलाह दी है।

# पत्रिका {दिल्ली प्राइम}

DELHI PRIME

SUNDAY GUEST EDITOR संडे गेस्ट एडिटर @वुमन

## आत्मविश्वास रख सपनों को साकार करें महिलाएं

आधी आबादी की सोच को अखबार में उतारने के लिए पत्रिका की पहल संडे वुमन गेस्ट एडिटर के तहत आज की गेस्ट एडिटर डॉ. शामोली खेड़ा हैं। आप लेखिका हैं और आपकी किताब 'बेडजल : द आर्ट एंड साइंस ऑफ कॉन्फिडेंस' बेस्टसेलर रही है। आप टेड एक्स स्पीकर भी रही हैं। आपका मानना है कि महिलाओं को कभी घरेलू जिम्मेदारियों के कारण अपने सपनों या कॅरियर से समझौता नहीं करना चाहिए। वे अपनी क्षमता और सपनों में विश्वास रखें, क्योंकि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। अपने आत्मविश्वास को बनाए रखते हुए, वे न केवल अपने सपनों को साकार कर सकती हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकती हैं।



- 2021 में 'टाइम्स मोस्ट इन्फ्लुएन्शयल पर्सनैलिटी' चुना गया।
- 'लेटर्स ऑफ डॉक्टर्स ऑफ टुमारो' पुस्तक भी लिखी है।

पत्रिका में संडे गेस्ट एडिटर के रूप में मैंने उन महिलाओं की कहानियों को चुना है, जो बिना किसी सपोर्ट के आगे बढ़ीं और बेहतर कॅरियर चुनकर अपनी पहचान बनाई।
– डॉ. शामोली खेड़ा, लेखिका, मुंबई

संडे वुमन गेस्ट एडिटर की पहल आपको कैसी लगी। अपने सुझाव हमें बताएं। वॉट्सऐप नंबर/ई-मेल पर भेजें- 8955003879/ sunday@in.patrika.com

संडे गेस्ट एडिटर की थीम स्टोरीज पढ़ें अंदर के पेजों पर

## 24 घंटे की नवजात का गला रेतकर कचरे में फेंका

**राजगढ़ (मध्य प्रदेश) @ पत्रिका.** पिपोर कस्बे में एक नवजात के परिजनों ने दरिंदगी की हदें पार कर दी। नवजात का गला रेतकर कड़ाके की ठंड में बिना कपड़ों के कचरे के ढेर में फेंक दिया। बच्ची व आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है।

शनिवार की सुबह पिपोर के मेला मैदान से गुजरते लोगों ने दर्द में कराहती बच्ची को पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। बच्ची की स्थिति नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों ने बच्ची का जन्म 24 घंटे पहले होना बताया है। नवजात के गर्दन पर गहरा कट और शरीर में कई घाव थे। आशंका है कि अज्ञात लोगों ने फेंकने से पहले उसे मारने का प्रयास भी किया। डॉक्टरों के अनुसार घाव गहरे होने व ठंड के कारण बच्ची की स्थिति नाजुक है।

### गृहमंत्री अमित शाह का निर्देश- सभी राज्य निर्ममता से अवैध क्लैंडेस्टिन लैब्स पर कानूनी

## आजादी के बाद सबसे ज्यादा मादक पदार्थ 2024 में जब्त

### 'ड्रग तस्करी-राष्ट्रीय सुरक्षा' पर सम्मेलन

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



**नई दिल्ली.** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में 'ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए ड्रग के खिलाफ लड़ाई तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान ड्रग विनष्टीकरण पखवाड़े का शुभारंभ, एनसीबी के भोपाल जोनल यूनिट के नए कार्यालय परिसर का उद्घाटन और मानस-2 हेल्पलाइन के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विस्तार की शुरुआत भी की। गृहमंत्री ने बताया कि आजादी के बाद 16,914 करोड़ मूल्य का सबसे ज्यादा मादक पदार्थ वर्ष 2024 में जब्त हुआ। उन्होंने सभी राज्यों को निर्ममता से अवैध क्लैंडेस्टिन लैब्स पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य ड्रग तस्करी की बढ़ती समस्या और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके प्रभाव, विशेष रूप से उत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों, से निपटने पर ध्यान केंद्रित करना है।

इस दौरान सम्मेलन में पंजाब के राज्यपाल और चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाब चन्द कटारिया, जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

### नशामुक्त भारत की सिद्धि बहुत जरूरी

**केन्द्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस प्रकार की क्षेत्रीय कॉन्फ्रेंस ने ड्रग्स के खिलाफ हमारी लड़ाई को एक मजबूत आधार दिया है और ऐसे प्रयासों का ही नतीजा है कि इस समस्या के खिलाफ हमारा अभियान बहुत पुख्ता हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में देशभर के पुलिस बलों और एनसीबी को 16,914 करोड़ रूपए मूल्य के ड्रग्स जब्त करने में सफलता मिली है, जो आजादी के बाद का सबसे बड़ा आंकड़ा है जो यह बताता है कि हमारे प्रयासों को सफलता मिल रही है। शाह ने कहा कि हमारे सामने खड़ी चुनौतियों को देखते हुए हमें और मजबूती, शिद्दत, माइक्रो प्लानिंग और सतत मॉनीटरिंग के साथ समयानुकूल नीति बनाकर आगे बढ़ना होगा, तभी हम इस लड़ाई में सफल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 में एक पूर्ण विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नशामुक्त भारत की सिद्धि बहुत जरूरी है।

### दिल्ली के लिए आप-दा से मुक्ति का दिन है 5 फरवरी

## अरविंद केजरीवाल झूठ बोलने और भ्रष्टाचार में देश में नंबर 1 हैं: शाह



### नई दिल्ली में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन में भरी हुंकार

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को 'झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए दावा किया कि 5 फरवरी को दिल्ली की सत्ता से आम आदमी पार्टी की विदाई होगी। नई दिल्ली स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित इस सम्मेलन में उन्होंने केजरीवाल को झूठ बोलने और भ्रष्टाचार में देश में नंबर 1 बताते हुए कहा कि वर्तमान में संचालित कोई भी योजना बंद नहीं होगी।

गृहमंत्री शाह ने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता इस 'आप-दा' को जड़ से हटाकर भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। शाह ने कहा कि दिल्ली प्रदेश भाजपा ने झुग्गी बस्ती संवाद अभियान के माध्यम से देश भर की भाजपा में एक अनूठा इतिहास बनाया है। प्रदेश भाजपा ने 26 सप्ताह तक दिल्ली की हर बस्ती में जाकर उनके दुख, दर्द और वादाखिलाफी के विरुद्ध उनके मन में जो आक्रोश है, उसे सुना और समझा है। प्रदेश कार्यकर्ताओं ने सिर्फ झुग्गी बस्ती वालों के दर्द को सुना नहीं है बल्कि उनकी लिस्ट बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जगत प्रकाश नड्डा को दी है।

जब भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र आएगा, तो उसमें झुग्गी बस्ती वालों की सभी समस्याओं का समाधान होगा। भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र, पत्थर पर लकीर होता है, वह मोदी की गारंटी होता है जो पूरी होकर ही रहती है। भाजपा का घोषणा पत्र "आप-दा" के घोषणापत्र जैसा नहीं होता, वो सिर्फ वोट लेने के लिए झूठे वादे करते हैं और 5 साल बाद नए झूठ के साथ फिर वोट लेने आ जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वो करके दिखाती है।

### केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सी डैक से डिज़ाइन किए गए उत्पादों को किया लॉन्च

## भारत को विकसित बनाने के लिए कंप्यूटिंग और तकनीकी विकास प्रमुख आधार: अश्विनी वैष्णव




**नई दिल्ली/मुंबई.** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को सी-डैक की ओर से डिजाइन और विकसित किए गए प्रोडक्ट को लांच किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए कंप्यूटिंग और तकनीकी विकास प्रमुख आधार हैं। वेगा प्रोसेसर आधारित विकास बोर्डों को उन्होंने पुणे के सी-डैक परिसर में लॉन्च किया। एआरआईईएस इको और एआरआइईएस नोवा डेवलपमेंट बोर्ड इसमें शामिल हैं। एआरआईईएस इको छात्रों के लिए उपयोगी है, जो सेंसर फ्यूजन, स्मार्ट मीटर और पहनने योग्य उपकरणों के साथ प्रयोग करने के लिए एक व्यावहारिक मंच प्रदान करता है।

भारत सरकार के डिजिटल इंडिया आरआईएससी-वी (डीआईआर-वी) कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, सी-डैक ने भारत के पहले स्वदेशी 64-बिट मल्टी-कोर आरआईएससी-वी आधारित सुपरस्केलर सहित माइक्रोप्रोसेसरों की वेगा श्रृंखला के डिजाइन और विकास को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। ऑर्डर से बाहर प्रोसेसर वेगा श्रृंखला में आरआइएससी-वी इंस्ट्रक्शन सेट आर्किटेक्चर पर आधारित 32/64-बिट सिंगल/डुअल/क्वाड कोर सुपरस्केलर आउट-ऑफ-ऑर्डर उच्च प्रदर्शन प्रोसेसर कोर शामिल हैं। ओपन-सोर्स आरआईएससी-वी आर्किटेक्चर लचीलेपन और नवीनता को सक्षम बनाता है और एम्बेडेड सिस्टम में व्यावहारिक सीखने और विकास को बढ़ावा देता है।

### राजस्थान के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा



**नई दिल्ली.** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को दिल्ली दौरे पर पहुंचे। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय ऊर्जा, आवास-शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भेंटकर राज्य के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

### पहले छात्रों को सिर्फ परीक्षा का डर होता था, अब पेपर लीक का भी डर

## पेपर लीक होते रहे तो चयन की निष्पक्षता अर्थहीन : उपराष्ट्रपति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** परीक्षाओं में पेपर लीक की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस पर अंकुश लगाना होगा। यदि पेपर लीक होते रहेंगे तो चयन की निष्पक्षता का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

यहां शनिवार को सभी राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के 25 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा, पेपर लीक होना एक उद्योग और व्यापार बन गया है। पहले युवा लड़के और लड़कियां परीक्षाओं से डरते थे। उन्हें इस बात का डर होता था कि प्रश्न कितने कठिन होंगे। उन्हें कैसे हल करेंगे? अब उन्हें दो डर सता रहे हैं। एक परीक्षा का डर। दूसरा, पेपर लीक होने का डर। वे परीक्षा की तैयारी के लिए कई महीनों और हफ्तों तक कड़ी मेहनत करते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। लेकिन, उन्हें पेपर लीक का झटका मिलता है। इसलिए इसपर अंकुश लगाना होगा।



उद्घाटन करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या व अन्य।

### कोई भी अपरिहार्य नहीं

उन्होंने कहा, सेवानिवृत्ति के बाद की भर्ती एक समस्या है। कुछ राज्यों में इसे संरचित किया गया है। कर्मचारी कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। खासकर प्रीमियम सेवाओं में। उन्हें कई तदर्थ सेवाओं में नामित कर दिया जाता है। यह अच्छा नहीं है। देश में हर किसी को अधिकार मिलना चाहिए। यह कानून में परिभाषित किया गया है। इस तरह की कोई भी उदारता संविधान निर्माताओं की कल्पना के विपरीत है। उन्होंने कहा, सेवा में विस्तार यह दर्शाता है कि कुछ व्यक्ति अपरिहार्य हैं। लेकिन, अपरिहार्यता एक मिथक है। इस देश में प्रतिभा की भरमार है। कोई भी अपरिहार्य नहीं है। इसलिए यह राज्य और केंद्रीय स्तर पर लोक सेवा आयोगों के अधिकार क्षेत्र में है कि जब ऐसी स्थितियां आएं तो वह दृढ़ रहें।

समाज में बुद्धिजीवियों की भूमिका पर उन्होंने कहा कि जब सामाजिक वैमनस्य हो तो बुद्धिजीवियों से मार्गदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है। वह देख रहे हैं कि, बुद्धिजीवियों के समूह बन जाते हैं। वे ऐसे ज्ञापनों पर हस्ताक्षर कर देते हैं, जिन्हें उन्होंने पढ़ा तक नहीं होता।

इस अवसर पर राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या, संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की अध्यक्ष प्रीति सूदन, हरियाणा लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष आलोक वर्मा, कर्नाटक लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष शिवशंकरप्पा एस. साहूकार आदि उपस्थित थे।

### राजनीति विभाजनकारी और ध्रुवीकृत

**उपराष्ट्रपति** ने कहा, आज राजनीति विभाजनकारी और ध्रुवीकृत हो गई है। राजनीतिक संगठनों में उच्च स्तर पर बातचीत नहीं हो रही है। खराब राजनीतिक माहौल जलवायु परिवर्तन से कहीं ज्यादा खतरनाक है जिनका हम सामना कर रहे हैं। राजनीति में सामंजस्य जरूरी है।

मजबूत संस्थानों के महत्व पर धनखड़ ने कहा, कोई भी संस्था अगर कमजोर होती है, तो इसका नुकसान पूरे देश को होता है। राज्यों और केंद्र को मिलकर काम करना चाहिए। जब राष्ट्रीय हित की बात आती है तो उन्हें एक दूसरे के साथ तालमेल बिठाना होगा।

### ना हो पक्षपातपूर्ण नियुक्ति

**उन्होंने** कहा, लोक सेवा आयोगों में संरक्षण या पक्षपात के दम पर नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। कुछ ऐसी प्रवृत्तियां नजर आ रही हैं। इनमें से कुछ बेहद पीड़ादायक हैं। हमें अपनी अंतरात्मा के सामने खुद को जवाबदेह ठहराना चाहिए। किसी विशेष विचाराधारा या व्यक्ति से जुड़े हुए व्यक्ति को लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नहीं रख सकते। यह संविधान के ढांचे और उसकी भावना के विरुद्ध होगा।

### आरएलपी ने दिया आप को समर्थन

## बड़े भाई के नाते कांग्रेस को दिल्ली में नहीं लड़ना चाहिए चुनाव, बेइज्जती होगी: बेनीवाल



### बेनीवाल से सांसद संजय सिंह की बैठक

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक दल (आरएलपी) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया है। इस दौरान आरएलपी प्रमुख और सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस को बड़े भाई के नाते दिल्ली में चुनाव नहीं लड़ आप को समर्थन देना चाहिए। चुनाव लड़ने से कांग्रेस की बेइज्जती होगी। आप पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्य सभा सांसद संजय सिंह दिल्ली स्थित हनुमान बेनीवाल के आवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच दिल्ली चुनाव को लेकर चर्चा की, जिसके बाद देश हित में बेनीवाल ने आप को समर्थन देने की घोषणा की।

### राजस्थान में कांग्रेस ने भाजपा से मिलकर लड़ा उपचुनाव

**बेनीवाल** ने कहा कि कांग्रेस ने कई जगह भाजपा से मिलकर चुनाव लड़ा है। राजस्थान में पेपर लीक के आरोपी कांग्रेस के कुछ नेताओं ने भाजपा से मिलभगत कर उपचुनाव लड़ा और भाजपा को जितवाया।

इस अवसर पर बेनीवाल ने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस को आप को समर्थन देना चाहिए। दिल्ली में कांग्रेस का वजूद नहीं है। चुनाव लड़ने से कांग्रेस को नुकसान होगा। उन्होंने जाट आरक्षण के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल के बयान का स्वागत किया और मोदी सरकार पर जाटों और किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया।

## इंटरपोल ने पहली बार जारी किया सिल्वर नोटिस

**नई दिल्ली @पत्रिका.** इंटरपोल ने पहली बार सिल्वर नोटिस जारी किया। यह सीमा पार धनशोधन का पता लगाने में मदद करेगा। यह एक पायलट प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसमें भारत सहित 52 देश शामिल है। इंटरपोल अलग-अलग रंगों के नोटिस जारी करता है। उसने इटली के अनुरोध पर पहला सिल्वर नोटिस जारी किया। इटली ने एक माफिया की संपत्तियों की जानकारी मांगी है।

## महाकुंभ में संतों के साथ बड़ी रणनीति बनाएगा विश्व हिंदू परिषद

### महाकुंभ में होने वाली केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की सबसे बड़ी बैठक में देश के हजारों संत करेंगे मंथन

नवनीत मिश्र
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्रयागराज में शुरू हो रहे महाकुंभ में विश्व हिंदू परिषद की ओर से सबसे बड़ी बैठक में हिंदू एकता के लिए बड़े अभियान पर मंथन होगा। कुल चार बड़ी बैठकों में देश के अलग अलग राज्यों के हजारों संत हिस्सा लेंगे। ये सभी बैठक कुंभ मेला क्षेत्र में ऋषि भारद्वाज आश्रम में आयोजित होंगे।

विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने बताया कि प्रयाग में महाकुंभ के पावन अवसर पर संपूर्ण विश्व की सनातन हिंदू परंपरा के लाखों संत एकत्रित होंगे। वे सनातन की विजय को सुनिश्चित करने और सनातन के सामने उपस्थित चुनौतियों का सामना करने के लिए परस्पर विमर्श करेंगे और समाज का मार्गदर्शन करेंगे। विहिप इस महाकुंभ में संतों का मार्गदर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए उनके आदेशानुसार कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

### संभल सहित ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा

**उत्तर प्रदेश** के संभल में गुमनाम मंदिरों की खोज सहित ज्वलंत मुद्दों पर विश्व हिंदू परिषद संतों के साथ मंथन करेगा। इसके अलावा काशी और मथुरा को लेकर भावी योजना भी तैयार होगी

- 4 बड़ी बैठक होगी
- 24 जनवरी- केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल बैठक
- 25 जनवरी-साध्वी सम्मेलन
- 25 व 26 जनवरी-संत सम्मेलन
- 27 जनवरी-युवा संत सम्मेलन

## बाड़मेर: दलित युवक को उलटा लटकाकर पीटा

बाइक चोरी का संदेह

### तीन गिरफ्तार, पीड़ित चोरी के मामले में जा चुका है जेल

**बाड़मेर @ पत्रिका .** गुड़ामालानी थाना क्षेत्र के मघा की ढाणी (खारवा) में बाइक चोरी के संदेह में एक दलित युवक को पेड़ पर उलटा लटका जमकर पिटाई की गई। शुक्रवार की बताई जा रही घटना का वीडियो शनिवार को वायरल हो गया। पुलिस ने मारपीट में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

### सख्त कार्रवाई करेंगे

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया या है। उनसे पूछताछ की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
**सुखराम विश्नोई,**
डिप्टी, गुड़ामालानी वृत्त



### 53 सेकेंड का वीडियो

**वायरल** वीडियो 53 सेकेंड का है। वीडियो में कुछ लोग दलित युवक श्रवण के पैर बांध पेड़ पर उलटा लटका पिटाई कर रहे हैं। युवक चिल्ला रहा है लेकिन वहां खड़े लोग उससे बाइक चोरी कबूल करवाते नजर आ रहे हैं। मामले में पुलिस ने इशराराम, भलाराम व वेलाराम को गिरफ्तार किया है। पीड़ित युवक पूर्व में चोरी व बलात्कार मामले में जेल में बंद था, जमानत मिलने वह बाहर आया है।

### 90 घंटे काम: क्वालिटी पर ध्यान देने की सलाह

## मेरी पत्नी बहुत अच्छी...उन्हें निहारते रहना अच्छा लगता है: आनन्द महिंद्रा

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** महिंद्रा ग्रुप के प्रमुख आनंद महिंद्रा ने एलएंडटी के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यम के '90 घंटे काम' वाले बयान पर चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि काम की क्वालिटी पर ध्यान देना चाहिए, न कि क्वांटिटी पर। उन्होंने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2025 में बातचीत के दौरान कहा कि चाहे आप 10 घंटे ही काम क्यों न करें, महत्वपूर्ण है कि आपका आउटपुट क्या है? उन्होंने सवाल उठाया, 'अगर आप 90 घंटे काम करते हैं, तो भी आपका काम अच्छा नहीं है, तो क्या फायदा?'

उन्होंने कहा, 'मुझसे अक्सर पूछा जाता है कि मैं सोशल मीडिया पर कितना समय बिताता हूं। मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि मैं एक्स या सोशल मीडिया पर इसलिए नहीं हूं क्योंकि मैं अकेला हूं। मेरी पत्नी बहुत अच्छी हैं, मुझे उन्हें निहारते रहना अच्छा लगता है। इसलिए, मैं यहां दोस्त बनाने नहीं आया हूं, मैं यहां इसलिए हूं क्योंकि सोशल मीडिया एक अद्भुत बिजनेस टूल है।'

### पेन डे बना 'पैन डे': एक-दूसरे की शर्ट पर संदेश लिखने की सजा

## प्रिंसिपल ने 80 छात्राओं को शर्ट उतरवाकर ब्लेजर में घर भेजा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**धनबाद.** झारखंड के धनबाद जिले में एक निजी स्कूल की प्रिंसिपल ने दसवीं की करीब 80 छात्राओं को शर्ट उतरवाए और सिर्फ ब्लेजर में घर भेज दिया। स्कूल की प्राचार्य छात्राओं द्वारा एक-दूसरे की शर्ट पर मैसेज लिखने से नाराज थीं। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। धनबाद की उपायुक्त (डीसी) माधवी मिश्रा ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह के एक प्रतिष्ठित स्कूल में हुई। अभिभावकों ने शिकायत में बताया कि 10वीं की छात्राएं परीक्षा देने के बाद एक-दूसरे की शर्ट पर शुभकामना संदेश लिखकर 'पेन डे' मना रही थीं। प्राचार्य ने इस पर आपत्ति जताई और छात्राओं से अपनी शर्ट उतारने को कहा, हालांकि छात्राओं ने माफी मांगी थी, लेकिन उन्होंने छात्राओं को सिर्फ ब्लेजर में घर जाने को मजबूर किया। मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। स्थानीय विधायक रागिनी सिंह ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक बताया।

## आइएमडी: शामिल नहीं होगा बांग्लादेश

**नई दिल्ली @पत्रिका.** भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में बांग्लादेश हिस्सा नहीं लेगा। बांग्लादेश के मौसम विभाग के निदेशक ने कहा, अनावश्यक यात्रा पर बैन के चलते नहीं आ सकते।

महंत ने दान में प्राप्त करने का किया दावा, पंचायत ने साध्वी बनी बालिका को वापस घर भेजा

# नाबालिग का संन्यास वापस, अखाड़े से महंत का निष्कासन

## दीक्षा के अनुरूप जीते जी पिंडदान भी करना था

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**महाकुंभनगर.** महाकुंभ के पहले स्नान से पूर्व जूना अखाड़े में 13 साल की राखी ने संन्यास लिया था। जूना अखाड़े के महंत कौशल गिरि ने नाबालिग को दीक्षा दिलाया था। संतों की पंचायत के बाद इस मामले में महंत कौशल गिरि को सात साल के लिए अखाड़े से निष्कासित कर दिया गया है।

शुक्रवार को रमता पंच की मौजूदगी में अखाड़े के शीर्ष पदाधिकारियों की पंचायत में यह निर्णय लिया गया। इस पंचायत में संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि, जूना अखाड़े के सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि, प्रवक्ता और दूधेश्वरनाथ पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि मेला प्रभारी मोहन भारती, सचिव महेश पुरी शामिल हुए। इसी के साथ साध्वी बनाई गई बालिका को घर भेजा दिया गया। वहीं, उसके माता-पिता का कहना था कि उनकी बेटी शुरू से साध्वी बनना चाहती थी।

**आइएएस बनना चाहती थी राखी** : राखी की मां ने पत्रकारों को बताया, ''कुंभ में लाने के बाद बच्ची ने कहा कि वह गुरु के साथ महामंडलेश्वर बनना चाहती है। मैंने कहा, जो तुम्हारी



आत्मा कहे, वही करो। हमारा कोई दबाव नहीं है। हमारी जो बच्ची के गुरु हैं, वो रिश्तेदारी के देवर हैं, इसलिए हमें इस बात की तसल्ली है कि हमने अपनी बच्ची को किसी और के पास नहीं भेजा।'' उन्होंने यह भी बताया कि राखी पढ़ने में काफी तेज है और उसका सपना आइएएस बनना है।

### आगरा की निवासी है नाबालिग

**दरअसल,** आगरा की रहने वाली राखी को जूना अखाड़े के महंत कौशल गिरि ने दान के रूप में प्राप्त करने का दावा करते हुए उसे साध्वी बना लिया था। जूना अखाड़े में बालिका साध्वी की वेशभूषा में नजर आई थी। बताया जा रहा था कि संन्यासिनी की इस पंचायत में संरक्षक श्रीमहंत हरि दीक्षा दिलाने के बाद महाकुंभ में धर्मध्वजा पर संस्कार कराया जाएगा। इसके बाद परंपरा के अनुसार बालिका के जीते जी पिंडदान कराने की भी बात की गई।

### प्रयागराज आए तो जागा वैराग्य

आगरा के पेठा व्यवसायी का परिवार दिसंबर में प्रयागराज घूमने आया था, तभी 13 वर्षीय राखी के मन में वैराग्य का भाव जागृत हो गया। राखी की जिद से उसके मां-बाप को गहरा झटका लगा, लेकिन वे उसे अपने फैसले को बदलने के लिए मजबूर नहीं कर सके। बेटी की जिद पर माता-पिता ने उसे जूना अखाड़े के महंत कौशलगिरि को दान कर दिया। संन्यास के बाद राखी का नया नाम गौरी गिरि महारानी रखा गया था।

## धरने पर बैठे एनएसयूआई के कार्यकर्ता



**पटना** में प्रतियोगी परीक्षा पेपर लीक सहित अन्य मांगों को लेकर बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन के खिलाफ धरने पर बैठे एनएसयूआई के कार्यकर्ता।

# गर्भवती महिला की ऑपरेशन के दौरान मौत, परिजनों का हंगामा

## आरोप लगाया कि रात दो बजे डॉक्टर ने 11 बोतल खून मंगाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**झांसी .** उत्तर प्रदेश में झांसी के एक निजी अस्पताल में एक गर्भवती महिला की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई। चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाकर मौत से गुस्साये परिजनों ने अस्पताल में जबरदस्त हंगामा मचाया। जानकारी के अनुसार सीपरी बाजार थाना के अयोध्यापुरी निवासी मुकेश राजपूत की गर्भवती पत्नी का इलाज चिरंजीव अस्पताल से चल रहा था। प्रसव पीड़ा होने पर गर्भवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में 10 बजे के आस पास उसे ऑपरेशन के लिए ले जाया गया। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के बाद महिला को लड़का पैदा हुआ, लेकिन रात में करीब दो बजे तक उसे ऑपरेशन थियेटर से बाहर नहीं लाया गया। इस बीच डॉक्टरों ने 11 बोतल खून की मंगायी और दो बजे के बाद उनसे कहा गया कि महिला की मौत हो गयी है।

**मौत की सूचना पर रिश्तेदार भी पहुंचे अस्पताल:** महिला की मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजन आक्रोश में आ गये और सुबह रिश्तेदारों सहित बड़ी संख्या में अस्पताल परिसर में एकत्र हो गये। इसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। हंगामा इतना बढ़ा कि पुलिस को आकर स्थिति को संभालना पड़ा। पुलिस ने परिजनों को समझाया उसके बाद परिजनों का आक्रोश शांत हुआ।

**टीम गठित, जांच शुरू :** पुलिस अधीक्षक-शहर ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकेश राजपूत ने डॉक्टरों पर गर्भवती पत्नी के इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। सीएमओ की टीम गठित कर मामले की जांच करायी जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुधाकर पांडेय ने कहा कि मामले का संज्ञान लिया है। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित की है।

# अयोध्या में 'अयोध्या' होने का अहसास अब मिला: योगी

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचे सीएम योगी, बोले-नए भारत का नया उत्तर प्रदेश

### पंजाब से दौड़ते हुए पहुंचे बालक को किया सम्मानित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अयोध्या.** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''आज अयोध्या के पास अपना हवाई अड्डा है। यहां की सड़कें त्रेतायुग का स्मरण कराती हैं। अब सरयूजी का जल सड़ता नहीं है। आज कहीं भी अयोध्या में अयोध्या होने का अहसास होता है। आज अयोध्या पहली सोलर सिटी बन चुकी है। ये नई अयोध्या है। ये नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। क्या ये अचानक हो गया? एक दिन में हो गया? नहीं। इसके लिए लाखों लोगों को त्याग देना पड़ा।''

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर अयोध्या पूरी तरह से सजी हुई है। इस मौके पर रामलला का पंचामृत अभिषेक किया गया और उन्हें पीतांबर वस्त्र पहनाए गए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी रामलला की पूजा कर महाआरती उतारी। इसके बाद सीएम योगी मंच पर पहुंचे, जहां चंपत राय, महंत धर्मदास के अलावा कई संत मौजूद थे। सीएम योगी ने पंजाब से अयोध्या दौड़ लगाकर अने वाले छह साल के मोहब्बत को पुरस्कार स्वरूप मोबाइल भेंट कर सम्मानित किया।



### 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करने पर बधाई



**सीएम योगी** ने संतों, भक्तों को प्रतिष्ठा द्वादशी की बधाई देते हुए कहा कि आज ही के दिन एक वर्ष पहले पीएम मोदी के हाथों से 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए श्री राम जन्मभूमि पर रामलला का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ था।'' उन्होंने कहा ''9 नवंबर 2019 को न्यायपालिका ने फैसला सुनाया कि अयोध्या में जहां पर विवादित ढांचा था, वह राम जन्मभूमि है। 5 अगस्त 2020 में इसी अयोध्या को पीएम मोदी ने रामलला के भव्य मंदिर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी ने रामलला को जन्मभूमि में प्रतिष्ठित कराने का काम किया।''

**'रोजाना 2 लाख श्रद्धालु आ रहे हैं अयोध्या' :** योगी ने कहा, ''प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पधार रहे हैं। एवरेज अयोध्या में प्रतिदिन करीब 2 लाख श्रद्धालु अयोध्या आ रहे हैं। किसी ने सोचा था कि 1 वर्ष पहले हमारा अयोध्या इसका अधिकारी है। पहले अयोध्या में बिजली भी नहीं मिलती थी। स्वच्छता का अता पता नहीं था।

**'हमारी तीन पीढ़ियां राम मंदिर आंदोलन से जुड़ी रहीं' :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''राम मंदिर एक ऐसा आंदोलन था, जो 500 वर्षों तक चला। जिस भाषा में शासन तंत्र समझाता था, उस भाषा में उसे समझाया गया। हम सबका मन भावुक हो जाता है, जब पूरे इतिहास को देखते हैं। आज परिणाम देखकर लगता है कि हम सब सौभाग्यशाली हैं।

सिपाही, मेडिकल, क्लर्क परीक्षा के पेपर लीक का आरोप

# बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे छात्रों के समर्थन में बिहार बंद: पप्पू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहार में पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) रद्द करने की मांग कर रहे छात्रों के समर्थन में 12 जनवरी को बिहार बंद का आह्वान किया है।

यादव ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि बीपीएससी मुद्दा नहीं है। मुद्दा है देश की परीक्षाओं का पेपर लीक होना। आज बीपीएससी, कल सिपाही भर्ती, परसों क्लर्क परीक्षा, तरसों मेडिकल परीक्षा का पेपर लीक होना। हाल-फिलहाल में ही मेडिकल परीक्षा से संबंधित कागजात और जले एडमिट कार्ड जनता दल यूनाईटेड (जदयू) विधायक के भतीजे के कमरे से मिले हैं। जो भी पेपर लीक हो रहा है, चाहे वो संजीव मुखिया हो या कोई परीक्षा माफिया हो, माफियाओं का रिश्ता किसी न किसी बड़े नेताओं या उनके रिश्तेदारों से रहा है।

### रावण, ओवैसी और बेनीवाल का समर्थन



यादव ने कहा कि भविष्य के सभी परीक्षाओं में बच्चों को भविष्य को बर्बाद करने की साजिश रची जा रही है। बिना सरकार और पदाधिकारी के मिलीभगत से पेपरलीक नहीं हो सकता है। इसलिए हम लोग, चंद्रशेखर रावण की पार्टी, ओवैसी की पार्टी और राजस्थान के सांसद हनुमान बेनीवाल ने समर्थन का निर्णय लिया है। 31 मार्च से जो सदन चलेगा, उसमें हम लोग नहीं चलने देंगे। हम लोग चाहेंगे कि सदन में इसकी व्यापक चर्चा हो। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल है कि देश में पेपर लीक कब बंद होगा। आर्थिक रुप से कमजोर लोग खेत बेचकर बच्चों को पढ़ाते हैं, क्या उनका सपना पूरा नहीं होगा।

## बैंकों की ऋण अदायगी नहीं करने वाले 15 बकायेदार गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भागलपुर.** जिले में विभिन्न बैंकों से लिए गये ऋण के विरुद्ध लंबे समय से ऋण अदायगी नहीं करने वाले 15 बकायेदारों को गिरफ्तार किया गया है।

इस सिलसिले में लंबित नीलाम पत्र निष्पादन के लिये सभी बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई की जा रही हैं। भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल चौधरी ने गत दिनों सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी को बड़े बकायेदारों के विरुद्ध बॉडी वारंट एवं कुर्की जब्ती का आदेश जारी कर संबंधित थाना के माध्यम से कार्रवाई करते हुए राशि जमा करवाने का आदेश जारी किया है। इस मामले में हाल में ऐसे 90 नीलाम पत्र वाद का निष्पादन किया है, जिसके विरुद्ध गिरफ्तारी एवं कुर्की जब्ती आदेश जारी किया गया है। ऐसे 15 बकायेदारों को गिरफ्तार किया गया है।

एम्स के निर्माण से मरीजों को मिलेगी सुविधा

# अंतर्राज्यीय बस पड़ाव के रूप में विकसित होगा दरभंगा बस अड्डा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना/दरभंगा.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा के दिल्ली मोड़ स्थित बस अड्डे को अंतर्राज्यीय बस अड्डे के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की।

कुमार ने शनिवार को दरभंगा में प्रगति यात्रा के दौरान घोषणा करते हुए कहा कि दिल्ली मोड़ स्थित बस अड्डे को अंतर्राज्यीय बस पड़ाव के रूप में विकसित किया जायेगा। इससे दरभंगा हवाईअड्डा के लिए आस-पास के जिलों से आने-जाने वाले यात्रियों के अलावा शोभन में प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निर्माण के बाद इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा स्थित गंगासागर, हड़ाही एवं दिग्घी तालाब का सौंदर्गीकरण तथा तीनों तालाबों का एकीकृत कर विकास किया जायेगा।



**अधिकारियों को निदेश दिए:** उन्होंने कहा, ''मैंने दरभंगा शहर के दोनार चौक के पास आरओबी निर्माण के स्थल का निरीक्षण किया है। अधिकारियों को निदेश दिया गया है कि इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें।'' कुमार ने कहा कि दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल तक दरभंगा-आमस हाईवे से एलिवेटेड रोड की सम्पर्कता प्रदान की जायेगी। शोभन बाईपास को फोरलेन पथ के रूप में विकसित किए जाने, असमा पुल (कुशेश्वर स्थान पूर्वी प्रखंड) के पास से राजकीय राजमार्ग (एसएच)-56 तक बाईपास का निर्माण कराये जाने की घोषणा की।

हत्या और लूट में शामिल बदमाशों से नकदी बरामद

# संगीन वारदातों में शामिल आठ शातिरों को पुलिस ने दबोचा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सहारनपुर.** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में तीन संगीन आपराधिक वारदात का पुलिस ने एक ही दिन में खुलासा कर आठ बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि गागलहेड़ी कस्बे में सुरेश राणा हत्याकांड में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त विकास उर्फ विक्की पुत्र प्रदीप कुमार निवासी कैथल हरियाणा ने बताया कि सुरेश की हत्या लाखों रूपयों के संपत्ति विवाद में की गई है। मुख्य आरोपी प्रमोद उर्फ रामकरण वारदात से पहले मलेशिया चला गया और उसने वहीं से बैठकर 2 जनवरी की रात को इस वारदात को कराया।

इस हत्याकांड में दो शूटर सीपी गड्डू और सोमवीर उर्फ मोनू शामिल थे। जिन्होंने पिस्टल से सुरेश राणा की घर में घुसकर हत्या की थी जबकि विक्की अपने एक अन्य साथी के साथ सुरेश के बाहर खड़ा था।

### सोमवीर और गट्टू पर 25-25 हजार इनाम घोषित

**एसपी देहात** ने कहा कि फरार प्रमोद उर्फ रामकरण सीपी सोमवीर और गड्डू 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया है। एसपी ने बताया कि बेहट पुलिस ने फाइनेंस कंपनी में लूट की वारदात करने में शामिल एक बदमाश शावेज पुत्र इमरान थाना झिंझाना शामली को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि 29 नवंबर 2024 की रात्रि में कस्बा बेहट में बदमाशों ने भारत फाइनेंस कंपनी से एक लाख 74 हजार रूपए लूट लिए थे। अन्य बदमाश फरार हैं। उधर फतेहपुर इलाके में हलवाना रोड़ पर आठ जनवरी की रात बाइक सवार को लूटने की वारदात में शामिल आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से लूटी गई रकम बरामद की गई है।

## हत्यारे भाइयों को आजीवन कारावास

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**प्रतापगढ़.** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले की अपर सत्र न्यायाधीश एडीजे प्रथम ममता गुप्ता ने हत्या मामले में दोषी पाये जाने के बाद दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। इन पर 50-50 हजार रूपये का अर्थ दण्ड भी लगाया गया है।

वादी शिव कुमारी लाला निवासी पुरवा थाना जेठवारा के मुताबिक 20 जून 2010 की रात में उस के पति श्याम लाल घर के सामने चारपायी पर सो रहे थे। उसी रात एक बाइक आ क़र रुकी और बाइक सवार राजेश ने उसके पति के गले में गोली मार क़र हत्या कर दी थी। बाद में अपने भाई सुरेश के साथ फरार हो गया।

# पुलिस कांस्टेबल की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से हुई मौत

## बाइक से ड्यूटी पर जाते समय हुआ हादसा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**शाहजहांपुर.** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को बाइक से ड्यूटी जा रहे पुलिस कर्मी की चाइनीज मांझे से गर्दन कटकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने घटना की जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने शनिवार को बताया कि पुलिस लाइन में तैनात शाहरुख हसन (25) बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे तभी कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज में चाइनीज माझा उनकी गर्दन में फंस गया जिससे उनकी गर्दन में गहरा जख्म हो गया और जमीन पर गिर गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल कांस्टेबल को मेडिकल कालेज उपचार के लिए ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि कांस्टेबल शाहरुख हसन की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से मौत की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे। मृतक कांस्टेबल अमरोहा के रहने वाले है।इस समय पुलिस लाइन में तैनात थे। गौरतलब है कि चाइनीज मांझे पर पहले से ही पूर्णतया प्रतिबंध लगा है।

# बिहार को लूटने वाले अब दिल्ली के लुटेरों का बचाव कर मौसेरे भाई बन रहे हैं: सम्राट चौधरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने राजद और आम आदमी पार्टी में मौसेरे भाई वाला रिश्ता बताते हुये आरोप लगाया कि जैसे राजद और लालू परिवार ने बिहार को लूटा, उसी तरह आम आदमी पार्टी और इसके संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को लूटा है।

चौधरी ने कहा कि दिल्ली में बसे बिहार-यूपी के लाखों लोगों को फर्जी वोटर बता कर उनकी तुलना रोहिंग्या-बांग्लादेशी घुसपैठियों से करना दो प्रदेशों का अपमान है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के शर्मनाक बयान की निंदा करने के बजाए राजद उसका बचाव कर रहा है।

उप मुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि केजरीवाल पहले भी बिहार के लोगों से अपनी नफरत जाहिर कर चुके हैं। मुख्यमंत्री रहते हुए केजरीवाल ने कभी दिल्ली की गंदगी के लिए बिहारियों को बदनाम किया, तो कभी मुफ्तखोर बताया। उन्होंने याद दिलाया कि केजरीवाल ने ही यह शर्मनाक बयान दिया था कि बिहार के लोग 500 रुपये का टिकट कटा कर दिल्ली आ जाते हैं और पांच लाख का फ्री इलाज करा कर चले जाते हैं। वे बतायें कि क्या दिल्ली पर बिहार के लोगों का कोई हक नहीं हैं? क्या यह राज्य भारत का हिस्सा नहीं हैं?

### रोबोट सीएम से चला रहे सरकार

**चौधरी** ने कहा कि कट्टर ईमानदार की छवि भुनाकर चुनाव जीतने वाले केजरीवाल ने सत्ता मिलते ही अन्ना हजारे की जगह लालू प्रसाद को अपना हीरो बना लिया और मोहल्ला क्लीनिक से लेकर शराब घोटालों तक पैसे बनाते रहे। केजरीवाल भी लालू की तरह जमानत पर हैं और रोबोट सीएम से सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी महिला को सत्ता में बैठाकर कोई पावर नहीं देना और सरकार की मुख्य घोषणायें पार्टी के संयोजक का स्वयं करना लोकतंत्र का उपहास है।

## स्वर्ण व्यवसायी से 32 लाख लूटने वाला थाना प्रभारी गिरफ्तार

**छपरा @ पत्रिका.** सारण के मकेर थाना क्षेत्र में व्यवसाई से रूपए छीनने वाले थाना प्रभारी रवि रंजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ.कुमार आशीष ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ला निवासी व्यवसायी रोहन कुमार अपनी निजी गाड़ी में दो बैग में 64 लाख रुपए लेकर जा रहा था। वाहन जांच के दौरान मकेर थाना प्रभारी ने रेवाघाट पुल के एक किलोमीटर पहले उसके वाहन की जांचकर एक बैग में रखा 32 लाख रुपए उससे छीन लिया और मारपीट कर उसे भगा दिया। पीड़ित व्यवसाई के सूचना देने पर इस मामले की जांच करायी गयी। थाना प्रभारी व वाहन चालक की पहचान व्यवासायी से कराने के बाद थाना प्रभारी रवि रंजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जबकि वाहन चालक अनिल कुमार सिंह फरार हो गया है।

दस्तावेजों में हेरफेर कर अपहृत को बालिग बताया

# अपहरण के तथ्यों से छेड़छाड़ पड़ी भारी, एसआई के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**महोबा.** उत्तर प्रदेश में महोबा के सदर कोतवाली क्षेत्र में तैनात एक पुलिस उप निरीक्षक पर अपहरण से जुड़े एक मामले में तथ्यों से छेड़छाड़ करने और दोषपूर्ण कार्रवाई के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। कोर्ट के आदेश पर दर्ज किये गए इस मुकदमे में दो अन्य को भी आरोपी बनाया गया है।

पुलिस उप अधीक्षक दीपक दुबे ने बताया कि सुभाष चौकी क्षेत्र में 18 अप्रैल 2024 की घटना में एक किशोरी को अगवा किये जाने का मामला सामने आया था।

# इनामी बदमाश व दो पशु तस्करों को मुठभेड़ में दबोचा

## तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस और नकदी बरामद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कुशीनगर.** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जनपद में शनिवार को तीन थानों की संयुक्त पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी बदमाश और दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना तमकुहीराज से गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमें में वांछित व 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश अपने साथी के साथ गौतस्करी के मुकदमें में वांछित है, के साथ एक लग्जरी वाहन में कुछ अवैध असलहों से साथ कसया राष्ट्रीय राजमार्ग 28 के रास्ते गोपालगंज बिहार की तरफ जा रहा है।

इस दौरान पुलिस टीम ने कार को रोकने का प्रयास किया तो वाहन में सवार व्यक्तियों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर किया।

### लग्जरी कार से करते थे एस्कार्ट

**गिरफ्तार** बदमाशों ने बताया कि वह लोग दूर के जनपदों से पशुओं को लादकर बिहार ले जाने वाले गाड़ियों के आगे-आगे लाइनर के रुप में लग्जरी वाहन से चलते है ताकि पुलिस की नजरों से बच सके तथा गाड़ियों को पास करा सकें। घायल व गिरफ्तार अभियुक्तों में परवेज कुशीनगर निवासी 25 हजार रूपए का इनामी बदमाश है।

## सड़क किनारे लावारिस मिला व्यवसायी का रक्तरंजित शव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अमेठी.** उत्तर प्रदेश में अमेठी के गौरीगंज थाने मे एक व्यवसायी का रक्त रंजित शव शनिवार सुबह मिलने से क्षेत्र में हडकंप मच गया।

जानकारी के अनुसार जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र के सभावतपुर बन्ना टीकर के पास हरिओम अग्रहरी जनपद अमेठी का शव पड़ा मिला। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। सुबह जब ग्रामीण निकले तो शव देख कर दंग रह गए। देखते ही देखते भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस को शव के पास खून से सने दो चाकू भी मिले है। आशंका जताई जा रही है कि हत्यारे चाकुओं से गला रेत कर वारदात को अंजाम दिया है।

**महाकुंभ:** साधु संतों का दावा, मेला क्षेत्र में अखाड़े लगाने का काम नहीं हुआ पूरा

# अधूरी तैयारियों के बीच होगा 'मौनी अमावस्या' और 'मकर संक्रांति' स्नान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**महाकुंभनगर.** पौष पूर्णिमा को पहला और मकर संक्रांति का दूसरा स्नान पर्व, पतित पावनी गंगा, श्यामल यमुना और अन्त: सलिला स्वरूप में प्रवाहित सरस्वती के तट पर आयोजित होने वाले दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ मेले में पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति का स्नान श्रद्धालुओं को आधी-अधूरी तैयारियों और अव्यवस्थाओं के बीच ही आस्था की डुबकी लगानी होगी।

महाकुंभ मेला-2025 में 13 जनवरी को ''पौष पूर्णिमा और 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पहला और दूसरा स्नान पर्व है। मेला क्षेत्र में पहुंच रहे साधु-संत का कहना है कि मेला अधिकारियों का दावा खोखला साबित हो रहा है। मेला शुरू होने में 48 घंटे शेष है जबकि मेले में अभी भी बसावट की पूरी तैयारी नहीं हुई है। झूंसी क्षेत्र में कुछ क्षेत्रों में भी बसावट नहीं हुई है। जबकि यहां के सरकारी कार्यालयों व उनके अखाड़े सज गए है।




### बिजली, पानी और शौचालयों की समस्या

श्रद्धालुओं की बडी शिकायत यह है कि मेले में अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। सलौरी क्षेत्र में पूरी बसावट ही नहीं हुई है। वहां अभी तक जमीनों का समतलीकरण किया जा रहा है। लोअर संगम क्षेत्र में जहां शिविर लग गए हैं वहां बिजली, पानी और शौचालयों की समस्या हैं।

### महाकुंभ की खिल्ली उड़ा रहा प्रशासन

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा बनाम शाही मस्जिद ईदगाह विवाद के पक्षकार आशुतोष पांडेय का शिविर लोअर संगम मार्ग पर है और उन्हें दो दिन पहले शिविर के लिए जमीन मिली है। उनके भक्त शशांक सक्सेना ने बताया कि सरकार के दिव्य, भव्य और नव्य कुंभ की महिमा मंडन का प्रशासन खिल्ली उडा रहा है। वह बात सुनने को तैयार नहीं रहता। जमीनों के आवंटन और मनमानी की जा रही है।

**कार्यालय नगर पंचायत पथरिया, जिला- मुंगेली (छ.ग.)**

EMAIL ID - nppatharia13@gmail.com

क्रमांक 900/लो.नि.वि./न.पं./2024-25 पथरिया, दिनांक 10/01/2025

// ई–निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 164232 | Design, Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Pathariya under SBM 2.0. | INR 330.07 Lakh | INR1.65 Lakh (Rupees One Lakh Sixty Five Thousand only) TDR/FDR in favour of Chief Municipal Officer, Nagar Panchayat Pathariya | Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of Chief Municipal Officer, Nagar Panchayat Pathariya | Construction Period -15 months (including rainy season) + 03 months of trial run (from the date of issuing of Work Order | 03.02.2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पथरिया
जिला–मुंगेली (छ.ग.)

## वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत


**सियाणा @ पत्रिका.** सियाणा-आकोली मुख्य मार्ग पर एक मोटर साइकिल चालक को अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई अरुण कुमार भट्ट ने बागरा थाने में रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसका बड़ा भाई प्रवीण कुमार (35) मोटर साइकिल से आकोली से सियाणा आ रहा था। रास्ते में हादसा हो गया।

## ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद: घनश्यामलाल स्वर्णकार

शुभ वि. सं: 2081
संवत्सर का नाम: कालयुक्त
शाके सम्वत: 1946
हिजरी सम्वत: 1446
मु. मास: रज्जब-11
अयन: उत्तरायण
ऋतु: शिशिर
मास: पौष
पक्ष: शुक्ल

रविवार, 12 जनवरी, 2025
सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िए** आज प्रात: 08-40 से दोपहर 12-15 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत तथा दोपहर बाद 01-53 से अपराह्न 03-12 तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-14 से दोपहर 12-56 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**तिथि** चतुर्दशी रिक्ता संज्ञक तिथि अन्तरात सूर्योदय पूर्व प्रात: 5-03 तक, तदन्तर पूर्णिमा तिथि प्रारम्भ हो जायेगी। चतुर्दशी तिथि में अग्नि विषादिक असद कार्य, बन्धन, शस्त्रादि दूषित कार्य करने योग्य हैं। शुभ कार्य वर्जित हैं। चतुर्दशी में क्षौर व यात्रा वर्जित है।

**नक्षत्र** मृगशिर ''मृदु व तिर्ङ्यमुख'' संज्ञक नक्षत्र पूर्वाह्न 11-25 तक, तदन्तर आर्द्रा ''तीक्ष्ण व ऊर्ध्वमुख'' संज्ञक नक्षत्र है। मृगशिर नक्षत्र में विवाह, यज्ञोपवीत, यात्रा, देव प्रतिष्ठा, वास्तु आदि विषयक कार्य करने योग्य हैं। पर अभी मलमास में शुभ कार्यादि वर्जित हैं। आर्द्रा नक्षत्र में मांगलिक कार्य शुभ नहीं कहे गए हैं।

| योग | विशिष्ट योग | करण |
| --- | --- | --- |
| ब्रह्म नामक नैसर्गिक शुभ योग प्रात: 9-09 तक, तदन्तर ऐन्द्र नामक योग अन्तरात 6-44 तक व इसके बाद वैधृति नामक बाधा कारक योग होगा। वैधृति योग में सभी शुभ कार्यादि वर्जित हैं। | रवियोग नामक दोष समूह नाशक शक्तिशाली शुभ योग पूर्वाह्न 11-25 से प्रारम्भ दिवारात्रि। | गर नामकरण सायं 5-48 तक, तदन्तर वणिज नामकरण अंतरात सूर्योदय पूर्व 5-03 तक व इसके बाद भद्रा प्रारम्भ हो जायेगी। |

**व्रतोत्सव** स्वामी विवेकानंद जयन्ती तथा राष्ट्रीय युवा दिवस है।
**चन्द्रमा:** चन्द्रमा मिथुन राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि है।

**ग्रह राशि नक्षत्र परिवर्तन:** मंगल वक्री पुनर्वसु के चतुर्थ चरण में रात्रि 12-17 पर तथा राहु उ.भा. नक्षत्र के प्रथम चरण में व केतु उ.फा. नक्षत्र के तृतीय चरण में रात्रि 12-06 से।

**दिशाशूल:** रविवार को पश्चिम दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। पर आज मिथुन राशि के चन्द्रमा का वास पश्चिम दिशा की यात्रा में सम्मुख होगा, यात्रा में सम्मुख चन्द्रमा को लाभदायक व शुभप्रद माना जाता है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): सायं 4-30 बजे से सायं 6-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

सोमवार-13,जनवरी: पौषी पूर्णिमा, सत्यव्रत, माघ स्नान प्रारम्भ, शाकम्भरी देवी नवरात्रा समाप्त व शाकम्भरी प्राकट्य महोत्सव, उदयपुरवाटी, झुंझुनूं (राजस्थान में) वैधृति पुण्यं, लोहड़ी महोत्सव (पंजाब, हरियाणा व जम्मू काश्मीर में) तथा भोगी (दक्षिण भारत में)।

मंगलवार-14 ,जनवरी: माघ संक्रांति, सूर्य मकर राशि में प्रवेश प्रात: 8-55 पर, पुण्यकाल सूर्योदय से, सम्पूर्ण दिन, मकर संक्रान्ति पर्व, कुम्भ महापर्व, प्रथम शाही स्नान प्रयागराज, गंगा सागर स्नान व यात्रा, धनु का मलमास समाप्त, पोंगल (दक्षिण भारत में), माघ बिहु (आसाम में) तथा जन्मदिन हजरत अली (मु.)।

बुधवार-15,जनवरी: थल सेना दिवस तथा गंडमूल प्रारम्भ प्रात: 10-28 से।

गुरुवार-16,जनवरी: सौभाग्य सुन्दरी व्रत तथा गंडमूल सम्पूर्ण दिवारात्रि।

शुक्रवार-17,जनवरी: संकष्ट चतुर्थी व तिलकुटा चौथ व्रत (चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 9-18 पर) तथा गंडमूल दोपहर 12-45 तक।

रविवार-19,जनवरी: बुधास्त पूर्व में अंतरात 5-43 तथा सायन कुम्भ में सूर्य रात्रि 1-30 से।

**शुभ कार्यारम्भ मुहूर्त** **शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज किसी शुभ व मांगलिक कार्यादि के शुभ व शुद्ध मुहूर्त नहीं हैं।

मंगलवार-14,जनवरी: आठवाँ पूजन, पुंसवन व सीमन्त कर्म सभी पुष्य नक्षत्र में।

बुधवार-15,जनवरी: जनेऊ, गृहारंभ, गृहप्रवेश, देवप्रतिष्ठा, विपणि व्यापारारम्भ, वाहनादि क्रय, जलवा, मुण्डन, जडूला, राज. सेवा प्रा., पदादि ग्रहण करना, बोरिंग, कूपखनन आदि सभी पुष्य नक्षत्र में।

गुरुवार-16,जनवरी: यज्ञोपवीत अश्लेषा में तथा विवाह, सगाई व रोका, कूपखनन व बोरिंग करवाना मघा नक्षत्र में।

शुक्रवार-17,जनवरी: विवाह मघा में व रोका-सगाई आदि मघा व पूर्वाफाल्गुनी में।

शनिवार-18,जनवरी: विवाह उ.फा. में व सगाई-रोका आदि पूर्वाफाल्गुनी व उत्तराफाल्गुनी में।

रविवार-19,जनवरी: विवाह (दिवालग्न), देवप्रतिष्ठा, विपणि-व्यापारारम्भ, सगाई-रोका, राजकीय सेवा प्रारम्भ व पदग्रहण करना, जनेऊ (केतु युति दोष) सभी उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में तथा विवाह का (राहुवेध दोषयुक्त) हस्त नक्षत्र में शुभ मुहूर्त है।

**वारकृत्य कार्य** रविवार को सामान्यरूप से राज्याभिषेक, उत्सव (गाना-बजाना), नई सवारी (वायुयान आदि) का प्रयोग, यात्रा, नौकरी, पशु क्रय-विक्रय, सोना, ताम्बा, ऊन-काष्ठ सम्बन्धी कार्य, औषध व जड़ी-बूटी आदि का संग्रह व प्रयोग, शिक्षा-दीक्षा, लेना-देना, अस्त्र-शस्त्र व अग्नि सम्बन्धी कार्य, न्यायिक परामर्श तथा यज्ञादि मन्त्रोपदेश आदि कार्य करने योग्य हैं।

### आज जन्म लेने वाले बच्चे

आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (कि, कू, घ, ङ, छ) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्मराशि मिथुन है। मिथुन राशि के स्वामी बुध हैं। पूर्वाह्न 11-25 तक जन्मे जातकों का जन्म स्वर्णपाद से व इसके बाद जन्मे जातकों का जन्म रजतपाद से है। सामान्यत: ये जातक नम्र स्वभाव वाले, साहसी, बुद्धिमान, खर्चा अधिक करने वाले, विचलित मन मस्तिष्क वाले, आडम्बरी और धार्मिक कार्यों का व्यर्थ प्रदर्शन करते रहने वाले होते हैं। इनका भाग्योदय 28 वर्ष की आयु के बाद प्राय: होता है। मिथुन राशि वाले जातकों का राशि स्वामी बुध सूर्य के साथ सप्तम में है। कार्य व्यवसाय-काम-धन्धे में लाभ मार्ग प्रशस्त होगा।

**जोधपुर : घरेलू सिलेंडरों से ऑटो में भरी जा रही थी गैस, लीकेज से हादसा, तीन दमकलों ने काबू पाया**

# गैस की अवैध रिफिलिंग करते दुकान में आग, कॉलोनी में हड़कंप


सांसी कॉलोनी की दुकान में आग से उठती लपटें और पास खड़ा ऑटो।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर.** रातानाडा की सांसी कॉलोनी में एक दुकान पर गैस की अवैध रिफिलिंग के दौरान लीकेज से आग लग गई। तेज लपटें उठने और दुकान में घरेलू गैस के भरे सिलेण्डर होने से कॉलोनी में हड़कम्प मच गया। पास में एक अन्य दुकान भी चपेट में आई। क्षेत्रवासियों व नगर निगम की तीन दमकलों ने समय रहते आग पर काबू पाया, अन्यथा गैस सिलेण्डरों के चपेट में आने से बड़ा हादसा हो सकता था।

पुलिस व अग्निशमन सूत्रों के अनुसार कॉलोनी में कॉर्नर पर दुकान है, जहां देर शाम बाहर घरेलू सिलेंडरों से ऑटो रिक्शा में गैस की अवैध रिफिलिंग की जा रही थी। इस दौरान गैस लीकेज हो गई। पास ही चिंगारी से आग लग गई। गैस से भरा सिलेण्डर आग की लपटों से घिर गया। वहां रखे सामान के चपेट में आने से कुछ ही पलों में आग भीषण हो गई। शास्त्रीनगर अग्निशमन केन्द्र से दो व बासनी से एक दमकल मौके पर पहुंची तथा कुछ ही देर में आग पर काबू पाया। एयरपोर्ट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली।

### सात सिलेंडर जब्त

जिला रसद विभाग के अधिकारी घटनास्थल पहुंचे और जांच की। इस दौरान गैस के सात सिलेण्डर पाए गए। अधिकांश घरेलू गैस के हैं। गैस से भरा एक जला सिलेण्डर भी जब्त किया है। इस संबंध में देर रात तक मामला दर्ज नहीं किया। आग लगने से कुछ देर पहले पुलिस ने सांसी बस्ती में एक जगह दबिश देकर गैस की अवैध रिफिलिंग पकड़ी थी। मौके से दो सिलेण्डर जब्त किए गए हैं।

आग लगने के दौरान घरेलू गैस सिलेण्डरों से अवैध रिफिलिंग की जा रही थी। दमकलकर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पाया।
**-जलज घसिया,** मुख्य अग्निशमन अधिकारी

**लम्पी वायरस के बाद गोवंश की वास्तविक स्थिति आएगी सामने**

# प्रदेश में 21वीं पशुगणना शुरू, पहली बार बेसहारा मवेशियों को भी गिना जाएगा

**सिरोही.** जिले में पशुगणना आखिर शुरू हो ही गई। प्रगणकों की आईडी और पासवर्ड नहीं होने के कारण इस बार पशुगणना में देरी हुई है। प्रदेश में पांच वर्ष बाद पशुगणना 2024 में एक सितंबर से शुरू होनी थी और 31 दिसंबर तक इसे पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसके लिए केन्द्र सरकार की ओर से एनिमल सेंसेस नामक सॉफ्टवेयर तैयार करवाया गया। उक्त सॉफ्टवेयर में डाटा इन्द्राज करने के लिए प्रगणक को आईडी और पासवर्ड दिया जाना था, लेकिन मुख्यालय से आईडी और पासवर्ड मिलने में देरी होने के कारण गत दिनों पशुगणना शुरू की गई है। प्रगणक व सुपरवाइजर आदि पशुगणना के दौरान उक्त सॉफ्टवेयर में पशुओं की कैटेगरी के अनुसार उनकी संख्या सहित अन्य जानकारियां इन्द्राज कर रहे हैं। पशुपालन विभाग के अनुसार इस बार मुर्गे-मुर्गी, पालतू गाय, भैंस, बकरी, ऊंट, गधे, श्वान के साथ ही बेसहारा गोवंश व अन्य मवेशियों की भी गणना की जा रही है। साथ ही जिले की सभी गोशालाओं, पोल्ट्री फॉर्म, स्लोहट हाउस, निजी फार्म हाउस में रहने वाले पशु-पक्षियों की गणना की जाएगी। इससे जिले की वास्तविक पशुओं की गणना सामने आ सकेगी। प्रदेश में गत वर्षों में गोवंश के लंपी वायरस की चपेट में आने से सैकड़ों गोवंश की मौत हो गई थी और हजारों इसकी चपेट में आ गए थे। ऐसे में पशुगणना से अब गोवंश की वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी। ऊंटों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। इनके संरक्षण के लिए प्रयास किए जा सकेंगे।



**20वीं पशुगणना के अनुसार मवेशियों की संख्या**

| | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| गाय | 205103 | भेड़ | 154465 | ऊंट | 3589 |
| भैंस | 211105 | बकरी | 352535 | सूअर | 74 |

### यह जानकारी देनी होगी

- पशुपालन के लिए पूर्व में ली गई वित्तीय सहायता के बारे में बताना होगा।
- भूमि व पशुपालन में काम आने वाले उपकरणों की संख्या होगी अंकित।
- टैग शुदा व बिना टैग वाले पशुओं की अलग-अलग देनी होगी जानकारी।

### पहली बार जीपीएस के आधार पर गणना

प्रदेश में पहली बार पशु गणना के लिए लाइव स्टॉक सेंसस नाम से सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। पहली बार पशुगणना में नस्लवार व जीपीएस के आधार पर की जा रही है। इस बार पशुपालकों की आर्थिक स्थिति तथा शिक्षा की जानकारी भी दर्ज की जाएगी। इसके लिए बने ऐप को जीपीएस सिस्टम से जोड़ा गया है। गणना की विभिन्न स्तर पर मॉनिटरिंग भी की जानी है। ग्रामीण क्षेत्र में 64 प्रगणक व 15 पर्यवेक्षक व शहरी के लिए 15 प्रगणक व 2 पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। इन प्रगणकों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। राष्ट्रीय पशु गणना में पशुओं की 16 प्रजातियों को शामिल किया गया है। हर प्रजाति की अलग-अलग गणना होगी।

**किसान कांग्रेस की बैठक**

## 'नागौर में किसानों के साथ मारपीट निंदनीय'


किसान कांग्रेस की बैठक में उपस्थित नेता। पत्रिका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जैसलमेर.** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के किसान विभाग की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के किसान विभाग के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान के प्रभारी सतवीर यादव ने कहा की नागौर में किसानों के साथ की गई मारपीट निंदनीय हैं। उन्होंने केंद्र सरकार के साथ ही राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि किसान कांग्रेस हर समय किसानों के साथ खड़ी रहेगी।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी किसान कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शिवभगवान नागा ने कहा कि जागृति यात्रा के तहत राज्य के अन्य जिलों के साथ जैसलमेर के किसानों की पीड़ा सुनकर ऐसा लगता है कि राज्य में सरकार किसानों की अनदेखी कर उनके सपनों पर कुठाराघात कर रही हैं। राज्य में निर्दयता के साथ किसानों के साथ मारपीट, नहरों में पानी की कमी, विद्युत आपूर्ति की कमी, पहले डीएपी और वर्तमान में यूरिया की कमी सहित और भी ऐसी कई समस्याएं हैं, जिनका खामियाजा किसानों को भुगताना पड़ रहा है। हिमांशु शर्मा, उप जिला प्रमुख डॉ. भूपेंद्र बारूपाल व पूर्व प्रधान लखसिंह भाटी ने जिले के किसानों की समस्याओं से अवगत करवाया।

## प्रयागराज के लिए रवाना हुए संत, एक माह रहेगा प्रवास


कस्बे से महाकुंभ के लिए संतों को विदा करते ग्रामीण। पत्रिका

**भाद्राजून.** कस्बे से संतजनों ने जयकारों के बीच प्रयागराज महाकुंभ के लिए प्रस्थान किया। संतों के वाहनों को श्रीराम सर्किल से स्थानीय ग्रामीणों ने गाजेबाजे के साथ विदा किया। महामंडलेश्वर संतोष भारती महाराज जूना अखाड़ा वाराणसी ने बताया कि कुंभ में एक माह का प्रवास होगा।

इस दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रयागराज में 12 साल के अंतराल में होने वाला कुंभ भव्यता से मनाया जाएगा। इस प्राचीन धर्म परंपरा की सुगंध विदेशों तक जाएगी। देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने इस कुंभ को और अधिक भव्यता प्रदान की है। महामंडलेश्वर ने कहा कि कुंभ में 144 साल के बाद महास्नान पर्व आया है। यह इसलिए विशेष है कि स्नान पर्व पर अमावस्या तिथि है। जो कि कई दशक के बाद आई है।

इस महास्नान करने पर विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस दौरान थांवला महंत सुखदेव भारती महाराज, महंत रमेश भारती महाराज शाणेश्वर मठ, थानापति रामानन्द भारती जूना अखाड़ा ने कहा की संत-महंत प्रयाग महाकुंभ में एक माह 13 जनवरी से 12 फरवरी तक प्रवास करेंगे। इसमें संत, महंत अपनी धर्म परंपराओं का निर्वाह करने के साथ ही साधना की जाएगी।

**कसूम्बी के पृथ्वीराज की सड़क हादसे में हुई मौत**

## आर्मी जवान का सैन्य समान से हुआ अंतिम संस्कार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जसवंतगढ़.** समीप के कसूम्बी गांव में शुक्रवार को आर्मी जवान का सैन्य समान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। आर्मी जवान पृथ्वीराज राठी (28) पुत्र गोविंदराम का पार्थिव शरीर कसूम्बी पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। गांव में हर व्यक्ति की आंखें नम थी।



हेड कांस्टेबल भारमल ने बताया कि आर्मी जवान पृथ्वीराज राठी गुरुवार को छुट्टी से वापस जोधपुर ड्यूटी के लिए जा रहा था। इस दौरान हाईवे पर कार के सामने मवेशी आने से कार अनियंत्रित होकर पलटने से हादसा हो गया। सूचना पर थानाधिकारी जोगेंद्र सिंह टीम के साथ पहुंचे। मृतक सैनिक का सुजानगढ़ राजकीय चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाया गया। जवान पृथ्वीराज आर्मी की 11 गार्ड बटालियन जोधपुर में तैनात था। वह कुछ दिन पहले छुट्टी लेकर अपने गांव आया था। सूचना पर बटालियन के सेना के अधिकारी सैन्य वाहन के साथ पहुंचे। कसूम्बी गांव में सेना के जवान पृथ्वीराज का सैन्य समान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सेना के अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित किया। लाडनूं वृताधिकारी विक्की नागपाल, ग्रामवासियों व परिवार, प्रशासनिक अधिकारियों ने भी सैनिक के पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित किए। मृतक के पुत्र चार वर्षीय वैदिक ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। पृथ्वीराज के एक साल की पुत्री वंशिका भी है। शहीद का छोटा भाई शिवराज भी आर्मी जवान है वह ओडिशा में तैनात है। भाजपा नेता ओमप्रकाश बागड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ऑडिट आदि ने भी पहुंचकर पुष्प चक्र अर्पित किए।

**हत्या सहित कई मामलों में रह चुका है हिस्ट्रीशीटर**

## हिस्ट्रीशीटर को पिस्टल व कारतूस के साथ पकड़ा



**सांडेराव @ पत्रिका.** सुमेरपुर उपखंड के सांडेराव थाना पुलिस ने सुमेरपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर को एक पिस्टल मय कारतूस सहित एक कार बरामद की है। पुलिस ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान बिरामी टोल पर सुमेरपुर थाना के हिस्ट्रीशीटर केसर सिंह बांकली व आरोपी लालाराम के कब्जे से एक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस व एक कार बरामद कर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया।

सीआई चंपावत ने बताया कि टीम ने रात्रिकालीन गश्त के दौरान बिरामी टोल पर तत्परता दिखाते हुए भागते हुए हिस्ट्रीशीटर केसरसिंह व लालाराम मीणा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्टल, तीन कारतूस एवं एक कार बरामद की है। सुमेरपुर थाने का बांकली निवासी केसरसिंह पूर्व में हत्या सहित कई मामलों में हिस्ट्रीशीटर रह चुका है। पुलिस ने बांकली निवासी केसरसिंह पुत्र भीखसिंह राजपूत एवं जालोर जिले के आहोर क्षेत्र के थुंबा पुलिस थाना निवासी लालाराम पुत्र जीवाराम मीणा को भी गिरफ्तार किया। पिस्टल जब्त करने के बाद पुलिस की ओर से अनुसंधान किया जा रहा है।

# साप्ताहिक फलादेश 12 से 18 जनवरी, 2025

पं. अमर डब्बावाला (त्रिवेदी) ज्योतिषाचार्य

### मेष
(चू, च, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ)

**मृगशिरा** नक्षत्र में आरंभ यह सप्ताह धन से संबंधित कार्यों का श्रीगणेश करवाएगा। आर्थिक वृद्धि के लिए नए उपायों के माध्यम से निवेश का प्लान बनाएंगे। कुछ मामलों में सतर्कता की आवश्यकता रहेगी। व्यापार में सहयोगी फर्मों से बड़े विकल्प आ सकते हैं। नौकरी में प्रतिष्ठित पद के योग बन रहे हैं।

**शुभ दिन :** रविवार **शुभ अंक :** 1, 7
**शुभ रंग :** गहरा पीला **दिशा:** आग्नेय
**विशेष सलाह :** सक्रियता के साथ विजन को विकसित करना चाहिए।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

**राशि** पर चन्द्रमा का गोचर व्यावसायिक योजनाओं के साथ भूमिगत निवेश की स्थिति बता रहा है। वैचारिक दृष्टिकोण से दीर्घकालिक लाभ के सन्दर्भ में सोच कर ही निर्णय लें। व्यापार में गुरुवार व शुक्रवार को बड़ी डील संभव है। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति का योग। व्यावसायिक क्षेत्र में अवसर।

**शुभ दिन :** सोमवार **शुभ अंक :** 1, 4
**शुभ रंग :** समुद्री हरा **दिशा:** उत्तर
**विशेष सलाह :** लीगल प्रावधानों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

### सिंह
(मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

**आकस्मिक** लाभ की प्राप्ति होगी। ननिहाल पक्ष से कोई सम्पत्ति का लाभ मिल सकता है। परिवार में छोटे भाई अथवा बहन का व्यावसायिक उपक्रम सिद्ध होगा। व्यापार में उच्च संस्थानों से व्यावसायिक मांग बढ़ेगी। नौकरी में प्रगति के साथ आर्थिक मजबूती मिलेगी। महिला व छात्रवर्ग को अवसर।

**शुभ दिन :** बुधवार **शुभ अंक :** 1, 7
**शुभ रंग :** हल्का गुलाबी **दिशा:** पश्चिम
**विशेष सलाह :** पारिवारिक संतुलन के साथ आगे बढ़ें।

### तुला
(रा, री, रू, रे, री, ता, ती, तू, ते)

**मित्रों** के माध्यम से कोई बड़ा कंसाइनमेंट इस सप्ताह मिल सकता है। थोड़ा निवेश एवं बाजार की स्थिति पर ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। अपने विवेक से आगे बढ़ें। व्यापार में छोटे उद्यमियों से सहयोग ले सकते हैं। नौकरी में विभागीय परिवर्तन संभावित है। एआइ से जुड़े क्षेत्र में अवसर।

**शुभ दिन :** रविवार **शुभ अंक :** 6, 9
**शुभ रंग :** अंगूरी हरा **दिशा:** आग्नेय
**विशेष सलाह :** दीर्घकालिक योजनाओं को विस्तार से देखें।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)

**रुके** धन की प्राप्ति का समय है। कुछ मामलों में तटस्थ होकर कार्य करने की आवश्यकता रहेगी। नीतिगत विषयों पर बारीकी से चलकर सफलता अर्जित करने का उद्देश्य रखें। व्यापार में नुकसान की भरपाई संभावित होगी। नौकरी में पुन: पद की प्राप्ति के योग। छात्रवर्ग को निर्यात के क्षेत्र में अवसर।

**शुभ दिन :** सोमवार **शुभ अंक :** 3, 8
**शुभ रंग :** सिंदूरिया **दिशा:** पूर्व, उत्तर
**विशेष सलाह :** कहीं-कहीं लक्ष्य पर फोकस करने की आवश्यकता है।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

**विदेश** यात्रा के माध्यम से धन की प्राप्ति का योग बन रहा है। वहीं परिवार तथा समाज के लिए सहयोग का पक्ष भी प्रबल दिखाई दे रहा है। लोगों की सहायता के लिए आगे बढ़ेंगे। व्यापार में तेल उद्योग से जुड़ा बाजार लाभकारी रहेगा। नौकरी में अनुकूल स्थान तथा बढ़ते धन की प्राप्ति प्रसन्नता देगी।

**शुभ दिन :** सोमवार **शुभ अंक :** 4, 7
**शुभ रंग :** गाजरी लाल **दिशा:** दक्षिण
**विशेष सलाह :** कार्यशैली में आंशिक परिवर्तन करें।

### वृषभ
(इ, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो)

**वैदेशिक** उपक्रमों से जुड़ने का मौका मिलेगा। कुछ लोगों के जरिए व्यावसायिक यात्रा आर्थिक प्रगति दिलवा सकती है। प्रयास तथा योग्यता को आगे बढ़ाएं। व्यापार में पत्थरों की खान से जुड़े क्षेत्र में लाभ के योग। नौकरी में विशेष कार्यशैली पदोन्नति देगी। डिजिटल मार्केटिंग से जुड़े क्षेत्र के अवसर।

**शुभ दिन :** गुरुवार **शुभ अंक :** 2, 6
**शुभ रंग :** फिरोजी **दिशा:** मध्यउत्तर
**विशेष सलाह :** योजनाओं को जांच परख कर ही आगे बढ़ें।

### कर्क
(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**कुछ** चुनौतियां परीक्षण करेंगी। धैर्य तथा दूरदर्शिता का अनुसरण करें। आर्थिक पक्ष के लिए जल्दबाजी न करें। नुकसान की आशंका है। गुरुवार से विशेष लाभ के योग। व्यापार में बड़ी योजना शुक्रवार को सफलता दे सकती है। नौकरी में परिवर्तनकारी योग हैं। लक्ष्य की सफलता के लिए प्रयास बढ़ाने होंगे।

**शुभ दिन :** गुरुवार **शुभ अंक :** 5, 8
**शुभ रंग :** बैंगनी **दिशा:** ईशान
**विशेष सलाह :** अपने समय की प्रतीक्षा करें, सफल होंगे।

### कन्या
(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

**सम्पत्ति** में वृद्धि का समय है। भूमि या भवन में निवेश के माध्यम से आगे बढ़ सकते हैं। कार्य तथा शैली में परिवर्तन की आवश्यकता अनुभव होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत रहे, इस पर ध्यान रहेगा। व्यापार में वस्त्र उद्योग से जुड़े नए सेगमेंट लाने होंगे। नौकरी में कार्य करने का पारंपरिक तरीका बदलना होगा।

**शुभ दिन :** मंगलवार **शुभ अंक :** 1, 3
**शुभ रंग :** हल्का काला **दिशा:** पूर्व, उत्तर
**विशेष सलाह :** अनुभव तथा जानकारी के साथ ही आगे बढ़ें।

### वृश्चिक
(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू )

**खड़ाष्टक** चन्द्रमा कुछ विपरीत स्थितियां सामने ला सकता है। वाणी तथा आवेश पर नियंत्रण की आवश्यकता है। कार्य से जुड़े मामले बुधवार से सकारात्मक परिणाम देंगे। व्यापार में गुरुवार तक बड़ा निवेश न करें। नौकरी में अधीनस्थ वर्ग समस्या खड़ी कर सकता है। महिला व छात्रवर्ग को अवसर।

**शुभ दिन :** शुक्रवार **शुभ अंक :** 2, 5
**शुभ रंग :** लाल **दिशा:** वायव्य
**विशेष सलाह :** सामंजस्य बढ़ाते हुए कार्य को साधें।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

**मंगलवार** तक कोई गंभीर निर्णय पर विचार न करें। बुधवार से ग्रहों की अनुकूलता सपोर्टिंग मोड में रहेंगी। धीरे-धीरे कार्य अपनी गति पकड़ेंगे और लक्ष्य साधा जा सकेगा। व्यापार में लौह उद्योग का विशेष लाभ मिलने का संकेत है। नौकरी में मनोवांछित पद तथा उन्नति का योग। छात्रवर्ग को अवसर।

**शुभ दिन :** बुधवार **शुभ अंक :** 1, 9
**शुभ रंग :** आसमानी नीला **दिशा :** पश्चिम
**विशेष सलाह :** दूरदर्शी दृष्टिकोण सफलता का कारण बनेगा।

### मीन
(दी, दु, थ, ञ, दे, दो, चा, ची)

**परिस्थितियों** में बदलाव का अनुभव होगा। शनि का प्रभाव कार्य के होने न होने पर आंशिक संदेह उत्पन्न करेगा। आर्थिक मजबूती के लिए धैर्य से योजनागत होने की आवश्यकता है। व्यापार में ब्लाइंड स्ट्रैटेजी पर ध्यान दें, नुकसान होगा। नौकरी में समय की प्रतीक्षा करते हुए आगे बढ़ें।

**शुभ दिन :** शनिवार **शुभ अंक :** 1, 5
**शुभ रंग :** गहरा नीला **दिशा :** पश्चिम
**विशेष सलाह :** कुछ स्थानों पर समझौते की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष: स्वामी विवेकानंद ने खेतड़ी निवासियों के नाम लिखे थे आठ पत्र

# राजस्थानियों को लिखे 125 पत्र, हर पत्र में दिया अनूठा संदेश



युगलेश शर्मा
patrika.com

**झुंझुनूं.** खेतड़ी के राजा अजीत सिंह स्वामी विवेकानंद के 'सानिध्य' में रहने वाले राजस्थान के पहले व्यक्ति थे। स्वामी विवेकानंद ने राजस्थानवासियों के नाम 125 पत्र लिखे। इनमें से 8 पत्र खेतड़ीवासियों को लिखे गए। इन पत्रों में भावी पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश और संदेश हैं।



खेतड़ी. रामकृष्ण मिशन आश्रम स्थित अजीत विवेक राष्ट्रीय संग्रहालय।

## खेतड़ी के राजा ने दिया विवेकानंद नाम

**स्वामी** विवेकानंद पर शोध करने वाले डॉ. जुल्फिकार के अनुसार स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवनकाल ( 39 साल 5 माह 24 दिन) में कुल 312 पत्र लिखे, इनमें खेतड़ीवासियों के नाम 8 पत्रों सहित राजस्थानवासियों के नाम लिखे 125 पत्र शामिल हैं। स्वामी 3 बार राजस्थान आए और तीनों ही बार खेतड़ी में रुके। खेतड़ी के राजा अजीत सिंह ने ही उनको नरेन्द्र से विवेकानंद नाम दिया।

- **पहला पत्र:** 20 सितंबर, 1892 को मुंबई से खेतड़ी के पंडित शंकरलाल को लिखा। इसमें लिखा है, हमें विदेश यात्रा करने के साथ ही यह जानना चाहिए कि दूसरे देशों में किस प्रकार की सामाजिक व्यवस्था चल रही है।
- **दूसरा पत्र:** अमरीका रवाना होने से पहले मद्रास (चेन्नई) से 15 फरवरी,1893 को राजा अजीत सिंह के नाम लिखा । इसमें कुंभकोणम गांव की घटना का उल्लेख किया है ।
- **तीसरा पत्र:** 22 मई, 1893 को मुंबई से राजा अजीत सिंह को लिखा। इसमें लिखा है, प्रकृति ने मानव का निर्माण एक शाकाहारी जीव के रूप में किया है।
- **चौथा पत्र:** 1894 में शिकागो से स्वामी अखंडानंद को लिखा। इसमें लिखा है, खेतड़ी की निम्न जातियों के द्वार - द्वार जाओ। उन्हें धर्म का उपदेश दो और भूगोल और अन्य विषयों पर मौखिक पाठ पढ़ाओ ।
- **पांचवां पत्र:** 6 जुलाई, 1895 को अमरीका से राजा अजीत सिंह के नाम लिखा। इसमें लिखा है, मैंने इस देश में एक बीज बोया है, वह अब पौधा बन गया है । शीघ्र ही वृक्ष बन जाएगा। मैं यहां संन्यासी बनाऊंगा। उन्हें काम सौंपकर भारत आऊंगा।
- **छठा पत्र:** 11 अक्टूबर, 1897 को खेतड़ी के मुंशी जगमोहनलाल को लिखा। इसमें लिखा है, राजा अजीत सिंह और मैं दो ऐसी आत्माएं है जो मानव समाज के कल्याण के लिए एक महान कार्य करने में परस्पर सहयोग करने के लिए जन्मे हैं। राजा अजीत सिंह नहीं होते तो शायद मैं यहां तक नहीं पहुंच सकता।
- **सातवां पत्र:** 22 नवम्बर, 1898 को कोलकाता से लिखा। इसमें राजा से अपनी मां व छोटे भाई की सहायता करने के लिए कहा है ।
- **आंठवां पत्र:** प्रसिद्ध वेलूर मठ से 1898 को राजा अजीत सिंह के नाम अंतिम पत्र लिखा। इसमें लिखा है, जीवन में केवल एक तत्व है जो किसी भी कीमत पर प्राप्त करने योग्य है और वह है प्रेम। अनंत और अथाह प्रेम,गगन की तरह विस्मृत है और समुद्र की तरह गहरा। यही एक जीवन की महान उपलब्धि है, जो यह प्राप्त कर लेता है वह भाग्यशाली है।

# आर्थिक चुनौतियां आईं, पर बाधाएं नहीं तोड़ सकीं नीरा का संकल्प



नीरा सुशील जैन
उद्यमी

SUNDAY GUEST EDITOR संडे गेस्ट एडिटर @वुमन

**सोच यह:** महिलाएं अपने दम पर उद्योग खड़ा कर सकती हैं।

सुझाव भेजें sunday@in.patrika.com

अनिल पारीक
patrika.com

**टोंक.** नारी अपनी सोच और लगन से जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन सकती है। ऐसी ही महिला हैं निवाई उपखंड की उद्यमी नीरा सुशील जैन। वे पिछले 39 वर्षों से अपने उद्योग एवं व्यापार को संभाल रही हैं। उद्योग जगत में अपनी पहचान बनाने का सपना देखने वाली नीरा जैन को पहले आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन बाधाएं उनके सपनों को नहीं तोड़ पाईं।

***उद्योगों की ओर अग्रसर हों युवा:*** नीरा का मानना है कि आज के समय में युवा बड़े पैकेज के लिए विदेशों में मल्टीनेशनल कंपनियों में काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें अपने देश की अर्थव्यवस्था में बेहतर योगदान के लिए उद्योग व स्टार्टअप्स शुरू करने चाहिए।

### ...जब बैंक से मिला ऋण

**उन्होंने** वर्ष 1996 में निवाई में सीमेंट के पाइप बनाने के लिए फैक्ट्री की शुरुआत की। पहले ही आर्थिक संकट था, उस पर बैंक से भी ऋण कम मिला लेकिन माल की गुणवत्ता अच्छी होने से ऑर्डर बराबर मिलते रहे। धीरे धीरे काम अच्छा चलने लगा और बैंक से ऋण की लिमिट भी बढ़ गई। कड़ी मेहनत और लगन से आज उनकी चार बड़ी फैक्ट्रियों में 150 से 1800 एमएम तक के पाइप बनाए जा रहे हैं।

### महिलाओं को करती हैं प्रेरित

**नीरा** जैन ने बताया कि वह शिक्षित महिलाओं और युवतियों को उद्योग लगाने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्हें वह अपने उद्योग की कार्यशैली और प्रबंधन के बारे में बताती हैं और फैक्ट्रियों की विजिट अवश्य कराती हैं, ताकि उन महिलाओं में भी स्वयं आत्मनिर्भर बनने की लगन जाग्रत हो। उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताती हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### देसूरी के नाले में पैंथर की मौत, जांच जारी



**देसूरी (पाली) @ पत्रिका.** क्षेत्र के आना-छोड़ा सड़क मार्ग पर नाले के पास शनिवार को मृत अवस्था में एक पैंथर पड़ा मिला। सूचना के बाद वन विभाग ने पैंथर के शव को कब्जे में लेकर देसूरी रेस्क्यू सेंटर में रखवाया। जहां रविवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। देसूरी रेंज में दो माह में पैंथर की यह तीसरी मौत है। रेंजर कानसिंह देवासी ने बताया कि शनिवार को आना-छोड़ा मार्ग पर तिरखी माताजी मन्दिर के समीप बरसाती नाले के किनारे एक नर पैंथर के मृत अवस्था में होने की सूचना मिली। इस पर रेंजर द्वितीय भैरूलाल मय वन कार्मिक मौके पर पहुंचे। घटनास्थल के पास कोई पदचिह्न नहीं मिले। पैंथर के मुंह पर खून निकला हुआ था। पैंथर की मौत के कारणों की जांच की जाएगी। उल्लेखनीय शनिवार को जहां पैंथर की मौत हुई, उससे करीब 100 मीटर दूर एक साल पहले पैंथर गंगासिंह फंदे में फंस गया था। जिसे बचा लिया था।

### एक क्विंटल डोडा चूरा पकड़ा, बिना नंबर कार में ले जा रहा था तस्कर



**बारां हरनावदाशाहजी @ पत्रिका.** पुलिस ने डोडा चूरा की एक क्विंटल 41 किलो की बडी खेप बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। तस्कर यह डोडा चूरा कट्टों में भरकर बिना नम्बर की कार से लेकर जा रहा था। थानाधिकारी ब्रजेश चौधरी ने बताया कि शुक्रवार देर रात को बीलखेडा के निकट एक बिना नम्बर की काले रंग की कार दिखाई दी। इसे रोकने पर चालक ने कार भगाने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर कामखेड़ा मार्ग स्थित पुलिया से उसे पकड़ लिया। जांच में कार के अंदर कट्टे नजर आए। जिनमें डोडा चूरा भरा था। पुलिस ने आरोपी देहलनपुर निवासी हरिराम को गिरफ्तार कर डोडा चूरा का तोल करवाया। इसका वजन 1 क्विंटल 41 किलो निकला। थानाधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच बापचा थानाधिकारी को सौंपी गई है।

प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में होंगी प्री-प्राइमरी कक्षाएं

# अब मुरमुरे खिलाने वाली नहीं, 'क' से कबूतर पढ़ाएंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

पत्रिका स्पॉट लाइट

अजय शर्मा
patrika.com

**सीकर.** नई शिक्षा नीति के तहत अब आंगनबाड़ी केंद्र देशभर में पूर्व प्राथमिक शिक्षा का केंद्र बनेंगे। पहले चरण में प्रदेश के 402 पीएम श्री स्कूलों में प्री प्राइमरी कक्षाओं का संचालन भी शुरू हो गया है। नए सत्र में प्रदेश के ज्यादातर स्कूलों के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री प्राइमरी स्कूलों का संचालन हो सकेगा। नई शिक्षा नीति में प्री प्राइमरी कक्षाओं में पढ़ाने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिए जाने का प्रावधान है। ऐसे में अब तक केंद्रों पर बच्चों के पोषण की जिम्मेदारी संभालने वाली कार्यकर्ता अब बच्चों को क से कबूतर पढ़ाएंगी। इसके लिए सभी राज्यों में अलग से शिक्षकों का कैडर बनेगा।

शिक्षा नीति के मसौदे के अनुसार प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) के लिए एनसीईआरटी की ओर से पाठ्यक्रम का फ्रेमवर्क तैयार किया गया है। इसके तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण मिलेगा। फिलहाल पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा की जिम्मेदारी एनटीटी शिक्षकों के पास है।



सीकर का एक आंगनबाड़ी केंद्र।

■ छह महीने के पाठ्यक्रम के भरोसे नौनिहालों का भविष्य कार्यकर्ताओं को सौंपना बाल मनोविज्ञान के विपरीत

### प्री-प्राइमरी स्कूलों की राह में चुनौती

**1 उधारी के भवनों में आंगनबाड़ी केंद्र**

**प्रदेश** के 30 फीसदी से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन फिलहाल किराए या उधारी के भवनों में हो रहा है। ऐसे में किराए के भवनों में नौनिहालों मूलभूत सुविधाएं मिलने पर प्रश्नचिन्ह है।

**2 खेल मैदानों का भी टोटा है**

**आंगनबाड़ी** केंद्रों में खेल मैदानों का भी टोटा है। नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को खेल-खेल में सिखाने पर सबसे ज्यादा फोकस किया गया है। बिना खेल मैदान नौनिहालों की खेल-खेल में कैसे पढ़ाई हो सकेगी।

### खास: कार्यकर्ताओं को मिलेगा छह महीने से एक साल का प्रशिक्षण

**ईसीसीई** के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को छह महीने से एक साल और 12वीं पास कार्यकर्ताओं को छह महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं 12वीं से कम योग्यता वाली कार्यकर्ताओं को एक साल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए हर ब्लॉक पर एक स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना होनी है। पाठ्यक्रम का खाका मानव संसाधन मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग व जनजाजीय कार्य विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स करेगी।

### पत्रिका एक्सपर्ट व्यू

आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के पोषण के साथ शिक्षा का का काम लंबे अर्से से हो रहा है। अब कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण मिलने से बच्चों की पढ़ाई बदलते जमाने के तौर-तरीकों से हो सकेगी। सरकार को सबसे पहले आंगनबाड़ी केंद्रों को हाइटेक बनाना होगा।

**गणेश कुमार शर्मा,** सेवानिवृत्त उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग

छोटे बच्चों की प्रगति और भविष्य का आधार बाल मनोविज्ञान है। नई शिक्षा नीति में नैनिहालों को छह महीने के सर्टिफिकेट कोर्स के सहारे आंगनबाड़ी केंद्रों के हवाले करना बाल मनोविज्ञान के विपरीत है।

**उपेन्द्र शर्मा,** प्रदेश महामंत्री , राजस्थान शिक्षक संघ ( शेखावत)

### बंदूक दिखाकर कार सवारों से दिनदहाड़े 50 लाख की लूट

**मानपुर (दौसा) @ पत्रिका.** राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर शनिवार को बदमाश दिनदहाड़े कार सवार लोगों से 50 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। मानपुर थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पीड़ित विष्णु कुमार ने रिपोर्ट में बताया कि उसका उत्तर प्रदेश में प्रॉपर्टी व कंस्ट्रक्शन का काम है। जयपुर में एक प्रॉपर्टी के संबंध में फर्म के मुनीम बृजमोहन व चालक बलवीर सिंह को 50 लाख रुपए लेकर कार से रवाना किया। मानपुर चौराहे के आगे बदमाशों ने ओवरटेक कर कार को रुकवा लिया। दो बदमाश कार में बैठ गए और बंदूक दिखाकर चालक व मुनीम को भरतपुर की ओर ले गए। रास्ते में दोनों को छोड़कर 50 लाख व कार लेकर फरार हो गए।

### नौकरी लगाने के नाम पर चार लाख रुपए की ठगी

**सीकर @ पत्रिका.** बलारां इलाके में नौकरी लगवाने के नाम पर चार लाख की ठगी करने का मामला सामने आया है। बलारां निवासी सुधीश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसका सीकर में एक डिफेंस एकेडमी में आना-जाना रहता था। इस कारण उसकी मुलाकात कुचामन सिटी निवासी बाबूलाल से हुई। बाबूलाल ने बताया कि उसकी जयपुर में डिफेंस एकेडमी हैं और अधिकारियों से अच्छी जान पहचान होने के कारण नौकरी भी लगाता है। पीड़ित उसकी बातों में आ गया और छोटे भाई को नौकरी लगवाने के लिए कहा। बाबूलाल ने आठ लाख रुपए मांगे। पीड़ित ने उसे चार लाख रुपए दे दिए। जब बाबूलाल ने नौकरी नहीं लगवाई तो पीड़ित ने उससे बार बार अपने रुपए लौटाने को कहा। लेकिन उसने रुपए नहीं दिए।

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित प्लांटेशन का मामला

### प्लांटेशन में आग से 20 हेक्टेयर का चारा, दो हजार पेड़-पौधे नष्ट



भंवरगढ़ कस्बे के प्लांटेशन में उठती आग की लपटें।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बारां.** भंवरगढ़ कस्बे से गुजर रहे पर जामुनिया खाळ के पास केलवाड़ा की तरफ स्थित कुंदा प्लांटेशन में शनिवार शाम को आग लग गई। इसकी चपेट में आने से लगभग बीस हेक्टेयर का चारा, दो हजार के लगभग छोटे-बड़े पेड़-पौधे नष्ट हो गए।

वनपाल दीनदयाल सहरिया ने बताया कि शनिवार शाम को राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्लांटेशन में आग की लपटें देख वहां से गुजर रहे राधेश्याम यादव ने प्लांटेशन में आग लगने की जानकारी पत्रिका संवाददाता को दी। तुरंत वनकर्मियों को इसके बारे में बताया गया। इसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने परंपरागत संसाधनों से दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वनपाल सहरिया ने बताया कि आग के कारण लगभग 20 हेक्टेयर का चारा व इसमें लगे दो हजार के लगभग पेड़-पौधे जल गए। हालांकि आग लगने के कारण का खुलासा नहीं हुआ है। वन विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है।

2019 से विधायक के पास भेजा... पहुंचा ही नहीं

### लाडपुरा विधायक के पूर्व गनमैन को एसपी ने किया बर्खास्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोटा.** लाडपुरा विधायक कल्पना देवी के पूर्व गनमैन जितेन्द्र सिंह को एसपी ने बर्खास्त कर दिया है। जितेन्द को 2019 से विधायक की सुरक्षा के लिए गनमैन के रूप में तैनात किया गया था। इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब विधायक ने जून 2023 में सिटी एसपी से शिकायत की कि पिछले चार वर्षों से उनके पास कोई गनमैन तैनात नहीं है, जबकि पुलिस लाइन के रिकॉर्ड में जितेन्द्र को उनकी सुरक्षा के लिए नियुक्त दिखाया गया था। शिकायत के बाद तत्कालीन एडिशनल एसपी मुख्यालय रामकल्याण मीणा को सौंपी गई जांच में यह पाया गया कि जितेन्द्र ने ड्यूटी नहीं की और वेतन उठाता रहा। जांच पूरी होने के बाद सिटी एसपी ने उसे गत 31 दिसंबर को बर्खास्त कर दिया।

#### चुपचाप करवाता रहा हथियारों की जांच

**पुलिस** लाइन में गनमैन के हथियारों और गोलियों की वार्षिक जांच की जाती है। पिछले तीन वर्षों में जितेन्द्र ने पुलिस लाइन में अपने हथियारों की जांच करवाई, लेकिन ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुआ।

कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह को विधायक कल्पना देवी का गनमैन लगाया था, लेकिन वह ड्यूटी पर गया ही नहीं था, जिसकी शिकायत विधायक ने दी थी। इस पर उसको सस्पेंड कर एडिशनल एसपी से इसकी जांच करवाई थी, जिसमें कांस्टेबल दोषी पाया गया, जिसको बर्खास्त कर दिया है।

**डॉ.अमृता दुहन,** एसपी, कोटा

### फोटो स्टोरी धोती-कुर्ते-पगड़ी में खेली कबड्डी



**जोधपुर.** सीनियर कबड्डी खिलाड़ी जब मैदान में उतरे तो युवाओं के साथ बच्चे भी उनका हौसला बढ़ाने के लिए तालियां बजाने लगे। 60 से 80 वर्षीय खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को मैदान में पटकनी देते ही मूंछों पर ताव दिया। क्रीड़ा भारती की ओर से आयोजित खेल सांस्कृतिक महोत्सव 2025 के पहले दिन गोशाला मैदान पर सीनियर कबड्डी खेल आकर्षण का केंद्र रहा।

दो साइबर आरोपियों को तलाश रही थी पुलिस

### साबला पुलिस जांच के लिए उदयपुर पहुंची, बिल्डिंग से कूदे युवक की मौत



साबला. उदयपुर में बैठक के दौरान मौजूद समाजजन।

#### घटना के विरोध में धरने पर बैठे परिजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**डूंगरपुर/साबला.** साबला थाना क्षेत्र के पिंडावल गांव के एक युवक की उदयपुर में छत से गिरने से मौत हो गई। इस पर गांव के लोग उदयपुर में देर रात्रि तक मुर्दाघर के बाहर बैठे रहे तथा पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार बिढ़ते साइबर अपराध को लेकर दो आरोपियों को तलाशते हुए आसपुर पुलिस व साइबर सेल टीम उदयपुर के हिरण मगरी के उमरड़ा मार्ग पर पहुंची। टीम एक बिल्डिंग के चौथे माले पर पहुंची। यहां युवकों की तलाश हो रही थी। इसी दौरान किसी के गिरने की आवाज आई। पुलिस ने खिड़की से झांक कर देखा, तो एक युवक लहूलुहान हालात में कार पर गिरा हुआ था। पुलिस ने उसकी शिनाख्त पिंडावल निवासी रमेश पाटीदार के रुप में की। घायल को जिला चिकित्सालय लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**युवक** रमेश की मौत की सूचना पर शनिवार सुबह पिंडावल गांव के लोग उदयपुर पहुंचे। लोगों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई, मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी व मुआवजा राशि देने की मांग करने लगे। देर रात्रि तक परिजन अड़े रहे। इस दौरान विधायक उदयलाल डांगी भी मौके पर पहुंचे और वह भी परिजन से समझाइश कर रहे हैं।

साइबर जालसाजों का नया पैंतरा : लोगों की गूगल हिस्ट्री चुराकर यों धमका रहे साइबर ठग

# आप ज्यादा पोर्न देखते हो इसलिए पुलिस के रडार पर

पत्रिका रक्षा कवच — अपराधों के विरुद्ध पत्रिका अभियान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर.** साइबर ठगों ने अब लोगों को फंसाने का नया पैंतरा खोज लिया है। ठग सीबीआइ के नाम से फर्जी ई-मेल और फोन कर लोगों को डरा रहे हैं। सीबीआइ अधिकारी बन लोगों को कहा जा रहा है कि आपकी गूगल हिस्ट्री बता रही है, आप पोर्न ज्यादा देख रहे हो। गिरफ्तारी वारंट भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी से बचने के लिए पीड़ित ठगों की ओर से मांगी गई मुंहमांगी रकम दे रहे हैं। ठगों की फर्जी मेल आइडी भी सीबीआइ या पुलिस की ई-मेल से काफी मिलती जुलती है। जब तक वह कुछ सोचता समझता है तब तक रुपए उसके खाते से निकल चुके होते हैं। ऐसे न जाने कितने फोन साइबर ठग देश भर के लोगों को कर रहे हैं।



***कई प्रकार से लीक होता है डेटा:*** कई स्तर पर कई तरीके से डेटा लीक होता है। यदि आपने अपनी आइडी किसी अन्य कम्प्यूटर या मोबाइल पर खोली है या फिर किसी ऐसी वेबसाइट पर गूगल मेल से लॉग इन किया है जो सुरक्षित नहीं है तो वहां से डेटा लीक होने का खतरा रहता है।

### ये करें उपाय...

- **1930** पर कॉल कर तुरंत साइबर फ्रॉड की जानकारी देनी चाहिए।
- **नेशनल** साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत करनी चाहिए।
- **पोर्टल** पर फाइनेंशियल फ्रॉड, वुमेन-चाइल्ड रिलेटेड फ्रॉड की शिकायत भी दर्ज होती है।
- **स्थानीय** साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज करवानी चाहिए।

**केस 1**

**एक** व्यक्ति के पास सीबीआइ का ई-मेल आता है। मेल में गूगल हिस्ट्री को ट्रेस करते हुए बताया गया कि आप पोर्न ज्यादा देखते हैं। मेल के साथ एक पीडीएफ अटैच है जिसमें वारंट की बात कही गई है। वारंट में सरकारी कार्यालय की तरह ठप्पा भी लगा है। उस व्यक्ति को दिल्ली के एक कार्यालय में आने का निर्देश दिया गया है।

**केस 2**

**एक** दुकानदार के पास फोन आता है। फोन करने वाला आप को इंटेलिजेंस का इंस्पेक्टर बताता है। कहता है कि आपकी मोबाइल हिस्ट्री बताती है कि आप लगातार पोर्न देख रहे हैं। धमकाता है कि यह गैरकानूनी है और आपको सजा हो सकती है। उसको भी दिल्ली की एक कोर्ट में हाजिर होने को कहा जाता है।

साइबर ठग एक साथ कई फिशिंग मेल भेजते हैं। 100 में से दो या तीन लोग उनके लपेटे में आ जाते हैं। साइबर ठग बड़ी उम्र या फिर उन लोगों को टॉरगेट करते हैं जिनके पास तकनीक ज्ञान नहीं होता। जब तक लोग एक ट्रेंड समझते हैं तब तक साइबर दूसरे ट्रेंड से ठगी करने लगते हैं।

**अनुराग माथुर,** साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट

**बड़वानी के सेंधवा में सभा: 2.63 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन**

# सीएम ने साधा कांग्रेस पर निशाना: बहन-बेटियों के साथ बदतमीजी की घटनाओं में कांग्रेसी का नाम अवश्य आता है

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सेंधवा.** सीएम डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर नए आरोप लगाए हैं। कहा कि बहन-बेटियों के साथ बदतमीजी की घटनाओं में कांग्रेसी का नाम अवश्य आता है। नारी सशक्तीकरण अभियान की ओर जब सरकार बढ़ती है तो कांग्रेसियों की नींद खराब हो जाती है। कांग्रेसी कहते हैं कि इन्हें क्यों बांट रहे हैं, खजाना खाली हो जाएगा। कांग्रेसियों ने कभी कुछ किया नहीं, हम महिलाओं का सम्मान कर रहे हैं तो इन्हें तकलीफ हो रही है। आपको नकली पार्टी से सावधान रहने की जरूरत है। इन्होंने सदैव आपको लूटने, झूठ बोलने और गलत तरीके से गुमराह करने का काम किया है।

सीएम शनिवार को 2.63 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन करने के लिए सेंधवा पहुंचे थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर यह आरोप लगाए। सबसे पहले सेंधवा, निवाली माइक्रो इरिगेशन योजना सहित करोड़ों रुपए की योजनाओं का भूमिपूजन किया।



## सेंधवा को जिला बनाने की मांग

**सभा को** पानसेमल विधायक श्याम बर्डे, सांसद गजेंद्र पटेल, राज्यसभा सदस्य सुमेर सिंह सोलंकी ने भी संबोधित किया। विधायक बर्डे ने पानसेमल के उन गांवों को भी माइक्रो लिफ्ट इरिगेशन योजना ने शामिल करने की मांग की, जहां नर्मदा का पानी अभी तक नहीं पहुंचा है। सांसद पटेल ने नर्मदा जल लाने की योजना का नाम रामचंद्र विट्ठल बड़े और टंट्या मामा के नाम पर रखने की मांग की। जिसे स्वीकार करते हुए सीएम ने सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का नाम पूर्व सांसद रामचंद्र विट्ठल बड़े और निवाली उद्वहन सिंचाई परियोजना क्रांति सूर्य टंट्या मामा भील के नाम पर रखने की समहमति दी। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने पानसेमल और सेंधवा विधानसभा को मिलाकर सेंधवा को जिला बनाने की मांग की।

**मुख्यमंत्री करेंगे लॉन्च**

# ढाई करोड़ युवाओं को रास्ता दिखाने वाला मिशन आज से

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश के करीब ढाई करोड़ युवाओं को रास्ता दिखाने वाला मिशन रविवार से जमीन पर उतरेगा। सीएम इसे लॉन्च करेंगे। यह स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के नाम से जाना जाएगा, जो उनके जन्म दिवस के मौके पर शुरू किया जा रहा है। मोहन सरकार के कार्यकाल में शुरू होने वाला पहला मिशन होगा। 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर महिला शक्ति के नाम से दूसरा मिशन शुरू करना प्रस्तावित है।

इसके बाद किसान व गरीबों के कल्याण करने वाले दो और मिशन शुरू किए जाएंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यों को इन चार प्रमुख वर्गों के कल्याण का मंत्र दिया था, जिस पर मध्यप्रदेश ने कदम बढ़ाए हैं। सरकार का दावा है कि युवा शक्ति मिशन के जरिए युवाओं को रोजगार पाने और रोजगार देने वाला बनाएंगे। हर दृष्टि से सक्षम बनाएंगे।

### मिशन में यह होगा

- **वर्ष** 2030 तक सभी को कुशल श्रेणी श्रमिक के बराबर आय के साधन विकसित कराना।
- **वर्ष** 2028 तक 100 फीसद को न्यूनतम 12वीं कक्षा तक की शिक्षा देना
- **आत्मविश्वास,** उद्यमिता को बढ़ावा, चुनौतियों का सामना करने तैयार करना।
- **गुणवत्तापूर्ण** शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार पाने योग्य बनाना।
- **मानसिक** और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति गंभीरता लाना।
- **2028** तक 70% में समाज के प्रति सक्रियता लाना व सकारात्मक सोच विकसित करना।
- **खेल,** संस्कृति व पर्यावरण के क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाना।

### मिशन में युवाओं के लिए यह भी होगा

- **वैश्विक** प्रशिक्षण संस्थानों व कौशल विश्वविद्यालयों की स्थापना की जाएगी।
- **सभी** जिलों में औद्योगिक पार्क की स्थापना की जाएगी।
- **नवाचार** से जुड़े स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं को सरकार से मदद के विकल्प को आसान बनाना।
- नशे से दूर किए जाने के प्रबंध करना।
- सीएसआर फंड का उपयोग युवाओं को समृद्ध बनाने में करना।

ऐसे में मुकदमेबाजी के नए द्वार खुल जाएंगे: हाईकोर्ट

## रेप के आरोपी की जमानत के विरोध में पूर्व पीड़िता ने दिया आवेदन



**जबलपुर @ पत्रिका.** मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि किसी पूर्व पीड़िता को आपत्तिकर्ता बनने की अनुमति देने से मुकदमेबाजी का सिलसिला बढ़ सकता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि ऐसा होने दिया गया तो अतीत के मामलों के सभी पीड़ित नए मामलों में आरोपियों के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराने के हकदार हो जाएंगे, भले ही उनका वर्तमान अपराध से कोई संबंध न हो। न्यायाधीश मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने यह निर्णय सुनाते हुए एक आवेदन खारिज कर दिया, जिसमें एक पूर्व पीड़िता ने खुद को आपत्तिकर्ता बनाने की मांग की थी।

मामला सिवनी के इस्माइल शाह की जमानत याचिका से जुड़ा था, जिसे धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम और दुष्कर्म से संबंधित धाराओं के तहत आरोपित किया गया है। पूर्व पीड़िता ने अदालत में आपत्तिकर्ता बनने के लिए सीआरपीसी की धारा 301 (2) और बीएनएसएस की धारा 339 के तहत आवेदन दायर किया था। आरोप लगाया था कि इस्माइल शाह ने शादी का झूठा वादा कर दो बार दुष्कर्म किया। इस संबंध में एफआइआर कराई थी। आवेदन में उल्लेख किया गया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही छह से अधिक आपराधिक मामले लंबित हैं। अन्य युवतियों के साथ भी संबंध रखता है। इस आधार पर, आवेदिका ने दूसरी पीड़िता का पक्ष रखने की अनुमति मांगी। अदालत ने तर्क अस्वीकार कर कहा कि यह न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

**डॉ. भीमराव आंबेडकर और संविधान के मान-अपमान पर सियासी घमासान**

## प्रतिमा पर नाक रगड़कर माफी मांगें शाह: पटवारी

VS

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान किया है। आंबेडकर प्रतिमा के सामने शाह को नाक रगड़कर माफी मांगनी चाहिए। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पटवारी ने यह बात कही। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जितेन्द्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल मौजूद रहे।

पटवारी से पूछा गया था कि कांग्रेस के महू में होने वाले जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान के पहले भाजपा ने संविधान गौरव अभियान शुरू किया है। इस पर पटवारी ने कहा कि भाजपा को पश्चाताप यात्रा निकालनी चाहिए। भाजपा ने हमेशा ही संविधान और बाबा साहब का अपमान किया है। इसके लिए वे माफी भी मांगें। भाजपा देश के भाईचारे, संप्रभुता, एकता और अखंडता को समाप्त करना चाहती है। वह गोडसे को महान बताते हुए गांधी का अपमान करती है।



### विशाल रैली निकलेगी

**नेता प्रतिपक्ष** उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है। कांग्रेस का दायित्व है कि जनता की अभिव्यक्ति और संविधान की सुरक्षा-सम्मान के लिए कांग्रेस सड़कों पर उतरकर काम करेगी। 27 को महू में विशाल रैली निकाली जाएगी। आयोजन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित देश और प्रदेश के सभी नेता उपस्थित रहेंगे।

### अभियान चलता रहेगा

**प्रेस कॉन्फ्रेंस** में बताया गया कि संविधान की रक्षा को लेकर तीन जनवरी से बेलगांव से शुरू हुआ यह अभियान चलता रहेगा। महू में एक लाख से ज्यादा लोग 27 जनवरी को संविधान बचाने के लिए जुटेंगे। इसके लिए जिला और संभाग के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। वे सभी इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे।

## महू आने से पहले माफी मांगें राहुल गांधी: वीडी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** कांग्रेस के बाद शनिवार शाम भाजपा ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पलटवार किए। वीडी ने कांग्रेस को संविधान विरोधी और डॉ. आंबेडकर का अपमान करने वाली बताया। कहा, मैंने सुना है कि राहुल गांधी महू आ रहे हैं, उनका बिल्कुल स्वागत है। आने से पहले इस बात का जवाब देना होगा कि 55 साल तक कांग्रेस ने देश में राज किया। प्रदेश में लंबे समय तक सरकार रही, लेकिन आपने डॉ. आंबेडकर की जन्मस्थली के लिए क्या प्रयास किए। उस जन्मस्थली को स्वरूप देने का काम भाजपा की सरकार ने किया है।

वीडी ने यह भी कहा कि बाबा साहब का अगर किसी ने घोर अपमान किया है तो वो कांग्रेस और जवाहरलाल नेहरू ने किया है। राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं को महू आने से पहले जनता से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को शर्म करनी चाहिए कि जिन बापू का ये 24 घंटे जाप करते हैं उनके लिए इन्होंने क्या किया है, जबकि बापू के विचारों को भी जनता के बीच ले जाने का काम भाजपा की सरकार कर रही है।



### सूची आने का विषय ही नहीं

जिला अध्यक्षों की सूची को लेकर वीडी ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई सूची आने का विषय ही नहीं है। न ही इसकी कोई डेट है। मंडल में भी एक निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नामों की घोषणा हुई। कोई सूची जारी नहीं की गई। ऐसे ही बूथों में भी प्रक्रिया अपनाई गई। ज्ञात रहे कि जिला अध्यक्षों की घोषणा पांच जनवरी को होनी थी। ऐसा नहीं होने पर अब प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 15 जनवरी के बजाय माह के अंत या फरवरी के पहले सप्ताह में होगा।

### 25 तक चलेगा गौरव अभियान

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी ने कहा कि बाबा साहब के कार्यों को जनता तक पहुंचाने के लिए 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाया जाएगा। बूथ स्तर तक बाबा आंबेडकर के विचारों को लेकर सम्मेलन, सभाएं और विशेष संपर्क कर जनता तक पहुंचाने का काम पार्टी करेगी।

**पिक्चर पॉलिटिक्स...**

## सियासी अनबन अपनी जगह, निजी संबंध अपनी जगह




**भोपाल @ पत्रिका.** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पत्नी साधना सिंह ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह, पत्नी अमृता सिंह से मुलाकात की। शिवराज अपने बेटे कुणाल के विवाह का न्योता देने दिग्विजय के बंगले पर पहुंचे थे। दिग्विजय ने आत्मीय स्वागत किया। शिवराज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निवास पर भी पहुंचे। उन्हें भी न्योता दिया। शादी समारोह में आने का आग्रह किया।

केंद्र से राशि जारी नहीं होने से प्रकरण लंबित

## प्रदेश में पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम पर ब्रेक!

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़कर रोजगार के अवसर बढ़ाने वाले केंद्र के प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पर मध्यप्रदेश में ब्रेक जैसे हालात हैं। बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए निर्माण इकाई शुरू करने पर लोन का 35 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। प्रदेश में योजना का लाभ लेने वालों की संख्या साल-दर-साल घट रही है। 2024-25 में तो लगभग ब्रेक ही लग गया है। वजह केंद्र से राशि जारी नहीं होना बताया जा रहा है। हालांकि अन्य योजनाएं जारी हैं।

रोजगार सृजन कार्यक्रम का वर्ष 2019 में 1373 लोगों ने लाभ लिया था। 49 करोड़ की सब्सिडी दी गई थी। 2021-22 में सबसे ज्यादा 4859 युवाओं ने योजना का लाभ लेकर औद्योगिक इकाइयां शुरू की थीं, लेकिन 2023-24 में लाभ लेने वालों की संख्या 3036 पर पहुंच गई। 2024 में भी युवाओं ने आवेदन तो किए, लेकिन उन्हें लाभ नहीं दिया गया। अधिकारी इसका कारण केन्द्र से मार्जिन मनी नहीं मिलना बता रहे हैं। पहले केंद्र से योजना की राशि आ जाती थी तो प्रकरण मंजूर कर दिए जाते थे। राशि नहीं होने के कारण प्रकरणों पर ब्रेक लगा हुआ है। उद्योग आयुक्त दिलीप कुमार के अनुसार मध्यप्रदेश सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी है। पीएमईजीपी की राशि केंद्र से नहीं मिलने के कारण इसके प्रकरणों की मंजूरी रुकी हुई है। जल्द राशि आने पर मंजूरी जारी होंगी।

### योजना में मप्र का प्रदर्शन

| वर्ष | आवेदक | मार्जिन मनी |
|---|---|---|
| 2019-20 | 1373 | 49.34 |
| 2020-21 | 3233 | 86.27 |
| 2021-22 | 4859 | 121.70 |
| 2022-23 | 3653 | 108.13 |
| 2023-24 | 3036 | 104.45 |

(राशि करोड़ रुपए में)

### क्या है योजना

यह क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी योजना है। एमएसएमई मंत्रालय प्रशासित किया जाता है। उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गैर-कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा करना है। 50 लाख तक लागत की इकाइयों को बैंकों से वित्त पोषण प्रदान कर सरकारी सहायता के रूप में 15-35% तक मार्जिन मनी अनुदान दिया जाता है। योजना की शुरुआत 31 मार्च 2008 तक संचालित दो योजनाओं, पीएम रोजगार योजना और ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम को मिलाकर की गई थी।

**रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव शहडोल में 16 को: बाबा रामदेव ने जताई सहमति**

## नर्मदा के आसपास बनाएंगे औषधियों का हब, शोध के साथ किसानों को भी करेंगे प्रेरित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**शहडोल.** औषधियों की अपार संभावनाओं और औद्योगिक विकास की दिशा में शहडोल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के जरिए एक नई इबारत लिखने को तैयार है। 16 जनवरी को प्रस्तावित कॉन्क्लेव में अब तक 32 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव सामने आ चुके हैं। इस कॉन्क्लेव से न केवल संभाग की औद्योगिक प्रगति होगी, बल्कि औषधियों के क्षेत्र में भी शहडोल अपनी पहचान बना सकेगा। कॉन्क्लेव में शहडोल प्रशासन के आमंत्रण पर बाबा रामदेव ने औषधियों के क्षेत्र में पहल करने की सहमति जताई है। उन्होंने न केवल औषधीय पौधों की प्रोसेसिंग और उनके शोध की बात की है, बल्कि इससे जुड़े शिक्षण संस्थान की स्थापना के साथ किसानों को भी औषधियों का प्रशिक्षण और खेती के लिए प्रेरित करने की बात कही है।



### आदिवासियों को जोड़ेंगे

**जिला** प्रशासन ने भारत स्वाभिमान ट्रस्ट से जुड़े शहडोल से सीए सुशील सिंघल, एमपीआइडीसी के जीएम एनके शुक्ला, केके गर्ग के साथ आमंत्रण के लिए भेजा है। सीए सिंघल का कहना है कि बाबा रामदेव ने सहमति जताई है। ट्रस्ट के अनुसार सही मूल्य पर जमीन मिलती है तो निवेश करेंगे। नर्मदा के आसपास क्षेत्रों में औषधियों का हब बनाने का प्रयास है। शिक्षण संस्थान शुरू करेंगे। उत्पाद की बिक्री की जाएगी। किसान और आदिवासियों को ट्रेनिंग देकर जोड़ेंगे।

**गांवों में महिलाओं को सशक्त करने एनआरएलएम की कवायद**

## सतना में तैयार किए जाएंगे पांच नए मिल्क रूट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सतना.** सतना और मैहर जिलों में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पांच और नए मिल्क रूट स्थापित किए जाएंगे। एक रूट पहले से है। इस पहल के तहत महिला स्व सहायता समूहों को संगठित कर दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां बनाई गई हैं, जिनके माध्यम से दूध का एकत्रीकरण किया जाएगा। इसके बाद यह दूध मिल्क रूट के जरिए बड़े कारोबार का हिस्सा बनेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

जिला पंचायत सीईओ संजना जैन ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे के समय पाया कि समूह सक्रिय होने के बावजूद अपेक्षित लाभ नहीं कमा पा रहे हैं। समूहों के पास क्षमता तो है, लेकिन व्यापारिक नेटवर्क की कमी के कारण अधिक लाभ नहीं प्राप्त कर पा रहे। ऐसे में निर्णय लिया गया कि समूहों को स्थानीय गतिविधियों से जोड़कर एक ऐसा व्यापारिक मॉडल तैयार किया जाए, जिससे न केवल समूहों को लाभ मिले, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ें। खासकर ऐसे इलाकों को, जहां दूध उत्पादन अधिक होता है। इनको मिल्क रूट से जोड़ा जाएगा। इस पहल के तहत छह मिल्क रूट तैयार किए गए हैं, जिनमें महिला दुग्ध उत्पादक समितियों का गठन भी किया गया है। प्रयास एनआरएलएम के जरिए किए जा रहे हैं।

**मिल्क रूट इन ब्लॉक में:** रामपुर बाघेलान, नागौद, अमरपाटन, सोहावल और उचेहरा। मझगवां मिल्क रूट पहले से है।

## पेज तीन का शेष

### बैंककर्मी...

पुलिस ने रिलेशनशिप मैनेजर कमल कुमावत निवासी चित्रा नगर, अभिषेक मालवीय निवासी तेलंगाना हाल मुकाम इंदौर, स्टेनली जैकब निवासी इंदौर और लवदीप सहित चार को रिमांड पर लिया है।

**म्यूल अकाउंट पर टिकी निगाहें:** भोपाल में साइबर पुलिस और एटीएस की निगाह ठगी में इस्तेमाल म्यूल अकाउंट पर टिक गई हैं। इन म्यूल एकाउंट में टेरर फंडिंग के लिए भी पैसा दोबारा भेजा जाता था। पैसा कहां से भेजा जाता था, इसकी भी जांच चल रही है। देश में कुछ लोग म्यूल अकाउंट खोलते हैं जो कुछ पैसे, कमीशन या शुल्क लेकर दूसरों को अपने खाते के जरिए ट्रांजेक्शन की सुविधा देते हैं।

### महाकुंभ में...

इसमें भी कितने लोग कठिन जीवन परीक्षा पास कर मुकाम तक पहुंचेंगे, यह कहा नहीं जा सकता। लेकिन संगम के किनारे ये लोग श्रद्धालुओं के लिए चर्चा का विषय बने हुए हैं। जूना अखाड़े के साधुओं के मुताबिक अखाड़े की चार मढ़ियों (ठिकानों) के महंत संन्यासी बनने की प्रक्रिया पूरी कराते हैं। रात में अखाड़े के अंदर सभी विजया हवन करते हैं। इसके बाद ही कोई व्यक्ति संन्यास की ओर बढ़ता है। अखाड़े करते हैं पते की तस्दीक: संन्यासी जीवन धारण करवाने के लिए यह भी पता लगाया जाता है कि व्यक्ति क्यों ऐसा कर रहा है? उसकी भावना क्या है? अखाड़े उनके नाम-पता-पृष्ठभूमि की तस्दीक करने के बाद ही दीक्षा देते हैं। इस दौरान अगर नाम, पता या गलत प्रवृत्ति का व्यक्ति पाया जाता है तो उसे संन्यास की दीक्षा नहीं दी जाती। सुरक्षा का दायित्व अखाड़े का: अखाड़ों की सदस्यता पाने की प्रक्रिया भले जटिल हो लेकिन इसके बाद सदस्य की रक्षा का दायित्व अखाड़े का होता है। जूना अखाड़े के नियमों के मुताबिक अखाड़े का संत विदेश में चाहे किसी भी नाम से जाना जाए, उसकी सुरक्षा का दायित्व अखाड़े का ही होगा। उसकी संपत्ति पर अधिकार भी अखाड़े का ही होगा। पागल होने, मृत्यु होने या फिर चारित्रिक दोष सिद्ध होने पर जूना अखाड़े के संतों की सदस्यता खत्म होती है।

न्यूज 2 मिनट में

### लाड़ली बहनों को मासिक किस्त आज

**भोपाल @ पत्रिका.** लाड़ली बहनों के खातों में मासिक किस्त की राशि रविवार को ट्रांसफर की जाएगी। सीएम शाजापुर के कालापीपल में आयोजित राज्य स्तरीय आयोजन में राशि ट्रांसफर करेंगे। प्रति बहना 1250 रुपए मिलेंगे। प्रदेश में 1.29 करोड़ लाड़ली बहनें हैं।

### आज भोपाल में सूर्य नमस्कार करेंगे सीएम

**भोपाल @ पत्रिका.** स्वामी विवेकानंद जयंती पर रविवार को प्रदेशभर में सूर्य नमस्कार व योग होगा। सीएम राजधानी भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में होने वाले सामूहिक सूर्य नमस्कार में हिस्सा लेंगे और योग करेंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह नरसिंहपुर के ग्राम डोभी के सीएम राइज स्कूल में सूर्य नमस्कार करेंगे।

### हटा विधायक ने की पुलिस से शिकायत

**दमोह @ पत्रिका.** जनपद पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को जनपद अध्यक्ष चुनाव के दौरान विधायक उमादेवी खटीक के खिलाफ कई बार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल और समर्थकों ने नारे लगाए थे। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इस पर विधायक खटीक ने शनिवार को हटा पुलिस से शिकायत की।

**स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन: युवाओं के सपने साकार करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में होगा सफल**

# स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन: संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि की त्रिवेणी

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



@patrika.com

युवाओं की मेधा, शक्ति को जाग्रत करने वाले स्वामी विवेकानंद ने कहा था, 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।' विवेकानंद युवाओं को आशा और उम्मीद से देखते थे। युवा पीढ़ी को परिवर्तन का अग्रदूत मानते थे। हमारे मार्गदर्शक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा पीढ़ी की क्षमता को जाना, समझा और ज्ञान (GYAN) पर ध्यान का मार्गदर्शन दिया। इसमें G से गरीब, Y से युवा, A से अन्नदाता और N से नारी कल्याण की बात कही। उन्होंने युवाओं के लिए अनुशासन, शीलता और सकारात्मकता, कौशल क्षमता और प्रतिभा के विकास का आह्वान किया। मुझे प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हम आज से स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू कर रहे हैं।

हमने 'ज्ञान (GYAN) पर ध्यान' और मध्यप्रदेश की 'युवा नीति-2023' को केंद्र में रखकर इस मिशन को आकार दिया है। उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, रोजगार के अवसर और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। यह मिशन शहरी तथा ग्रामीण, पिछड़े और आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं के कल्याण के लिए है। इसमें महिलाओं, दिव्यांग, युवाओं और किसानों को सशक्त बनाने का प्रयास है।

युवाओं के लिए विभिन्न आयामों पर काम किया है। शासकीय नौकरी की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए 55 पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शुरू किए गए हैं। चिकित्सा शिक्षा के लिए आयुर्वेदिक, एलोपेथिक और होम्योपेथिक तीनों क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। विगत वर्ष तीन मेडिकल कॉलेज शुरू किए हैं।

यह बताते हुए आनंद है कि पीपीपी मोड पर दो साल में 25 नए मेडिकल कॉलेज आरंभ किए जाएंगे। औद्योगिकरण में रोजगारपरक व्यवस्थाओं के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का बड़ा आधार युवा शक्ति है। रीवा, उज्जैन, सहित अन्य आइटी पार्कों के माध्यम से युवाओं को अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर प्रदेश में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं।

स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन में युवाओं के कौशल संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना के माध्यम से रोजगार के लिए आवश्यक दक्षताओं का विकास किया जाएगा। पर्यटन, कृषि और सेवा क्षेत्रों में कौशल विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे। युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की जाएंगी। युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता और राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। मिशन के स्तंभ हैं- संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि। संवाद से आत्मविश्वास और नेतृत्व की क्षमता विकसित होगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, क्षमता संवर्धन और कौशल विकास से सामर्थ्य विकसित होगा और सामर्थ्यवान युवा समृद्ध होगा। हर्ष की बात है कि मिशन के माध्यम से युवा, स्वामी विवेकानंद के आह्वान को सार्थक करेंगे। वे भगवान श्रीकृष्ण की तरह स्वयं दीप बनेंगे और समाज को भी अपनी ऊर्जा और क्षमता से उज्ज्वल करेंगे। विश्वास है कि यह मिशन युवाओं के सपनों को साकार करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सफल होगा। युवाओं को जाग्रत करने तथा भारतीय अध्यात्म और संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद को पुन: नमन।

सीजनल केयर

# पैनिक नहीं हों, सावधानी बरतें संक्रमण से दूर रहें



डॉ. आलोक गुप्ता
फिजिशियन
patrika.com

*एचएमपीवी यानी ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस एक तरह का आरएनए वायरस है, जो न्यूमोविरिडे वायरस फैमिली से है। इसके अधिकतर लक्षण रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस के जैसे होते हैं। यह सांस के जरिए फैलता है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों, और कमजोर इम्यून सिस्टम वाले व्यक्तियों को अधिक प्रभावित कर सकता है।*

### ये हैं लक्षण

यह वायरस श्वसन नलिकाओं और फेफड़ों में संक्रमण पैदा करता है और खासतौर पर बच्चों में सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में कठिनाई जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है।

### ड्रॉपलेट्स के जरिए फैलता

जब संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता या बात करता है, तो यह वायरस हवा में फैल जाता है और सांस के जरिए दूसरे व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर जाता है। दरअसल, यह ड्रॉपलेट्स के जरिए फैलता है। इसके अलावा संक्रमित सतहों या वस्तुओं को छूने से भी यह वायरस फैल सकता है, यदि हाथों से चेहरे, नाक या मुंह को छुआ जाए।



### क्या यह कोरोना के जैसा है?

एचएमपीवी व कोरोना वायरस दोनों ही श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं, पर ये दो अलग-अलग फैमिली से संबंधित वायरस हैं। कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी का कारण बना था, जबकि एचएमपीवी एक अलग तरह का वायरस है। कमजोर इम्यून सिस्टम वाले व्यक्तियों को अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। चूंकि यह भी आरएनए वायरस है इसलिए इसमें भी म्यूटेशन की क्षमता होती है।

### इन उपायों को अपनाएं

- **हाथ धोना-** अपने हाथों को नियमित रूप से साबुन और पानी से धोएं, खासकर सार्वजनिक स्थानों से लौटने के बाद।
- **मास्क पहनना-** खांसी या छींकते समय मास्क का उपयोग करें, ताकि वायरस दूसरों में न फैले। संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाकर रखें।
- **हाइजीन बनाए रखें-** सतहों को साफ करें और सार्वजनिक स्थानों से बचें यदि संक्रमित व्यक्ति आसपास हो।
- **स्वस्थ आहार और व्यायाम-** इम्यून सिस्टम को मजबूत रखने के लिए स्वस्थ आहार लें और नियमित व्यायाम करना चाहिए।
- **आइसोलेशन में रखें-** यदि किसी को खांसी,-जुकाम, बुखार हो या इस रोग के लक्षण नजर आएं तो रोगी को घर में आइसोलेट रखना ही बेहतर है।

फिटनेस फर्स्ट

*कंधे, गर्दन और कोर मांसपेशियों को मजबूत बनाने वाले व्यायाम करें*

# टेक्नोलॉजी सिंड्रोम से निपटने में मदद करेगा यह वर्कआउट प्लान





अजय सिंह
सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर
patrika.com

आजकल मोबाइल और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग सेहत पर नकारात्मक असर डाल रहा है। लंबे समय तक स्क्रीन पर काम करने से गर्दन, पीठ, कंधे में दर्द और शरीर में अकड़न जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसे टेक्नोलॉजी सिंड्रोम कहते हैं।

**टेक्नोलॉजी सिंड्रोम से निपटने के लिए जरूरी है, सही पॉश्चर बनाए रखना और नियमित रूप से शारीरिक गतिविधि करना। इसे ठीक करने के लिए एक सही वर्कआउट रूटीन अपनाना जरूरी है, जो शरीर को मजबूत और लचीला बनाता है।**

*ऐसी पांच एक्सरसाइज कीजिए, जो टेक्नोलॉजी सिंड्रोम से निपटने में मदद कर सकती हैं।*

### 1. बेंट-ओवर रो

**क्यों करें:** यह एक्सरसाइज पीठ और कंधों को मजबूत बनाती है और झुके हुए पॉश्चर को सुधारने में मदद करती है, जो लंबे समय तक मोबाइल या कंप्यूटर उपयोग से उत्पन्न होता है।

### 2. चेस्ट प्रेस

**क्यों करें:** यह एक्सरसाइज कंधों और सीने की मांसपेशियों को मजबूत करती है, जो लंबे समय तक मोबाइल और कंप्यूटर पर झुके रहने से कमजोर हो सकते हैं।

### 3. हाइपरएक्सटेंशन

**क्यों करें:** यह एक्सरसाइज पीठ को मजबूत करती है और स्पाइन को सही स्थिति में रखती है। यह गर्दन और कमर के दर्द को कम करने में मदद करती है।

### 4. शोल्डर प्रेस

**क्यों करें:** यह एक्सरसाइज कंधों को मजबूत बनाती है और उनकी अकड़न और झुकाव को कम करती है, जो अक्सर मोबाइल या कंप्यूटर के लंबे समय तक उपयोग से होता है।

### 5. प्लैंक

**क्यों करें:** यह पेट और पीठ की पूरी कोर मसल्स को मजबूत करने के लिए बेहतरीन एक्सरसाइज है। यह पीठ दर्द और पॉश्चर सुधारने में मदद करती है।

**20-20-20 नियम फॉलो करें** - ज्यादा देर तक ऑफिस में काम करते हैं, तो हर 20 मिनट के बाद 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर देखना चाहिए। इससे आंखों का तनाव कम होता है।

### स्टैंड और स्ट्रेच करें

हर एक घंटे में कम से कम 5-10 मिनट के लिए खड़े हो जाएं और हल्का-फुल्का स्ट्रेच करें। शरीर में पानी की कमी से भी मांसपेशियों में अकड़न और दर्द हो सकता है इसलिए खूब पानी पीएं। इन एक्सरसाइज को नियमित रूप से करने से टेक्नोलॉजी सिंड्रोम से निपट सकते हैं। यह कंधों, पीठ, गर्दन, और कोर को मजबूत बनाएंगी, जिससे पॉश्चर और शारीरिक स्थिति बेहतर होगी। इन व्यायामों को शामिल कर आप मोबाइल और कंप्यूटर के अधिक उपयोग से होने वाली परेशानियों से राहत पा सकते हैं।

आयुर्वेद से...

## पालक, गाजर, चुकंदर खाने से बढ़ता हीमोग्लोबिन



आयुर्वेद में हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए कई प्राकृतिक उपाय और औषधियां बताई गई हैं, जो शरीर में खून की कमी को दूर करती हैं। आयुर्वेद का मानना है कि शरीर में रक्त निर्माण के लिए उचित आहार, जीवनशैली और औषधियों का उपयोग आवश्यक है।

1. **अश्वगंधा और शंखपुष्पी-** इन दोनों जड़ी-बूटियों को मिलाकर पाउडर बनाएं और दिन में दो बार एक-एक चम्मच लें।
2. **गुड़ और अंजीर -** गुड़ और अंजीर को मिलाकर खाना फायदेमंद हो सकता है। यह हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद करता है।
3. **चुकंदर,** पालक, आंवला और गाजर का जूस पीने से हीमोग्लोबिन बढ़ता है।
4. **त्रिफला और आंवला -** त्रिफला और आंवले का चूर्ण मिलाकर लेने से हीमोग्लोबिन बढ़ता है।
5. **लोहे से यानी आयरन से भरपूर आहार-** कढ़ाही का दूध बादाम वाला और आयरन से भरपूर आहार जैसे पालक, गाजर, बीटरूट और सेब का सेवन करना अच्छा है।
6. **विटामिन सी-** विटामिन सी लोहे को अवशोषित करने में मदद करता है, इसलिए नारंगी, संतरा और अंगूर जैसे फल खाएं।
7. **धनिया और पुदीना -** धनिया और पुदीना का जूस, ग्वार पाठा का रस, ज्वारे का रस मिलाकर पीने से हीमोग्लोबिन बढ़ता है।
8. **शहद और दालचीनी-** शहद और दालचीनी को मिलाकर सेवन करना हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मददगार है।
9. **आयुर्वेदिक चाय-** आयुर्वेदिक चाय (तुलसी, अदरक, हल्दी, किशमिश और दालचीनी वाली) पीने से हीमोग्लोबिन बढ़ सकता है।
10. **योग और व्यायाम-** योग और व्यायाम करने से रक्त प्रवाह बढ़ता है और हीमोग्लोबिन में वृद्धि होती है।
11. **पैरों** के तलवों एवं नाभि पर सरसों का तेल लगाएं और एक्यूप्रेशर चिकित्सा करने से रक्त संचार बेहतर होता है। इसके साथ ही रक्त की आपूर्ति सही होती है।

*- डॉ. पीयूष त्रिवेदी, आयुर्वेद विशेषज्ञ*

हैल्थ टेक... स्वास्थ्य में डिजिटल उपकरणों के उपयोग से बदल रहा इलाज का तरीका

# हृदय की देखभाल का स्मार्ट साथी



डॉ. हेमंत चतुर्वेदी
हृदय रोग विशेषज्ञ
patrika.com

आज के समय में डिजिटल हैल्थ ने चिकित्सा क्षेत्र में क्रांति ला दी है और इसका प्रभाव खासतौर पर हृदय स्वास्थ्य पर दिखाई दे रहा है। हृदय रोगों के मामले जिस तरह से बढ़ रहे हैं, उसमें इनकी पहचान, प्रबंधन और उपचार में डिजिटल तकनीकों की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो गई है। डिजिटल हैल्थ का उद्देश्य न केवल रोगी की देखभाल में सुधार लाना है, बल्कि इसे सटीक, समयानुकूल और व्यक्तिगत बनाना है। यह हृदय रोगों का इलाज में एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत कर रहा है।

### एम-हैल्थ

मोबाइल का हैल्थकेयर में उपयोग एक नई क्रांति है। खासकर टेक्स्ट मैसेज और वाट्सऐप के विकसित होने से इमरजेंसी हार्ट डिजीज के इलाज में काफी मदद मिल रही है, उदाहरण के लिए किसी व्यक्ति को सीने में दर्द होने पर वह निकट के डायग्नोस्टिक सेंटर से ईसीजी-एक्सरे करवाकर उसे तुरंत वाट्सऐप के माध्यम से अपने डॉक्टर को सेकंड में भेज सकता है। अपने ब्लड प्रेशर पल्स जैसे वाइटल अपने विशेषज्ञ को साझा कर सकता है। कोविड में यह तकनीक बेहद काम आई थी। एम हैल्थ ने न्यूट्रिशन-डाइट के क्षेत्र में भी बड़ी भूमिका निभाई है। स्मार्टफोन में कई ऐप उपलब्ध हैं, जो कि हैल्दी हार्ट के लिए हैल्दी डाइट के बारे में टिप्स देते हैं और लोगों को कैलोरी कंट्रोल के बारे में जागरूक करते हैं। एम-हैल्थ के दायरे में फिटनेस और एक्सरसाइज भी अधिक महत्त्व रखते हैं। स्मार्ट मोबाइल में बड़ी आसानी से हैल्दी हार्ट के लिए जरूरी एक्सरसाइज का शेड्यूल उपलब्ध है।

## 'डिजिटल हैल्थ'



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और मशीन लर्निंग

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) कार्डियोलॉजी में वरदान साबित हुई है। खासकर ऑटोमैटिक इमेजिंग, क्वालिटी इंप्रूवमेंट और संभावित रिस्क को बताने में इसका काफी योगदान रहा है। मशीन लर्निंग एल्गोरिदम हृदय के लक्षणों को पहचानने में मदद करते हैं जैसे ईसीजी डेटा का एनालिसिस करना, ब्लडप्रेशर की अनियमितताओं का पूर्वानुमान लगाना। रियल टाइम डेटा एनालिटिक्स कार्डियोलॉजी में बेहद मददगार साबित हो रहा है। रियल टाइम में डिजिटल उपकरणों के जरिए एकत्रित डेटा डॉक्टरों तक पहुंचते हैं, जिससे वे रोगी की स्थिति का बेहतर फैसला ले सकते हैं।

### वियरेबल डिवाइस

ऐसे मरीज, जिनका हार्ट क्षतिग्रस्त हो, पम्पिंग क्षमता कम हो और हार्ट ट्रांसप्लांट के अलावा कोई उपाय न हो। उसे नया हार्ट मिलने तक अपनी जिंदगी को सुचारू रूप से चलाने के लिए पोर्टेबल हार्ट लगाते हैं जिसे एलवीएडी भी कहते हैं। अब वियरेबल ग्लव्ज भी आ चुके हैं, जिन्हें चेस्ट पर लगाने से धड़कन को ब्लूटूथ से कंप्यूटर पर दूर से भी देखा जा सकता है।



### टेलीमेडिसिन

आजादी के इतने वर्षों बाद भी देश के कई शहरों-गांवों में चिकित्सा सुविधाएं नहीं हैं। टेलीमेडिसिन से स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की सुविधा गांव-कस्बे के लोगों को आसानी से मिल पाती है। दूरदराज के इलाकों में भी जटिल रोगों का डायग्नोसिस और निदान काफी आसान हो जाता है। कई संस्थाओं ने निशुल्क टेलीमेडिसिन की सुविधाएं लोगों के लिए शुरू की हैं।

### ई- हैल्थ

सडन कार्डियक अरेस्ट में अनायास मृत्यु को रोकने के लिए ऑटोमेटेड आइसीडी डिवाइस होती है, जो बैटरी से चलती है। यह धड़कनों की सतत रूप से निगरानी में रखती हैं और जरूरत पड़ने पर इलेक्ट्रिक शॉक देकर उसे नियमित करती है। हार्ट का इलेक्ट्रिक सिस्टम खराब होने पर पम्पिंग क्षमता पर असर पड़ता है, तो पेसमेकर लगाया जाता है। हार्ट फेलियर वाले मरीज, जिनमें हार्ट की पम्पिंग कम हो जाती है। उनमें भी सीआइटी जैसी कंप्यूटराइज्ड डिवाइस उपयोग में आती है।

### सेंसर्स का उपयोग

धड़कन के ज्यादा या कम हो जाने को पहचानने का काम इलेक्ट्रॉनिक सेंसर्स से किया जाता है, जिन्हें हॉल्टर मॉनिटरिंग कहते हैं। ये बैटरी से चलते हैं और इलेक्ट्रोड के जरिए हार्ट के प्रत्येक पल की धड़कनों को रिकॉर्ड करते हैं। ज्यादा समय के लिए जैसे एक हफ्ते तक धड़कनों की जांच के लिए ईएलआर और 6 महीने तक जांच के लिए आइएलआर जैसी सेंसर्स डिवाइस का उपयोग किया जाने लगा है।

### हार्ट हैल्थ कैलकुलेटर और रिस्क स्कोर

व्यक्ति हार्ट हैल्थ के बारे में जानने को उत्सुक रहता है। अब डिजिटल हैल्थ से यह आसान हो गया है। कई हार्ट हैल्थ कैलकुलेटर उपलब्ध हैं, जिनमें शरीर के वाइटल जैसे लंबाई, वजन आदि कुछ प्रश्नों के जवाब देकर अपने हृदय स्वास्थ्य के बारे में जाना जा सकता है। इसी तरह रिस्क स्कोर्स भी बनाए गए हैं, जो कि स्मार्टफोन में उपलब्ध हैं। इनसे हार्ट के जोखिम को समय रहते पहचान सकते हैं।

बी-अवेयर : ऐसे भोजन का सेवन करने से बचें, जिसमें नमक की मात्रा ज्यादा हो

# अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड में सोडियम से बच्चों में गुर्दे की पथरी

द वाशिंगटन पोस्ट
*विशेष अनुबंध के तहत*

बच्चों में गुर्दे की पथरी के मामले बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों का मानना है कि कुछ रिसर्च इसके लिए अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड को दोषी मानते हैं जबकि कुछ इसके लिए आनुवांशिकी, खराब आहार और अपर्याप्त पानी के सेवन को जिम्मेदार बताते हैं। टेक्सास चिल्ड्रन हॉस्पिटल के बाल रोग विशेषज्ञ जैचरी वी. जुनिगा ने कहा कि हम हर रोज बच्चों में गुर्दे की पथरी के मामले देख रहे हैं। कई मामले इमरजेंसी में आते हैं जबकि सभी को सर्जरी की जरूरत नहीं होती। उन्हें एंटीबायोटिक दवाओं की आवश्यकता पड़ती है।

फिलाडेल्फिया में बाल रोग विशेषज्ञ ग्रेगरी ई.टैसियन ने बच्चों में गुर्दे की पथरी पर रिसर्च किया है। उन्होंने कहा कि पथरी की बीमारी मध्यम आयु वर्ग के लोगों का रोग था, लेकिन पिछले 30 वर्षों में इसमें नाटकीय रूप से बदलाव आया है।

यह बीमारी वयस्कों और बच्चों को समान रूप से प्रभावित करती है क्योंकि पथरी अक्सर कैल्शियम ऑक्सालेट से बनी होती है। वहीं, बच्चों और वयस्क रोगियों की प्रोफाइल अलग-अलग होती है। पिछले कुछ दशकों में बच्चों में सोडियम का सेवन काफी बढ़ गया है। बाल रोग विशेषज्ञ जॉन एस. वीनर ने कहा कि अब आहार में बहुत अधिक नमक मिलाया जाता है। जब किडनी सोडियम को बाहर निकालती है, तो यह



अपने साथ कैल्शियम भी खींच लेती है और कैल्शियम-आधारित स्टोन्स का जोखिम बढ़ा देती है। 6 से 18 वर्ष की आयु के 90 प्रतिशत से अधिक बच्चे प्रतिदिन 3,300 मिलीग्राम सोडियम का सेवन करते हैं, जो अमरीकियों के लिए आहार संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार बताए गए 2,300 मिलीग्राम से कहीं अधिक है।

प्रोसेस्ड और फास्ट फूड अतिरिक्त सोडियम के मुख्य स्रोत में से हैं। कई प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में आवश्यक पोषक तत्त्वों की कमी होती है। वे शरीर के खनिज संतुलन को बिगाड़ सकते हैं, जिससे कैल्शियम और ऑक्सालेट का स्तर प्रभावित होता है। यहां तक कि जब प्रतिदिन सामान्य मात्रा में सोडियम का सेवन किया जाता है, तब भी कुछ लोगों में गुर्दे की पथरी होने का खतरा अधिक होता है। विशेषज्ञों की ओर से सुझाव दिया जाता है कि जिन लोगों के यह फैमिली हिस्ट्री है, उन्हें नमक का अधिक सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिए।

लाइफ लाइन हैलो डॉक्टर

# हरी सब्जियां खाने से चश्मा उतरने की गारंटी नहीं है

*पत्रिका की घर बैठे निशुल्क डॉक्टरी सलाह से जुड़ी पहल लाइफलाइन के तहत विभिन्न राज्यों से पाठकों ने नेत्र रोगों से जुड़े सवाल भेजे हैं।*

हैलो डॉक्टर

**पाठक, मेरी आंखों पर 10 वर्ष से नजर का चश्मा है, लोग कहते हैं कि हरी सब्जियां खाइए चश्मा उतर जाएगा, क्या यह सही बात है?**

हरी सब्जियों में पोषक तत्त्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। ये शरीर में विटामिन और मिनरल्स की कमी को पूरा करता है। हरी सब्जियां खाने से चश्मा उतर जाएगा, इस बात की गारंटी नहीं है। आंखें अगर कमजोर हैं, तो चश्मा लगाना जरूरी है। चश्मा लगने के कई कारण होते हैं जैसे जैनेटिक हिस्ट्री आदि। पेरेंट्स को यदि चश्मा लगा हुआ है तो बच्चों पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है।

**संदीप, मैं काफी समय से कॉन्टेक्ट लेंस का उपयोग कर रहा था, लेकिन कुछ दिनों पूर्व मुझे आंख में पीला धब्बा दिखाई दिया। लैंस लगाना तो बंद कर दिया, लेकिन वह धब्बा कम नहीं हो रहा। यह धब्बा क्यों बना है, कृपया समाधान बताएं?**

जो लोग कॉन्टेक्ट लेंस पहनते हैं, वे हाइजीन का ज्यादा ध्यान रखें। सॉल्यूशन, लेंस केस, कॉन्टेक्ट लेंस और आंखों की साफ-सफाई रखनी चाहिए। जब आप जरूरत से ज्यादा कॉन्टेक्ट लेंस पहनते हैं तो भी आंखों में पीला धब्बा बनने लग जाता है। 8 -10 घंटे की जगह कई लोग 13 से लेकर 15 घंटे तक लेंस पहने रखते हैं। इससे आइ बॉल्स को ऑक्सीजन कम मिलती है। कई लोग सोते वक्त लेंस हटाना भूल जाते है जिससे आंखों में जकड़न आ जाती है।

**प्रतीक, मैं ऑनलाइन क्लास के लिए ज्यादातर मोबाइल का उपयोग करता हूं। मेरी आंखें थक जाती हैं और उनमें खुजली होने लगती है, क्या करूं?**

यह समस्या तब होती है, जब हम स्क्रीन के पास अत्यधिक काम करते हैं। मोबाइल और लैपटॉप से निकलने वाला रेडिएशन ड्राइ आइ यानी आंखों में सूखापन जैसी समस्या पैदा करता है। इससे आंखों में जलन, रिफ्लेक्स वाटर और खुजली की समस्या होती है। अपने स्क्रीन टाइम को कम करना चाहिए। आंखों से जुड़े व्यायाम करना बेहद जरूरी है। ज्यादा देर तक यदि पढ़ाई करनी पड़ती है, तो बीच-बीच में खुद को थोड़ा ब्रेक देना चाहिए। इससे आंखों पर दबाव नहीं पड़ता और रिलैक्स भी महसूस होता है।

**डॉ. स्वाति तोमर**, नेत्र रोग विशेषज्ञ

## इस सप्ताह पूछें महिला रोगों से जुड़े सवाल

पत्रिका लाइफलाइन में इस सप्ताह महिला रोगों से जुड़े सवाल पूछें। सवालों के जवाब 19 जनवरी के अंक में एक्सपर्ट देंगे। **ध्यान रखें :** सवाल विस्तार से लिखकर गुरुवार तक वॉट्सऐप नं. 8955003879 पर भेजें। (*यह डॉक्टर का नहीं, पत्रिका हैल्थ डेस्क का नंबर है, फोन न करें। वाट्सऐप पर जवाब नहीं दिए जाते हैं। यह मेडिको लीगल के लिए मान्य नहीं है।)

पत्रिका लाइफ लाइन लाइव

विंटर डाइट एंड मिलेट्स — यह ग्लूटेन फ्री और कम ग्लाइसीमिक इंडेक्स वाला अनाज है, इसलिए सीलियक रोग व डायबिटीज में है फायदेमंद

# सेहतमंद आहार का अच्छा विकल्प ज्वार, प्रोटीन से भरपूर व फाइबर युक्त



मेधावी गौतम
आहार विशेषज्ञ
patrika.com

*ज्वार प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत है, क्योंकि 100 ग्राम ज्वार में लगभग 10.5 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। इसके अतिरिक्त इसमें फाइबर, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम भी भरपूर मात्रा में होते हैं, जो पाचन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। यह कब्ज की समस्या में फायदेमंद होता है, क्योंकि इसमें गुड बैक्टीरिया की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है।*

### यह है ग्लूटेन फ्री अनाज

ज्वार का ग्लाइसीमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे यह रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसलिए यह डायबिटीज रोगियों के लिए अच्छा अनाज है। उसके अलावा यह ग्लूटेन-फ्री भी होता है, जो सीलियक डिजीज से प्रभावित बच्चों के लिए उत्तम विकल्प है। ज्वार में एंटीऑक्सीडेंट्स की भी अच्छी मात्रा पाई जाती है। यह एंजाइटी, डिप्रेशन, डायबिटीज और हृदय रोगों से बचाने में मदद करते हैं।

### बोन हैल्थ के लिए अच्छा

यह हड्डियों के लिए लाभकारी है। उन्हें मजबूती प्रदान करता है। इसमें



मौजूद फाइबर से कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है। यह कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट से भरपूर है और शरीर को लंबे समय तक ऊर्जा प्रदान करता है। इसे चावल और क्विनोआ के स्थान पर उपयोग किया जा सकता है। इसे पुलाव, उपमा, सलाद और बेकिंग में भी इस्तेमाल किया जाता है, जिससे भोजन की पौष्टिकता बढ़ती है।

### ज्वार का उपमा बनाकर खाएं




ज्वार को आठ से दस घंटे तक पानी में भिगोकर रखें। फिर प्रेशर कुकर में दो-ढाई कप पानी व स्वादानुसार नमक डालकर चार-पांच सीटी देकर पकाएं। एक चम्मच घी में थोड़ा-सा हींग, करी पत्ता व जीरा तड़काएं। उसमें मटर, टमाटर, प्याज, फूलगोभी, गाजर (कटी हुई) डालकर हल्की आंच पर पका लें। उसमें उबाला हुआ ज्वार मिलाकर सभी मसाले डालें और थोड़ी देर तक पकाएं। हरा धनिया डालकर परोसें।

हैल्थ रील्स...

## ओस्टियोपोरोसिस के तीन बड़े संकेतों को पहचानें

*ओस्टियोपोरोसिस के शुरुआती लक्षण अक्सर छिपे होते हैं, लेकिन कुछ ऐसे संकेत हैं, जिन्हें आसानी से पहचान सकते हैं। जागरूक बनिए। संकेतों के बारे में जानिए।*

***हाथ की ग्रिप कमजोर होना*** यह ओस्टियोपोरोसिस का एक संकेत हो सकता है। इसमें विशेष रूप से हाथों और कलाई की हड्डियों में कमजोरी का अनुभव होने लगता है और ग्रिप ठीक से नहीं बन पाती।



***नाखूनों का कमजोर होना*** यह इस रोग के अप्रत्यक्ष संकेत के रूप में देखा जा सकता है। सीधे तौर पर ओस्टियोपोरोसिस से जुड़ा नहीं होता, पर भंगुर नाखूनों का संबंध बोन हैल्थ से हो सकता है।




***झुकी हुई मुद्रा*** - यह इस रोग का महत्त्वपूर्ण संकेत हो सकता है। जब हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, विशेष रूप से रीढ़ की हड्डी तो वे अधिक भंगुर और कमजोर हो जाती हैं, जिससे मुद्रा पर असर पड़ता है।



नोट- डॉक्टरी सलाह से ही कोई नुस्खा या दवा लें।

स्पंदन




गुलाब कोठारी

लेखक पत्रिका समूह के प्रधान संपादक हैं

# श्रवण-2

हमारी सृष्टि वाक् सृष्टि है। अर्थात् एक ओर तो यह शब्द सृष्टि है, दूसरी ओर, अर्थ सृष्टि है। जिस प्रकार पदार्थ तथा ऊर्जा एक-दूसरे में रूपान्तरित हो सकते हैं, उसी प्रकार अर्थ और शब्द भी एक-दूसरे में बदल सकते हैं। सृष्टि का आरम्भ आकाश से होता है, ध्वनि सृष्टि का मूल आधार बनता है। सम्पूर्ण अधिदेव, अधिभूत और अध्यात्म ध्वनि पर आधारित हैं। ध्वनि तरंगों से निर्मित होते जाते हैं। अतः पंच महाभूतों के केन्द्र में भी ध्वनि या आकाश रहता है। सभी प्राणियों के भीतर दहराकाश रहता है। यही नाद, ध्वनि या शब्द इसका गुण है। यही सम्पूर्ण सृष्टि को सूत्र रूप से जोड़े रहता है। इस नाद का केन्द्र आत्मा होने से सारे शब्द वहीं से उठते हैं। आत्मा ईश्वर का अंश है। जब ईश्वर की बात करेगा तो ईश्वर सुनेगा ही अथवा उसे तो सुनना ही पड़ेगा। यही रहस्य है श्रुति का, श्रवण का।

जिस प्रकार अर्थ सृष्टि आकाश से शुरू होती है, वैसे ही शब्द सृष्टि भी नाद से ही आगे बढ़ती है। अर्थ सृष्टि अन्त में आकाश में ही लीन होती है, शब्द सृष्टि भी नाद में ही लीन हो जाती है। आकाश ईश्वर स्थानीय है। जब हम शब्दों का श्रवण करते हैं, तब सुनने का माध्यम तो अवश्य ही कान होता है किन्तु कान को सुनाई नहीं देता। इन्द्रियां मन के द्वारा नियन्त्रित होती हैं, श्रोत्र इन्द्रिय भी। यानी कि सारे शब्द कान के माध्यम से ही मन तक पहुंचते हैं। मन के द्वारा कारण-शरीर, आत्मा तक जाते हैं। मन यदि श्रवण काल में कान के साथ नहीं रहता, अन्यत्र भटकता है, तब शब्द को मन ग्रहण ही नहीं करता। ईश्वर नहीं भी सुनता है और सुनता भी है। यह हमारी चित्तवृत्तियों की एकाग्रता पर ही निर्भर करता है।



श्रवण कैसे करें, इसके लिए भी एक अभ्यास कराया जाता है। आप किसी शान्त स्थान पर किसी भी आसन में सुखपूर्वक बैठ जाएं। धीरे-धीरे शरीर को ढीला छोड़ दें। तब आप अपने विचारों का ही साक्षात् करेंगे। अब संकल्प के साथ विचारों पर से भी ध्यान हटा लें। विचार आते रहेंगे, आने दें। उनको रोकने का, उन पर चिन्तन करने का प्रयास भी नहीं करें। धीरे-धीरे विचार भी आपको सुनाई देना बन्द हो जाएंगे। अब आपके भीतर दो प्रकार की ध्वनियां बची रहती हैं। एक आपकी धड़कन, जिसे वैश्वानर अग्नि की ध्वनि कहा जाता है तथा दूसरी आपके कानों में झिंगुर जैसी सूक्ष्म-अनाहत ध्वनि। अब आप श्रवण-क्रिया में पूर्ण तल्लीन-मग्न होते जा रहे हैं। श्वास मन्द हो गया। बाह्य जगत् से आपका सम्बन्ध विच्छेद-सा हो गया है। शरीर-मन-बुद्धि शान्त हैं, आत्मा जाग्रत है। इस स्थिति तक पहुंचने के लिए आरम्भ में जप का भी सहारा लिया जाता है। जप वैखरी से आरम्भ होता है। फिर मध्यमा से गुजरता हुआ पश्यन्ती की ओर बढ़ता है। गुरु द्वारा इस स्थिति में छोड़ा गया शब्द मन्त्र के समान आत्मा में प्रवेश कर जाता है, मन्त्र ही बन जाता है। स्मृति पटल पर अंकित हो जाता है। गुरु स्वयं भी इसी स्थिति में रहता है। अर्थात् उसके भी शरीर-मन-बुद्धि शान्त एवं स्थिर होते हैं। वह आत्म-ज्ञान का प्रसरण करता है जो शिष्य के आत्मा तक निर्बाध रूप से पहुंच सकता है। साधारण व्यवहार दशा में ऐसी मनःस्थिति केवल संकट या आपातकाल में ही पैदा होती है। यही आत्मा से आत्मा का संवाद कहलाता है। शिष्य की चीख सुनकर गुरु या ईश्वर दौड़ आते हैं। आत्मा का आधा भाग जीव का और आधा भाग ईश्वर का होता है। ऐसी संकल्पित एकाग्रता बीच के परदे को हटा देती है। द्रौपदी का चीर हरण, गजेन्द्र (हाथी) की पुकार, भक्त प्रह्लाद और नरसी मेहता आदि के उदाहरण ईश्वर श्रवण के हैं। जब हम 'उसको' या 'उसकी' सुनना सीख जाते हैं, तो वह भी हमारी सुनने लग जाता है। आदान-प्रदान का मार्ग खुल जाता है। ऐसा श्रवण ही मनन का आधार बनता है। जो शब्द स्मृति में रहता है, उसी का मनन और निदिध्यासन संभव है। चित्त की ग्राह्यता बढ़ने लगती है।

भारत में भाषा-व्याकरण के आरम्भ से पूर्व भी ज्ञान तो था। श्रवण के आधार पर ही हमारी परम्परा आगे बढ़ी। उपनिषद् साहित्य में ऋषि अपने शिष्यों को जीव-जगत् और ब्रह्म के सिद्धान्तों को सुनाते ही हैं, जो प्रश्नोत्तर का स्वरूप हैं। शिव-पार्वती संवाद रूप में कितने ग्रन्थ उपलब्ध हैं। द्वैत-अद्वैत-विशिष्टाद्वैत सब ऋषि मुख से आया है, अतः श्रुति ही कहलाता है। श्रुति ही हमारे ज्ञान का प्रमाण है। जब से लेखन शुरू हुआ, सब कुछ अपभ्रंश होने लग गया। ऋषि प्रज्ञा पर बुद्धिजीवियों के आक्रमण होने लग गए। इतिहास के महान ग्रन्थ रामायण, महाभारत, गीता आदि भी श्रोता-वक्ता परम्परा पर ही आधारित हैं। तन्त्रशास्त्र भी शिव-पार्वती संवाद ही है। मूल बात यह है कि इस परम्परा में वक्ता-श्रोता का धरातल एक होना आवश्यक है- श्रोता बकता ज्ञाननिधि कथा राम कै गूढ़।

भक्ति-सम्प्रदायों के उद्‌भव और विकास में भगवत् लीला का श्रवण ही सर्वप्रथम एवं सर्वप्रमुख अंग बन गया। कहते हैं-'वे कान, कान नहीं हैं जो भगवत् चरित्र नहीं सुनते।' ईश्वर सुनता भी है, सुनाता भी है। जब वह सुनाता है तो मीरा, तुलसी, सूरदास में दिखाई पड़ता है। जब वह सुनाता है तब कृष्ण रूप में गीतामृत प्रवाहित करता है। भक्तों को सहज रूप से प्राप्ति करवाने के लिए ईश्वर स्वयं प्राप्य भी होते हैं और प्राप्त होने के उपाय भी बताते हैं।

शास्त्र-श्रवण की परम्परा के पीछे भी 'श्रुतं हरति पापानि' जैसे वाक्य ही हैं। अनेक स्तोत्रों को सुनने मात्र से अशुभ-निवारण एवं शिव-प्राप्ति बताई गई है।

बृहदारण्यक उपनिषद् का उद्‌घोष है- 'आत्मा वाऽरे द्रष्टव्यो श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः। सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्यः॥' अर्थात् आत्मा को देखो, उसे सुनो, उसी का मनन करो, निदिध्यासन करो। उसी को ढूंढ़ो, उसकी जिज्ञासा करो।

(समाप्त)

gulabkothari@epatrika.com

सामाजिक संस्कारों से जुड़ा यह स्तंभ नई पीढ़ी को भी पढ़ाएं।

लघुकथा

SHORT STORIES

## धर्मात्मा



गोविन्द भारद्वाज

patrika.com

'देखो, आज कितना चारा हमें खाने को मिल रहा है... भगवान इन सब का भला करे...पेट भर हरा चारा यदि रोज मिल जाए तो अपनी तबीयत हरी हो जाए।' बछड़े ने गाय से कहा।

'बेटा जितना चरना है आज ही चर ले...कल यहां कोई आने वाला नहीं।' गाय ने चरते हुए कहा।

'आज ही क्यों... कल क्यों नहीं?' बछड़े ने पूछा।

गाय ने कहा, 'बेटा आज मकर संक्राति का पावन पर्व है..इस दिन सब दान-पुण्य करते हैं। जवाब देने से पहले देखना पड़ रहा है कोई आदमी तो इधर-उधर नहीं है। यदि उसने सुन लिया तो वो हमसे नाराज हो जाएगा।' गाय ने कहा।

'क्यों कोई खास बात है क्या?' बछड़े ने पूछा।

'दरअसल आज आदमियों में होड़ मची है कि कौन कितना ज्यादा दान-पुण्य करता है। जो जितना अधिक दान करेगा वह उतना ही बड़ा धर्मात्मा।' गाय ने धीरे से कहा।

'काश! एक दिन की होड़ करने की बजाय रोज थोड़ा-थोड़ा दान-पुण्य करते रहें ये धर्मात्मा तो हमें सड़कों पर इस तरह आवारा पशु के रूप में भटकना न पड़े....।' बछड़े ने कहा।

सीख

SHORT STORIES

## कंबल वाला



डॉ. शैल चन्द्रा

patrika.com

'लो कंबल ले लो....।' एक फेरी वाला साइकिल में कंबल का बंडल रखे फेरी लगा रहा था।

बीना बाहर लॉन में पौधों को पानी दे रही थी। फेरी वाले की आवाज सुनकर वो बाहर निकली। देखा एक दुबला पतला सांवला सा अधेड़ फटे पुराने कपड़े पहने कंबल बेच रहा था। उसने इस बार मकर संक्राति पर कंबल दान करने का सोच रखा था। उसने कंबल वाले को आवाज देकर बुलाया। कंबल वाला तुरंत वहां आ गया। बीना ने कंबल के भाव पूछे।

'पांच सौ रुपए जोड़ी है बहनजी, इससे कम नहीं हो सकता। लेना है तो बताइए?' फेरी वाले ने कहा।

'ठीक है भइया, दस कंबल दे दीजिए।' बीना ने कहा। सांझ की शीत पवन अब ठिठुरन बढ़ा रही थी। फेरी वाले को पैसे देते हुए बोली-'भैया, कितनी ठंड है आपके पास गर्म कपड़े भी नहीं हैं। आपको ठंड नहीं लगती?' 'क्या करें बहनजी, दूर से आए हैं। अपने खाने का इंतजाम कर लें यही बहुत है। रात को सराय में बहुत ठंड लगती है।'

'अरे पर आपके पास तो इतने सारे कंबल के गट्ठर हैं। रात को इन्हें ही ओढ़ लिया करो।' बीना ने कहा।

'नहीं बहनजी, ये कंबल हमारे मालिक ने हमें बेचने को दिए हैं। एक कंबल बेचने पर हमें वो बीस रुपए देते हैं। कुछ नुकसान हो गया तो हम गरीब लोग कहां से देंगे?' फेरी वाले ने मायूसी से कहा।

'रात को चुपचाप इन कंबल को ओढ़ लोगे तो किसे पता चलेगा।'

'बहनजी, हम ग्राहकों के साथ गद्दारी नहीं कर सकते। हमारे लिए ये कंबल पूजा के फूल जैसे हैं। जिसे भगवान के चढ़ाने से पहले सूंघा नहीं जाता। ठंड तो कुछ दिन की है पर हमें तो सारी जिंदगी कंबल जो बेचना है। हम गरीब जरूर हैं पर धोखेबाज नहीं।'

फेरी वाले का यह उत्तर सुनकर बीना सुखद आश्चर्य से भर उठी।

**आज बरसों बाद मकर संक्रांति का त्योहार है। नक्षत्र परिवार के साथ छत पर चढ़ा हुआ है। पतंगबाजी और खाने-पीने का दौर चल रहा है। नक्षत्र ने सालों बाद चरखी हाथ में उठाई है।**

## वादा

रेणु गुप्ता

patrika.com



मकर संक्रांति का दिन था। हवा में गुलाबी ठंड घुली हुई थी। नक्षत्र अपनी चरखी और नई-निकोरी रंग-बिरंगी पतंगों को लेकर सुबह-सवेरे से अपनी छत पर चढ़ गया और बड़ी तन्मयता से पतंग उड़ाने लगा। अच्छी हवा बह रही थी। सो थोड़ी ढील देते ही देखते-देखते उसकी पतंग आसमान से बातें करने लगी।

तभी उसकी उड़ती पतंग के पास एक लाल-हरे रंग की बेहद खूबसूरत पतंग आई और उससे पेंच भिड़ाने लगी। उसे यही तो चाहिए था। पेंच-बाजी में उसे बेहद मजा आता था। एक अबूझ सी तरंग उठने लगती थी उसके पूरे वजूद में। उसने पूरी दत्त-चित्तता से पेंच लड़ाना शुरू कर दिया और देखते ही देखते उस लाल-हरी पतंग को काट दिया। तभी अनायास उसकी नजर सामने अपनी छत से लगती हुई छत पर डोर समेटती किशोरी पर पड़ी। ओह... तो उसकी पतंग काटी थी। उसने अपनी छत की मुंडेर तक जाकर ध्यान से देखा, अपनी पतंग कटने पर उस किशोरी के चेहरे पर तनिक मायूसी थी। वह तनिक जोर से चिल्लाया, 'हाय...मैं नक्षत्र!'

'हाय...मैं हृदा!' लड़की ने तनिक उदासीनता से उससे कहा।

'ओके...। बहुत अनोखा नाम है तुम्हारा। इसका मीनिंग?'

'हार्ट।'

'तुम्हें पहले नहीं देखा?'

'हम अभी इसी वीक किराए पर आए हैं।' हृदा ने कहा।

'ओके। तुम्हें पतंग उड़ाने का बहुत शौक है?' नक्षत्र ने उससे पूछा।

'बहुत ज्यादा।' 'बिल्कुल यही मेरे साथ है। काइट फ्लाइंग मेरी फेवरिट हॉबी है।' नक्षत्र ने फिर उससे पूछा, 'किस क्लास में हो?'

'इलेवन्थ में।' 'और तुम?'

'मैं भी इलेवन्थ में हूं।'

तभी एक गौरैया नक्षत्र के मांझे में फंस कर उसके पैरों के पास आकर गिर गई। उसे गिरते देख वह लड़की चौंक कर चिल्लाई और झपट कर दोनों छतों की मुंडेर लांघ उसकी छत पर आ गई और घायल गौरैया को अपने हाथों में उठा लिया। चिड़िया की गर्दन से थोड़ा खून बह रहा था। हृदा जल्दी से दौड़ कर नीचे की ओर भागी।

'अरे, कहां जा रही हो?'

'यहां पास के वेटरनरी हॉस्पिटल।'

'कैसे जाओगी?' 'बहन के साथ।'

चलो, मैं अपनी बाइक निकालता हूं। उस पर चलते हैं।'

'ओके। जल्दी चलो। इसका खून बहना बंद नहीं हुआ।' उसे लगा, उसका गला भर आया था और उसकी आंखें पनीली हो आई थीं। हृदा की आंखों में आंसू और चेहरे पर चिंता-फिक्र के भाव देख कर उसे अचरज हो रहा था, 'यह लड़की कितनी सेंसिटिव है। महज एक चिड़िया के लिए कितनी फिक्रमंद नजर आ रही है।'

वे दोनों पांच मिनट में वेटरनरी हॉस्पिटल पहुंच गए। पूरे रास्ते हृदा नक्षत्र को लापरवाही से बिना देखे-भाले पतंग उड़ाने के लिए डांटती रही। जब नक्षत्र ने हृदा से वादा किया कि वो अबसे आसमान में उड़ती चिड़ियाओं का ध्यान रखते हुए पतंग उड़ाएगा, तब ही वह चुप हुई। इतने में वे अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टर ने चिड़िया की मरहम-पट्टी कर दी। घर वापस आकर नक्षत्र फिर से छत पर चढ़ गया। आज मकर-संक्राति के दिन पूरा शहर पतंग उड़ाने के लिए मानो छत पर चढ़ा हुआ था। हवा में हर तरफ 'ये काटा...वो काटा..।' का शोर गूंज रहा था। हर छत पर फिल्मी गीत पूरे वॉल्यूम पर बज रहे थे। छत पर ही लोग संक्रांति के विविध पकवानों जैसे दाल की पकौड़ी, गाजर का हलवा, गजक, रेवड़ी, फेनी, तिल के लड्डू और बर्फियों का आनंद उठा रहे थे। नक्षत्र पतंग उड़ा रहा था, लेकिन पिछले कुछ ही घंटों में उसकी दुनिया बदल गई थी। उसकी आंखों में घायल पंछी को बड़े लाड़ से अपने गाल से सटाए हृदा की भोली-भाली छवि मानो छप गई थी। तभी नक्षत्र की पतंग कट गई। वह एक बेहद कुशल पतंगबाज था। उसकी पतंग बिरले ही कटती थी। सो अपनी पतंग कटते देख वह अपने आप पर झल्लाया और उसने अपने सामने नजर फिराई। सामने हृदा चोटिल पंछी को अपनी बांहों में दुबकाए धूप में बैठी थी। वह चिल्लाया, 'हृदा, पतंग नहीं उड़ा रही?'

'नहीं, पहले इस स्पैरो की केयर जरूरी है। देखो कैसे कांप रही है।'

'अरे यार, तुम इसे धूप में छोड़ दो। ठीक हो जाएगी।'

'नहीं...नहीं...मैंने इसे छोड़ा तो यह मर जाएगी।'

'नहीं मरेगी। चलो...मैं तुम्हें चैलेंज देता हूं, मेरी पतंग काट कर दिखाओ।'

'नहीं...मूड नहीं है।'

उस दिन के बाद से दोनों की दोस्ती रफ्ता-रफ्ता बढ़ चली थी। वक्त अपनी ही चाल से बीतता गया। बारहवीं के बाद नक्षत्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने दूसरे शहर चला गया। वह इंजीनियर बन गया। हृदा डॉक्टर बन गई। दोनों की दोस्ती बदस्तूर जारी थी। आज बरसों बाद फिर से मकर संक्राति का त्योहार है। नक्षत्र छत पर चढ़ा हुआ है। पतंगबाजी और खाने-पीने का दौर चल रहा है।

नक्षत्र ने सालों बाद चरखी हाथ में उठाई है। जिंदगी की जद्दो-जहद में पतंगबाजी का शौक न जाने कहां छूट गया। नक्षत्र ने अपनी पतंग को ढील दे ऊंचा उठाने का प्रयास किया ही था कि तभी उसके मांझे से कट कर एक पक्षी उसके पैरों के पास आ कर गिरा। वो एक कबूतर था। उसने उसे नजरअंदाज करने की कोशिश की और चरखी घुमाता रहा, लेकिन न जाने क्यों नजरों के सामने चोट खाई गौरैया को गाल से सटाए हृदा की मासूम छवि आ गई। जेहन में पुरानी यादों का सैलाब बह निकला। उसने झपट कर चोटिल कबूतर को गोद में उठाया और सीढ़ियों की तरफ भागा। उसकी पत्नी उसे पुकारती रह गई, 'नक्षत्र..., गरम-गरम पकौड़ियां सिक रही हैं। खा लो।'

'मैं आया इसकी मरहम-पट्टी करवा के।' 'मरहम-पट्टी? कहां जा रहे हो?'

'ये देखो, ये कबूतर को चोट लग गई। तो वेटरनरी अस्पताल जा रहा हूं।'

'उफ...कबूतर ही तो है। पकौड़ियां गरम-गरम सिक रही हैं। पहले खा लो, फिर जहां जाना है चले जाना।'

'नहीं, नहीं, बहुत देर हो जाएगी। मैंने किसी से वादा किया है।'

'वादा? कैसा वादा? किससे किया है। पता नहीं क्या बोल रहे हो?'

'तुम्हें समझ आएगा भी नहीं।' नक्षत्र बुदबुदाया और कबूतर को लाड़ से गाल से सटाए अस्पताल की ओर चल दिया। दोस्त से किया वादा जो निभाना था।

काव्यांजलि

POEM

## तुम

डॉ. राजीव जैन

तुम, जो शब्दों से
परे हो,
जो विचारों से
कहीं गहरे हो,
जो कभी न कहे गए, फिर
भी समझे गए,
तुम, बस वही हो,
जो मेरी आत्मा ने महसूस
किया !!

तुम, जो शब्दों से
परे हो,
जो हो दृष्टियों में समाहित

हर लम्हे में बसा ,
फिर भी खोया खोया सा
!!!

तुम हो वह धारा,
जो चुपके से बहती है,
हर राह में एक नया गीत
गाती है !!!
तुम हो वह
रुकती हुई हवा,
जो थमते हुए पल में
सुकून लाती है !!!

तुम, जो कभी
मेरे पास नहीं थे,
फिर भी हर वक्त
मेरे भीतर थे !!!
तुम, एक
अनदेखी छाया,
जो कभी न छोड़ती, फिर
भी स्वतंत्र है !!!

तुम, एक रहस्य हो, जिसे
हर कोई
नहीं समझ पाता,
लेकिन जो समझे,
वह अनकही दुनिया को
पा जाता !!
तुम हो मेरी कविता का
दिल,
जिसे शब्दों में बांध पाना
मुश्किल !!!

तुम, जो सन्नाटे में गूंजते
हो,
जो चुप रहकर भी सारी
बात
कह जाते हो !!!
तुम हो वह सत्य, जो
कभी छुपा नहीं रहता,
कभी न कहे जाने के
बावजूद, सब कुछ स्पष्ट
कर जाता है !!!


पुस्तक चर्चा

BOOK REVIEW

# पर्दे के पीछे की अनकही कहानियां

बॉलीवुड के अनकहे किस्से

लेखक अजय कुमार शर्मा




पुस्तक 'बॉलीवुड के अनकहे किस्से' में भारतीय सिनेमा पर महती जानकारियां हैं। इसमें सिनेमा से जुड़े किस्से–कहानियां ही नहीं हैं, परदे के पीछे के भी ऐसे अनछुए पहलू लेखक ने संजोए हैं, जिनसे हम सिने-संस्कृति को गहरे से समझ सकते हैं।

पुस्तक तीन भागों में है। पहले भाग में बॉलीवुड के वह किस्से हैं जिनमें फिल्मों और उनसे जुड़े परन्तु बहुत से स्तरों पर इतर चरित्रों के आलोक में महती जानकारियां हैं। 'मदर इंडिया' फिल्म की तारिका नरगिस की मां जद्दनबाई, उनकी ठुमरी और सिनेमा में हाथ आजमाने आने वालों की मदद से जुड़ी छवि के बहाने सिने इतिहास में उनके योगदान पर यहां जानकारी है। सोहराब मोदी के बुलंद विचारों से जुड़े रोचक किस्से हैं, सिने तारिका बेगम पारा और उनके पुरुषों जैसे शौक, केदार शर्मा के व्यक्तित्व, दुर्गा खोटे, किशोर साहू, स्टंट नायक से सफल नायक बने जयराज, गायक अभिनेता के.एल. सहगल, राजकपूर, राजकुमार, वैजयंतीमाला आदि के व्यक्तित्व से जुड़े अनजाने, पर रोचक किस्सों की दास्तां संजोई गई है।

दूसरे भाग में बासु चटर्जी के आम जीवन से जुड़े सरोकारों, ओम शिवपुरी की सिने सफलता, गुलशन ग्रोवर को फिल्म मिलने की कहानी आदि के साथ ही 'एक दिन के लिए गायब हो गई हेमा मालिनी' जैसे किस्सों में परदे के पीछे की कहानियों को तथ्यों सहित रोचक ढंग से लेखक ने पुनर्नवा किया है।

पुस्तक के तीसरे भाग में कुछ फिल्मों का चयन कर उनसे जुड़ी वे कहानियां पाठकों को सौंपी गई हैं, जिनमें फिल्मों के सफल होने की वजह को तलाशा गया है। मसलन संगीतकार नौशाद द्वारा फिल्म निर्देशक एस.यू.सन्नी को सुनाई सच्ची कहानी पर बनी फिल्म 'पालकी' से जुड़े अनछुए पहलू लेखक ने उकेरे हैं,तो किशोर साहू को कमाल अमरोही द्वारा दिए टके से जवाब में बहुत कुछ महती जानकारियां लेखक ने दी हैं।

-डॉ. अरुणा व्यास patrika.com

*अपनी रचना भेजिए: अपनी मौलिक और अप्रकाशित कहानी, कविता और लघुकथाएं हमें इस मेल एड्रेस पर भेजिए-sunday@in.patrika.com ध्यान रखें कहानी-1000 और लघुकथा-250 शब्दों से अधिक नहीं हो।*

**रिपोर्ट में खुलासा : ऑस्ट्रेलिया में खराब रहा प्रदर्शन**

# मेलबर्न टेस्ट के बाद रोहित ने नहीं लिया संन्यास तो खफा हो गए थे कोच गंभीर



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने बीसीसीआइ अधिकारियों से मुलाकात की। इस मुलाकात का मकसद टीम के प्रदर्शन की समीक्षा करना था। इस दौरान यह खुलासा हुआ कि खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित शर्मा मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले थे। रोहित ने तीन टेस्ट टेस्ट में सिर्फ 31 रन बनाए थे।

### इसलिए बदला मन...

**रिपोर्ट** के तहत, दूसरे व तीसरे टेस्ट में रोहित ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी की लेकिन फ्लॉप रहे। इस कारण निराश होकर रोहित मेलबर्न में चौथे टेस्ट के बाद इस प्रारूप से संन्यास लेने वाले थे, लेकिन कुछ शुभचिंतकों के समझाने के कारण उन्होंने यह फैसला टाल दिया।

***कोच खुश नहीं थे:*** रोहित के संन्यास नहीं लेने से कोच गौतम गंभीर खुश नहीं थे। रिपोर्ट के तहत, गंभीर चाहते थे कि रोहित टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दें, लेकिन ऐसा नहीं होने से वह खफा हो गए।

**तालमेल नहीं** यह भी सामने आया है कि रोहित शर्मा और कोच गंभीर के बीच तालमेल अच्छा नहीं है। दोनों के बीच अंतिम एकादश के चयन और टीम की रणनीति को लेकर भी काफी मतभेद रहे हैं। रिपोर्ट के तहत, आगामी चैंपियंस ट्रॉफी को देखते हुए बोर्ड ने दोनों को समझबूझ से काम करने के लिए कहा है।

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7223...



**बाएं से दाएं...** 1. गति देना, चलाना (4), 4. उत्सुकता, जिज्ञासा (4), 8. कपोल, रुखसार (2), 9. प्रस्थान, गमन, रुखसत (2), 11. सेवा, टहल (3), 12. व्यंजन (4), 14. टेढ़ा, तिरछा, कुटिल (2), 15. दरिया, सरिता (2), 17. सिरहाना, फकीर का डेरा (3), 18. पेड़ का शाखा रहित भाग (2), 19. रुधिर वाहिनी नलिका (2), 22. कुख्यात (4), 24. उत्साह बढ़ाना, हिम्मत बांधना (4), 26. रहम, कृपा (2), 27. जिस समय, जिस वक्त (2), 29. निम्न, तुच्छ (2), 30. स्थिति, दशा (3), 32. बुरी आदत (2), 34. आकाश, गगन (2), 36. सामान लाने व ले-जाने वाला (2-3)

**ऊपर से नीचे...** 1. साथ-साथ गाना, धर्म सभा (4), 2. रफ्तार, गति (2), 3. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (4), 5. मादा तोता, एक वाद्य यंत्र (2), 6. मूर्खता, नासमझी (4), 7. कांपना, थरथराना (4), 10. अनजान, अनभिज्ञ (4), 13. नवीन, नूतन (2), 16. गरीबों पर कृपा करने वाला, दीनानाथ (2-3), 20. स्तुति (2), 21. उद्यमी, अध्यवसायी (3), 22. बुरी स्थिति, दुर्दशाग्रस्त (2-2), 23. राय, वोट, सिद्धांत (2), 25. आघात करना (3), 28. विद्रोह, विप्लव (3), 31. रात्रि, रजनी (2), 33. पेंदा (2), 35. डर, खौफ (2)

**हल 7222**



## SUDOKU 6958...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 5 | | | | | 2 | |
| | 8 | | | | 4 | 7 | | 3 |
| | | | | | | | | 4 |
| 1 | | | | | 9 | | | 6 |
| | | 9 | 7 | | | 3 | | |
| | | | | | | | | |
| | 5 | 8 | | 7 | | | 4 | 2 |
| 6 | | 4 | 9 | | 2 | | | 5 |
| | 2 | | | | | | | |

**हल 6957**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 | 2 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 6 | 7 |
| 6 | 8 | 3 | 7 | 1 | 9 | 2 | 4 | 5 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 5 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस : रविवार से शुरू होगा साल का पहला ग्रैंड स्लेम, सर्बिया के स्टार खिलाड़ी ने आखिरी बार 2023 में जीता था यहां पुरुष एकल का खिताब**

# 2024 में खाली हाथ रहे जोकोविच की नजरें रेकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लेम पर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मेलबर्न.** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के लिए साल 2024 निराशाजनक रहा और वह एक भी ग्रैंड स्लेम नहीं जीत सके। नोवाक की नजरें रविवार से यहां शुरू होने जा रहे साल के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन पर है। जोकोविच सर्वाधिक 24 ग्रैंड स्लेम जीतने वाले पुरुष एकल खिलाड़ी हैं। उनके बराबर ऑस्ट्रेलिया की महिला खिलाड़ी मार्गरेट कोर्ट (24 खिताब) हैं। यदि नोवाक यहां चैंपियन बनते हैं तो 25 ग्रैंड स्लेम जीतने वाले पहले टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगे।

### चैंपियन पर बरसेगा पैसा

**30.16** करोड़ रुपए महिला व पुरुष एकल चैंपियन को मिलेंगे

**10 बार जीता खिताब:** ऑस्ट्रेलियन ओपन में सर्वाधिक 10 खिताब जीतने का रेकॉर्ड 37 वर्षीय जोकोविच के नाम हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहला खिताब 2008 में जबकि आखिरी 2023 में जीता था। नोवाक का पहला मुकाबला अमरीका के 133वें नंबर के खिलाड़ी निशेश बासबारेड्डी से होगा।



### सिनर देंगे चुनौती, तोड़ा था दबदबा

- दुनिया के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी जेनिक सिनर ने 2023 में एकल खिताब जीतकर इतिहास रचा था। ***वह 2015 के बाद जोकोविच, रोजर फेडरर और राफेल नडाल के बाद यहां चैंपियन बनने वाले पहले खिलाड़ी बने थे।***
- 2006 से लेकर 2024 तक खेले गए कुल 19 संस्करण में जोकोविच (10), फेडरर (05) और नडाल (02) की तिकड़ी का दबदबा रहा। ***उनके अलावा, सिर्फ दो खिलाड़ी स्टेन वावरिंका (2014) और सिनर ही एक बार चैंपियन बनने में सफल रहे।***

### सुमित नागल एकमात्र भारतीय चुनौती

**सुमित नागल** एकल मुकाबलों में चुनौती पेश करने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। हालांकि उनकी चुनौती काफी कठिन हैं और वह पहले राउंड में चेक गणराज्य के 26वें नंबर के खिलाड़ी थॉमस मचाक से भिड़ेंगे।

**विजय हजारे वनडे टूर्नामेंट: रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में पंजाब को पांच रन से दी शिकस्त**

# देवदत्त पेडिकल और प्रसिद्ध कृष्णा के दम पर कर्नाटक ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**वडोदरा.** सलामी बल्लेबाज देवदत्त पेडिकल के शानदार शतक और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की आखिरी ओवरों में की गई कसी हुई गेंदबाजी के दम पर कर्नाटक ने विजय हजारे वनडे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कर्नाटक ने शनिवार को खेले गए रोमांचक क्वार्टरफाइनल में बड़ौदा की टीम को कड़े मुकाबले में पांच रन से शिकस्त दी।

टॉस जीतकर बड़ौदा की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कर्नाटक ने आठ विकेट पर 281 रन का स्कोर बनाया। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा की टीम 49.5 ओवर में 276 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

**शाश्वत की शतकीय पारी पर पानी फिरा :** बड़ौदा की ओर से सलामी बल्लेबाज शाश्वत रावत ने नौ चौकों और एक छक्के के साथ 104 रन की बेहतरीन पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। अतीत सेठ ने 59 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के के साथ 56 रन बनाए लेकिन टीम के निचलेक्रम ने निराश किया।



कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज देवदत्त पेडिकल।

**जीत का हीरो...**

| | |
|---|---|
| 102 रन | 99 गेंद |
| 15 चौके | 02 छक्के |

### प्लेयर ऑफ द मैच

### पेडिकल ने शतक जड़ा, दूसरे विकेट के लिए 133 रन जोड़े

**कर्नाटक** के स्टार सलामी बल्लेबाज देवदत्त पेडिकल ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और 99 गेंदों में 102 रन की पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच बने पेडिकल ने अपनी पारी के दौरान 15 चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए केवी अनीश के साथ 133 रन की साझेदारी निभाई। अनीश ने चार चौकों और एक छक्के के साथ 52 रन की पारी खेली।

**आखिरी पांच ओवर में पलट दी बाजी:** बड़ौदा को आखिरी पांच ओवर में 43 रन की दरकार थी और उसके पांच विकेट शेष थे। प्रसिद्ध कृष्णा ने 46वें ओवर की पहली गेंद पर शतकवीर शाश्वत रावत को आउट करके बड़ौदा की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने दो विकेट हासिल किए।

### आज के मुकाबले: विदर्भ का मुकाबला राजस्थान से होगा

**वडोदरा.** विजय हजारे ट्रॉफी में रविवार को दो क्वार्टरफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इसमें विदर्भ का मुकाबला राजस्थान की टीम से होगा। वहीं, दूसरे मुकाबले में मौजूदा चैंपियन हरियाणा की भिड़ंत गुजरात से होगी।

**दूसरा क्वार्टरफाइनल : पंजाब को 70 रन से दी मात**

## महाराष्ट्र की जीत में अर्शिन की शतकीय पारी

**वडोदरा.** ओपनर अर्शिन कुलकर्णी के शानदार शतक के बाद तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी की घातक गेंदबाजी से महाराष्ट्र ने विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। महाराष्ट्र की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब की टीम को 70 रन से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए महाराष्ट्र ने छह विकेट पर 275 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम 44.4 ओवर में 205 रन बनाकर सिमट गई।

### प्लेयर ऑफ द मैच: अर्शिन ने 14 चौकों के साथ 107 रन ठोके

**महाराष्ट्र** की शुरुआत खराब रही और उसने आठ रन तक दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद अर्शिन ने अंकित बावने के साथ तीसरे विकेट के लिए 145 रन की जोरदार साझेदारी की। अर्शिन ने 137 गेंदों में 14 चौकों के साथ 107 रन ठोके। वहीं, अंकित ने 85 गेंदों में सात चौकों के साथ 60 रन बनाए। सातवें नंबर पर उतरे निखिल नाइक ने 29 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों के साथ 52 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, महाराष्ट्र के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी ने सर्वाधिक तीन विकेट हासिल किए।



महाराष्ट्र के 19 वर्षीय बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी।

### आज का पोल

क्या भारत के सुमित नागल ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहला मैच जीत पाएंगे?

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

**शनिवार का जवाब**

हां 45% नहीं 55%

***पिछला सवाल:*** क्या केएल राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर रखना चाहिए?

**तीसरा वनडे मुकाबला**

### श्रीलंका क्लीन स्वीप से बचा, न्यूजीलैंड टीम ने जीती सीरीज



श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने के बाद न्यूजीलैंड टीम।

**ऑकलैंड @ पत्रिका.** श्रीलंका ने शनिवार को खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में मेजबान न्यूजीलैंड को 140 रन से हराया। हालांकि कीवी टीम भले ही श्रीलंका का क्लीन स्वीप नहीं कर सकी लेकिन उसने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने आठ विकेट पर 290 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 29.4 ओवर में 150 रन पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड के लिए मार्क चैपमैन ने 10 चौकों और एक छक्के के साथ 81 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

**प्लेयर ऑफ द मैच :** श्रीलंका की ओर से तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। वहीं, पाथुन निशांका ने 66 रन की शानदार पारी खेली।


**इंग्लैंड सीरीज : पांच टी-20 मुकाबलों के लिए भारतीय क्रिकेट टीम घोषित की गई, सूर्यकुमार यादव करेंगे कप्तानी**

# शमी की 15 महीने बाद भारतीय टीम में वापसी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से शुरू होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीजके लिए चयनकर्ताओं ने शनिवार को 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी। टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे जबकि स्पिनर अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की करीब 15 महीने के बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। चोट से उबरने वाले शमी ने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। शमी ने कुछ महीने पहले ही घरेलू क्रिकेट में वापसी की है। उन्होंने हाल में विजय हजारे ट्रॉफी में बंगाल के लिए अच्छा प्रदर्शन किया।

**टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, ध्रुव जुरेल, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर।



मोहम्मद शमी

### पंत को जगह नहीं

ऋषभ पंत को टीम में जगह नहीं मिली है। संजू सैमसन टीम और ध्रुव जुरेल टीम में विकेटकीपर होंगे।

***बुमराह-सिराज को आराम:*** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है। तेज गेंदबाजी का जिम्मा अर्शदीप, हर्षित राणा और मोहम्मद शमी के हाथों में होगा।

***यहां खेले जाएंगे मुकाबले :*** सीरीज का पहला मैच 22 जनवरी (कोलकाता), दूसरा मैच 25 जनवरी (चेन्नई), तीसरा मैच 28 जनवरी (राजकोट), चौथा मैच पुणे (31 जनवरी) और पांचवां मैच मुंबई (2 फरवरी) में खेला जाएगा।

**नई शुरुआत : दिल्ली और ओडिशा के बीच पहला मैच**

# पहली महिला हॉकी लीग का आगाज आज से

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** पहली महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत रविवार से होने जा रही है। पुरुषों की तर्ज पर शुरू की गई इस लीग का उद्देश्य महिला हॉकी को बढ़ावा देना है। इस लीग में कुल चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वारियर्स, बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब चुनौती पेश करने के लिए उतरेंगी। टूर्नामेंट में चैंपियन बनने वाली टीम को 1.5 करोड़ रुपए की जबकि उपविजेता को एक करोड़ रुपए की इनामी राशि मिलेगी। टूर्नामेंट का पहाल मुकाबला दिल्ली और ओडिसा वारियर्स के बीच खेला जाएगा।



रानी रामपाल, पूर्व भारतीय कप्तान।

***आइपीएल की तरह इस लीग का प्रभाव पड़ेगा: रानी***

भारतीय टीम की पूर्व कप्तान और लीग में सूरमा हॉकी क्लब की मेंटोर रानी रामपाल ने कहा कि महिला हॉकी इंडिया लीग का प्रभाव उसी तरह से पड़ेगा, जैसा आइपीएल का भारतीय क्रिकेट पर पड़ा है।

**बैडमिंटन, मलेशिया ओपन**

### सात्विक-चिराग की जोड़ी अंतिम-4 में हारी



**कुआलालंपुर @ पत्रिका.** . भारत की शीर्ष युगल बैडमिंटन जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विक साईराजरंकीरेड्डी की जोड़ी मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गई। इसके साथ ही, टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी पदक के बिना समाप्त हो गई। सात्विक और चिराग को दक्षिण कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग के खिलाफ 10-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले, पुरुष एकल, महिला एकल और महिला युगल में सभी भारतीय खिलाड़ी हार गए।

**क्रिकेट विवाद : बांग्लादेश प्रीमियर लीग टी-20 टूर्नामेंट के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच हुई थी जमकर झड़प, बांग्लादेश और इंग्लैंड के बल्लेबाज ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए**

### फॉर्च्यून बारिशाल और रंगपुर मैच में बवाल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**ढाका.** बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) टी-20 में एक दिन पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलेक्स हेल्स और बांग्लादेश के खिलाड़ी तमीम इकबाल के बीच मैदान पर जमकर झड़प हो गई थी। इसकी तस्वीरें को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई लेकिन यह नहीं पता चला था कि लड़ाई की वजह क्या है। शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार मैच के दौरान तमीम इकबाल ने हेल्स के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी की थी, जिसके बाद यह मामला बिगड़ गया था। गौरतलब है कि नशीली दवाओं के सेवन के आरोप में इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने हेल्स पर 2019 में कुछ महीनों का प्रतिबंध लगाया था।

# क्या तुम अब भी नशीली दवाएं लेते हो...

## तमीम की इस टिप्पणी पर भड़के थे हेल्स

### तमीम बोले, उन्होंने साथी खिलाड़ी को गाली दी

**तमीम** ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा, हेल्स ने टीम के साथी खिलाड़ी इकबाल हुसैन इमोन को गाली दी थी। इस कारण मुझे अपने साथी खिलाड़ी के साथ खड़ा होना पड़ा। मुझे तो हेल्स के प्रतिबंध के बारे में पता भी नहीं। मैं सिर्फ एक कप्तान के तौर पर मैं अपने साथी खिलाड़ी के पक्ष में खड़ा था।

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा**

**तमीम का प्रदर्शन...** 70 टेस्ट में 10 शतक सहित *5134 रन* | 243 वनडे में 14 शतक के साथ **8357 रन**

**हेल्स** के साथ हुए विवाद के एक दिन बाद ही तमीम इकबाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। तमीम ने पिछले साल भी संन्यास लिया था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना से चर्चा करने के बाद उन्होंने फैसला बदल लिया था। तमीम ने कहा, कप्तान शांतो और चयन समिति ने मुझे आगे खेल जारी रखने के लिए कहा था। टीम में शामिल करने के लिए मैं उनका आभारी हूं। हालांकि मैंने अपने दिल की बात सुनी और संन्यास लिया।



झड़प... तमीम VS हेल्स
मैच के दौरान तमीम और हेल्स के बीच हुई कहासुनी।

### उनके बोलने का लहजा असभ्य था: हेल्स

**यह मैच** तमील इकबाल की टीम फॉर्च्यून बारिशाल और हेल्स की टीम रंगपुर राइडर्स के बीच था। रंगपुर ने आखिरी ओवर में 30 रन बनाकर रोमांचक मैच जीता था। दोनों टीमें जब पवेलियन लौट रही थीं, तब दोनों खिलाड़ियों के बीच कहासुनी हुई। हेल्स ने एक इंटरव्यू में खुलासा करते हुए कहा कि तमीम ने उनसे कहा कि क्या तुम अब भी नशीली दवाओं का सेवन करते हो?..और क्या 2019 में उन नशीली दवाओं के सेवन के आरोप में लगाए गए प्रतिबंध पर उन्हें शर्मिंदी महसूस होती है। हेल्स ने कहा, उनके बोलने का लहजा असभ्य था। किसी खिलाड़ी का व्यक्तिगत होना और इस तरह की टिप्पणी करना, वो भी खेल के बाद, सच कहूं तो यह मुझे काफी घटिया लगता है।

## इस सप्ताह विशेष

**सोमवार**

**महाकुंभ का शुभारंभ**
**प्रयागराज** में पौष पूर्णिमा के दिन से 45 दिवसीय महाकुंभ का शुभारंभ होगा। करोड़ों लोग होंगे शामिल।



**मंगलवार**

**सिंगापुर के राष्ट्रपति आएंगे**
**सिंगापुर** के राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम पांच दिवसीय भारत यात्रा पर आएंगे। इस साल दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की 60वीं वर्षगांठ है।



**बुधवार**

अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन नव निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से पांच दिन पहले अपना विदाई भाषण देंगे।

**शनिवार**

**आरजी कर मामले में फैसला**
**कोलकाता** में आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार व हत्या के मामले पर सियालदह कोर्ट सुनाएगा फैसला।



**रविवार**

कॉमिक कॉन इंडिया के 10वें संस्करण का बेंगलूरु में आगाज।

---


राष्ट्रीय युवा दिवस

**पत्रिका सर्वे:** युवाओं ने बताई मन की बात, 61 प्रतिशत युवा सेना में जाने को तैयार

# तकनीक-विज्ञान और बिजनेस में कॅरियर बनाना चाहते हैं 78 फीसदी युवा

*जयपुर @ पत्रिका. आज का युवा सोशल मीडिया, इंटरनेट पर जितना सक्रिय है उतनी ही सक्रियता राष्ट्र सेवा और देश के स्वर्णिम भविष्य निर्माण को लेकर भी है। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के मद्देनजर 'पत्रिका' के ऑनलाइन सर्वे में सामने आया कि 61 प्रतिशत युवा देश सेवा के लिए सेना में जाने को तैयार हैं। कॅरियर की दृष्टि से 78 प्रतिशत युवा तकनीक-विज्ञान और बिजनेस में भविष्य बनाना चाहते हैं। देश भर में करवाए गए इस ऑनलाइन सर्वे में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। सर्वे के अनुसार 81 फीसदी युवा सोशल मीडिया में फेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग करते हैं।*

**Q कॅरियर की दृष्टि से किस सेक्टर में जाना चाहते हैं?**




**Q मौजूदा दौर में युवाओं की प्राथमिकता क्या है?**

| कॅरियर | रोजगार | घर-परिवार | समाजोत्थान |
|---|---|---|---|
| 50% | 37% | 5% | 8% |

**Q कॅरियर की दृष्टि के लिए सबसे अच्छा सेक्टर कौनसा है?**

| सेक्टर | % |
|---|---|
| तकनीक-विज्ञान | 30% |
| चिकित्सा-स्वास्थ्य | 10% |
| राजनीति | 3% |
| कृषि | 2% |
| बिजनेस | 48% |
| डिफेंस | 2% |
| खेल | 2% |
| मनोरंजन | 3% |


**Q कॅरियर के दो विकल्प दिए जाएं तो किसे चुनेंगे?**

61% देश सेवा में सेना में जाएंगे; 39% राजनीति में जाएंगे

**Q युवाओं के भविष्य निर्माण में सबसे बड़ी चुनौती क्या?**

| चुनौती | % |
|---|---|
| नौकरी के कम अवसर | 10% |
| रोजगारपरक संसाधनों की कमी | 16% |
| सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव | 24% |
| नौकरियों में आरक्षण | 36% |
| संयुक्त परिवारों का विघटन | 6% |
| उच्च शिक्षा की राह में आर्थिक संकट | 8% |

**Q युवा इंटरनेट-सोशल मीडिया पर किस प्रकार का कंटेंट ज्यादा देखते हैं?**




**Q किस सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सबसे ज्यादा इस्तेमाल?**

| प्लेटफार्म | % |
|---|---|
| फेसबुक-इंस्टाग्राम | 76% |
| वॉटसएप-टेलीग्राम | 10% |
| यूट्यूब | 5% |
| स्नैपचैट | 3% |
| ट्विटर-एक्स | 6% |

-प्रस्तुति: राम नरेश गौतम

---

पत्रिका एक्सप्लेन

# क्या है मेटा के फैक्ट चेकर्स प्रोग्राम से जुड़ा विवाद?

अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमरीका में फेसबुक और इंस्टाग्राम से फैक्ट-चेकिंग हटाने के मेटा कंपनी के निर्णय को 'शर्मनाक' बताया। वहीं, एक वैश्विक फैक्ट चेक नेटवर्क ने चेतावनी दी है कि अगर कंपनी इस बदलाव को बाकी देशों में भी लागू करती है तो इसके बड़े नुकसान हो सकते हैं। दुनियाभर में 90 फैक्ट चेकर्स संगठन मेटा के इंस्टाग्राम, फेसबुक व थ्रेड्स के लिए फैक्ट चेक करते हैं।

### मेटा ने किया क्या बदलाव?

**मेटा** के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने घोषणा की है कि अमरीका में फेसबुक-इंस्टाग्राम पर थर्ड पार्टी फैक्ट-चेकिंग खत्म की जा रही है। गलत तथ्यों को उजागर करने का काम अब आम यूजर 'कम्युनिटी नोट्स' जैसे मॉडल के तहत करेंगे। यह वही मॉडल है, जिसे एक्स (पूर्व में ट्विटर) द्वारा लोकप्रिय बनाया गया है।

### क्या है 'कम्युनिटी नोटस'?

**कम्युनिटी** नोट्स क्राउडसोर्स्ड फैक्ट चेकिंग फीचर है, जिसे फेक न्यूज के प्रसार की जांच के लिए डिजाइन किया गया है। इस फीचर को ट्वीटर पर पहले 'बर्डवॉच' कहते थे। इससे यूजर्स उन ट्वीट पर सहायक नोट्स जोड़ सकते हैं जो भ्रामक हैं।

### फैक्ट चेकर्स प्रोग्राम क्या है?

**मेटा** थर्ड पार्टी फैक्ट-चेकिंग के जरिए स्वतंत्र व सर्टिफाइड पार्टनर्स के साथ काम करती है। भ्रामक फैक्ट 'फैक्ट चेक्ड' के रूप में मार्क होते हैं, पोस्ट फेसबुक व इंस्टाग्राम के फीड में कम दिखाई देती है या उस पर चेतावनी लगाई जाती है।

### क्या भारत पर भी पड़ेगा असर?

इंटरनेशनल फैक्ट-चेकिंग नेटवर्क आइएफसीएन ने चेताया है कि मेटा ने इसे दुनिया में लागू किया तो बहुत नुकसान होगा क्योंकि कई देशों में फेक न्यूज राजनीतिक अस्थिरता, चुनावी हस्तक्षेप से लेकर नरसंहार तक को बढ़ावा देती हैं। भारत में मेटा फैक्ट चेकर्स प्रोग्राम के तहत 15 भाषाओं में 12 फैक्ट चेकिंग संगठनों को फंडिंग सहयोग देती है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि प्रोग्राम बंद होता है तो भ्रामक सूचनाओं के जाल में फंसने का जोखिम बढ़ेगा। एक समान एजेंडे या राजनीतिक पसंद वाले यूजर फैक्ट चेक को प्रभावित कर सकते हैं।

-प्रस्तुति: अमित पुरोहित

---

## इंडोनेशिया: ज्वालामुखी फटा, 4 किमी गुबार

**जकार्ता @ पत्रिका.** पूर्वी इंडोनेशिया में शनिवार को एक ज्वालामुखी फटने से गर्म लावा निकला और चार किमी तक धुएं और राख का गुबार हवा में फैल गया। हलमाहेरा द्वीप पर स्थित माउंट इबू ज्वालामुखी से निकला लावा विस्फोट के केंद्र से दो किलोमीटर दूर देखा गया। लोगों को अलर्ट पर रखा गया है।

## अमरीका: सुनीता करेंगी अंतरिक्ष में चहलकदमी

**वाशिंगटन @ पत्रिका.** भारतीय-अमरीकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 16 जनवरी और 23 जनवरी को दो स्पेसवॉक में हिस्सा लेंगी। नासा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सुनीता की स्पेसवॉक इंटरनेशनल स्पेस सेंटर (आइएसएस) को अपग्रेड करने और बनाए रखने के नासा के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं।

## पाक : बालिका शिक्षा समिट, तालिबान नहीं

**इस्लामाबाद @ पत्रिका.** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार मुस्लिम जगत में बालिकाओं की शिक्षा पर शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले रही है। शिक्षा मंत्री खालिद मकबूल सिद्दीकी ने बताया कि हमने अफगानिस्तान को निमंत्रण दिया था, लेकिन अफगान सरकार की ओर से कोई भी व्यक्ति इस सम्मेलन में नहीं आया है।

---

**प्यू सर्वे:** दुनिया भर के लोगों में बढ़ रही असमानता के प्रति चिंता

# भारतीय लोग संतान के भविष्य के प्रति सबसे अधिक आश्वस्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा 36 देशों में 2024 में किए गए सर्वेक्षण से खुलासा हुआ है कि भारत के लोग अपनी भावी पीढ़ी के भविष्य के प्रति सबसे अधिक आशान्वित हैं। अगली पीढ़ी के आर्थिक भविष्य के बारे में पूछे जाने पर 75 प्रतिशत भारतीयों ने कहा कि उनके बच्चे उनसे बेहतर स्थिति में होंगे। हालांकि अधिकांश भारतीय आर्थिक असमानता के बारे में काफी चिंतित नजर आए और आर्थिक मामलों में वर्तमान सरकार से असंतुष्ट हैं। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से भारतीय, बांग्लादेशी और इंडोनेशियाई लोग अपनी आगामी पीढ़ी के बारे में अधिक आशावादी देखे गए। दूसरी ओर संपन्न देश जैसे कनाडा और अमरीका के लोगों में आगामी पीढ़ी के प्रति आशंकित दिखे। गौरतलब है कि बांग्लादेश में जब यह सर्वे किया गया तब वहां शेख हसीना की अवामी लीग का ही शासन था।

**54 फीसदी की नजर में असमानता बड़ी समस्या:** सर्वेक्षण में दुनियाभर में बढ़ती असमानता पर गहरी चिंता देखी गई है। दुनिया भर के 36 देशों के औसतन 54% वयस्कों का कहना है कि उनके देश में अमीर और गरीब के बीच का अंतर एक बहुत बड़ी समस्या है। अन्य 30% का कहना है कि यह मध्यम श्रेणी की बड़ी समस्या है। साथ ही 60% का मानना है कि अमीर लोगों का राजनीतिक प्रभाव आर्थिक असमानता में एक बहुत बड़ा कारण है।

### अगली पीढ़ी का हाल: ऐसे मिले जवाब



| देश | बदतर होगा | बेहतर होगा |
|---|---|---|
| अमरीका | 74% | 26% |
| कनाडा | 78% | 16% |
| जर्मनी | 61% | 35% |
| ब्रिटेन | 79% | 19% |
| भारत | 19% | 75% |
| बांग्लादेश | 20% | 73% |
| इंडोनेशिया | 22% | 71% |
| जापान | 77% | 16% |
| आस्ट्रेलिया | 79% | 20% |
| ब्राजील | 43% | 50% |
| 36 देशों का औसत | 57% | 34% |

☐ *जिन लोगों ने कोई जवाब नहीं दिया-उनका % नहीं दिखाया गया है। स्रोत : प्यू सर्वे*

**भारत: 64% हैं असमानता से चिंतित...**
**सर्वेक्षण** में 81 % उत्तरदाताओं ने आर्थिक असमानता को बड़ी चिंता बताया। जबकि 64 प्रतिशत ने इसे 'बहुत बड़ी समस्या' माना और अन्य 17 फीसदी ने कहा कि यह एक बड़ी चुनौती है। जबकि कनाडा और अमरीका में क्रमशः 57 और 30 तथा 51 और 32 फीसदी लोगों ने कहा कि असमानता बहुत बड़ी और बड़ी चुनौती है।

---

**वार-पलटवार:** जुबानी जंग के साथ पोस्टरबाजी तेज

# 'आप-दा-ए-आजम' बनाम 'गालीबाज' की पोस्टर वॉर




**पोस्टर जारी..**
भाजपा ने जहां केजरीवाल को 'आप-दा-ए-आजम' बताने वाला पोस्टर निकाला वहीं आप ने भाजपा के खिलाफ 'गालीबाज' का पोस्टर जारी किया।

विधानसभा चुनाव 2025

**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा व आप के बीच जुबानी जंग के साथ पोस्टर वॉर भी तेज हो गई है। आप ने कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश विधूड़ी का बाहुबली फिल्म के विलेन के रूप में पोस्टर निकाला।

आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि विधूड़ी ही भाजपा के सीएम पद के उम्मीदवार होंगे। आप ने एक्स पर लिखा कि, 'गालीबाज पार्टी का गालीबाज सीएम चेहरा'। बीजेपी ने पलटवार में लिखा 'शराब घोटाले में 2026 करोड़ खा गया दिल्ली के महाठग, आप-दा का पर्दाफाश, शराब नीति बनाकर दिल्ली का भविष्य किया खराब'। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने सीएजी रिपोर्ट के हवाले से आरोप लगाया कि केजरीवाल ने शराब नीति में 2026 करोड़ का भ्रष्टाचार किया। जवाब में आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि रिपोर्ट विधानसभा में रखी ही नहीं गई तो भाजपा यह कहां से लाई?

### भाजपा: हरीश खुराना-कपिल मिश्रा को उतारा

**भाजपा** ने शनिवार को 29 प्रत्याशी की दूसरी सूची जारी की जिसमें पूर्व सीएम मदनलाल खुराना के बेटे हरीश खुराना को मोती नगर तो कभी केजरीवाल सरकार में मंत्री रहे कपिल मिश्रा को करावल नगर सीट से उतारा है। दिल्ली दंगों के दौरान अपने बयानों से सुर्खियों में रहे कपिल मिश्रा को टिकट देने से माना जा रहा है कि पार्टी बहुसंख्यक वोटों को ध्रुवीकृत करने की कोशिश कर रही है। पांच महिलाओं को भी मौका दिया गया है। पार्टी अब तक 58 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है।

---

**पश्चिम एशिया:** नेतन्याहू का नया कदम, खलबली

# ग्रेटर इजरायल के मैप में सऊदी-लेबनान के इलाके

**तेल अवीव.** पश्चिम एशिया में छिड़ी जंग के बीच इजरायल के एक मैप ने अरब देशों के हुक्मरानों को भी भड़का दिया है। दरअसल, पीएम बेंजामिन नेतन्याहू प्रशासन की तरफ से अरबी भाषा के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट नक्शे में एक ग्रेटर इजरायल का नक्शा दिखाया गया है। नक्शे को अरब मुल्कों को एक संदेश की तरह देखा जा रहा है। अरबी भाषा में जारी यह नक्शा इजरायल यानी यहूदियों के प्राचीन साम्राज्य होने का दावा करता है। मैप में लेबनान, जॉर्डन, सीरिया, इराक, फिलिस्तीन, मिस्र और यहां तक कि सऊदी अरब तक के इलाके हैं। इतना ही नहीं, विदेश मंत्रालय द्वारा इस नक्शे को जारी करने के साथ दावा किया है कि वह ग्रेटर इजरायल बनाने को प्रतिबद्ध हैं।

इजरायल के विदेश मंत्रालय का कहना है कि आज से तीन हजार साल पहले इस भूखंड पर यहूदी साम्राज्य का शासन था।

**बाइबिल का प्रॉमिस्ड लैंड...** इजरायल का यह भी कहना है कि बाइबिल के पूर्व-विधान में ग्रेटर इजरायल की सीमाओं का जिक्र है और इसे प्रॉमिस्ड लैंड बताया गया है। बाइबिल में लिखा है कि पैगम्बर इब्राहिम को जो जमीन मिली थी, वो जमीन मिस्र की 'नायल' नदी से 'फरात' नदी तक मौजूद है, और यही कारण है कि इजरायल इसके आधार पर जॉर्डन, सीरिया, इराक, फिलिस्तीन और सऊदी अरब के इलाकों को अखंड इजरायल का हिस्सा मानता है।

---

पत्रिका पोल

**Q क्या सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं का प्रसार रोकने का जिम्मा खुद यूजर्स का है?**

**कल का सवाल था**
क्या मौजूदा दौर में भारत को अफगानिस्तान के साथ रिश्ते मजबूत करने चाहिए?

**जवाब**
67% हां — 33% नहीं

क्यूआर कोड स्कैन करें...

**बिहार डीएलएड एडमिशन के लिए आवेदन आज से शुरू, इस लिंक से कर सकते हैं अप्लाई**

बिहार की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**कन्नौज में रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन बिल्डिंग गिरी, मलबे से निकाले 11 लोग, डीएम एसपी मौके पर पहुंचे**

उत्तर प्रदेश की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

## अमरीका: अब तीन मरीजों में काम कर रहा न्यूरालिंक

**वाशिंगटन @ पत्रिका.** न्यूरालिंक कॉर्पोरेशन के संस्थापक एलन मस्क ने हाल में कहा कि कंपनी के मस्तिष्क-कम्प्यूटर उपकरण को तीसरे रोगी में प्रत्यारोपित किया गया है तथा कंपनी की 2025 में और प्रत्यारोपण करने की योजना है। न्यूरालिंक उन स्टार्टअप्स के बढ़ते समूह में से एक है जो ऐसे मस्तिष्क प्रत्यारोपण विकसित कर रहे हैं जो पक्षाघात जैसी स्थितियों के इलाज में मदद कर सकते हैं।

---

**श्रीमहाकाल मंदिर विस्तार :** 250 भवनों को जमींदोज किया



**उज्जैन.** श्री महाकालेश्वर क्षेत्र के विस्तारीकरण के लिए शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। मामूली विरोध के बीच एक दर्जन जेसीबी-प्रोकलेन की मदद से 250 से ज्यादा भवनों को जमींदोज किया गया। खाली करवाई गई जमीन पर श्रद्धालुओं के लिए सिंहस्थ से पहले पार्किंग व अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। महाकाल मंदिर रूद्रसागर के नजदीक निजामुद्दीन कॉलोनी व तकिया मस्जिद स्थित थी। प्रशासन ने भूअर्जन की कार्रवाई करते हुए 257 भवनों को हटाने के लिए नोटिस जारी किए थे।

---

**पहल:** अंगदान करने वाले केंद्रीय कर्मियों को 42 दिन तक की विशेष छुट्टी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** अब अंगदान करने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अधिकतम 42 दिन तक की स्पेशल कैजुअल लीव मिलेगी। यह जानकारी नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन ने दी है। डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग ने इस संबंध में 2023 में आदेश जारी किया था। ऑर्गेनाइजेशन ने इसे अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया है। पहल का उद्देश्य अंगदान को प्रोत्साहित करना और डोनर्स को पर्याप्त समय देना है ताकि वे सर्जरी और रिकवरी प्रक्रिया को आराम से पूरा कर सकें। आदेश के अनुसार, यह छुट्टी अंगदान के प्रकार पर निर्भर नहीं करेगी। यह विशेष अवकाश सर्जरी के दिन से शुरू होकर एक ही बार में लिया जाएगा।

---

**वायरल:** बालिका सुरक्षा पर ये कैसा व्याख्यान

# आश्चर्य! महिला डीआइजी ने विद्यार्थियों को दिए ओजस्वी बच्चे पैदा करने के टिप्स

**शहडोल @ पत्रिका.** मध्यप्रदेश की महिला पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआइजी) ने बालिका सुरक्षा पर एक व्याख्यान में विद्यार्थियों को ओजस्वी बच्चे पैदा करने के टिप्स दे डाले। वायरल वीडियो में शहडोल पुलिस रेंज में पदस्थ डीआइजी सविता सुहाने बच्चों को ओजस्वी बच्चा पैदा करने के लिए क्या करें और क्या न करें के बारे बताते हुए पूर्णिमा की रात गर्भधारण न करने की सलाह देते दिख रही हैं। साथ ही कहा, 'ओजस्वी संतान प्राप्ति के लिए सूर्य देव को जल चढ़ाएं और उन्हें प्रणाम करें ताकि आप धरती पर एक नया बचपन ला सकें'। हालांकि यह पुराना वीडियो बताया जा रहा है। दरअसल, वे 4 अक्टूबर को सरकार के अभिमन्यु अभियान के तहत शहर की एक निजी ज्ञानोदय स्कूल में महिला-बालिका की सुरक्षा पर व्याख्यान दे रही थीं। मामले में तूल पकड़ने के बाद डीआइजी सविता ने अपना बचाव करते हुए कहा, वीडियो में उनके बयान का सिर्फ एक अंश दिखाया गया। उनका उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों के बीच लड़कियों को सशक्त बनाना और सम्मान पैदा करना था।

---

TRENDING NEWS — ट्रेंडिंग न्यूज



### मुइज्जू ने जताया चीन का आभार

**मालदीव** के विदेश और रक्षा मंत्रियों की एक के बाद एक भारत यात्राओं के बाद, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शुक्रवार को चीनी विदेश मंत्री वांग यी की मेजबानी की। मुइज्जू ने यात्रा के दौरान बीजिंग से मिलने वाली उदार सहायता के लिए वांग के प्रति आभार व्यक्त किया।



### पनामा नहर सभी के लिए खुली: प्रशासक

**पनामा** नहर के प्रशासक रिकोर्टे वास्क्वेज ने कहा है कि यह महत्वपूर्ण जलमार्ग पनामा के हाथों में ही रहते हुए सभी देशों के वाणिज्य के लिए खुला रहेगा। वास्क्वेज ने कहा, पनामा बंदरगाह के कुछ हिस्सों में चीन तो कुछ में ताइवान और अमरीकी कंपनियां भी पोर्ट का संचालन करती हैं।



### हथियार खरीदने यूरोप पहुंचा बांग्लादेश

**भारत** के साथ हालिया तनाव के बीच अब मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश अब सेना के लिए आधुनिक हथियार खरीदने के लिए तुर्की के बाद यूरोप और अमरीका की ओर हाथ बढ़ा रहा है। इसी क्रम में यूरोपीय संघ ने हाल में ढाका में एक रक्षा अताशे भी नियुक्त किया है।

---

# शादी ही नहीं, कार्य-जीवन संतुलन व कॅरियर पर भी बात हो

SUNDAY GUEST EDITOR
संडे गेस्ट एडिटर @ वुमन

**सोच यह:** महिलाएं काम करें और खुद पर गर्व करें, परिवार सहयोग करे।

**सुझाव भेजें**
sunday@in.patrika.com

**डॉ. शामोली खेड़ा. संडे गेस्ट एडिटर**
patrika.com

**मुंबई.** समाज में समानता तभी संभव है, जब परिवार में बेटे-बेटी के बीच भेदभाव खत्म हो। समानता की शुरुआत घर से होनी चाहिए। लड़कों को घर के काम भी सिखाए जाएं और लड़कियों को भी आर्थिक आत्मनिर्भरता के बारे में समझाया जाए। लड़कियों को पढ़ाया जा रहा है, लेकिन उनकी पहचान और सपनों पर चर्चा कम होती है। शादी के बाद अक्सर उन पर कॅरियर छोड़ने का दबाव डाला जाता है। परिवार सहयोग करे, तो वे नौकरी और घर की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह संभाल सकती हैं।



डॉ. शामोली खेड़ा (बीच में)

***अहम बात :*** महिलाएं खुद पर गर्व महसूस करने के लिए काम करें। यह उनकी चॉइस है कि वह कैसे अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। शुरुआत में मुश्किलें आएंगी पर सफल होने पर सब साथ आ जाएंगे।

### बच्चों से करें खुलकर चर्चा

**मैं** मानती हूं कि शादी की योजना सिर्फ लड़कों को नहीं, बल्कि लड़कियों को भी बनानी चाहिए। चूंकि अब लड़कियां कामकाजी हैं तो शादी से पूर्व ही उन्हें अपनी फैमिली और वर्क-लाइफ के बारे में सभी बातें स्पष्ट रूप से तय करनी चाहिए। माता-पिता को बच्चों से शादी के अलावा कॅरियर और वर्क-लाइफ बैलेंस जैसे पहलुओं पर भी खुलकर बात करनी चाहिए, ताकि महिलाओं को शादी के बाद अपना जॉब न छोड़ना पड़े।

**तभी समाज बढ़ेगा समानता की ओर** लड़का-लड़की के बीच समानता की भाव विकसित होना चाहिए। समाज में बदलाव आ रहा है और परिस्थितियां बेहतर हो रही हैं। जब लड़के-लड़की दोनों घर के कार्यों में बराबरी से भागीदार बनेंगे, तो समाज समानता की ओर बढ़ेगा।

---

**चुनाव आयोग:** पहली बार नियुक्ति की अलग प्रक्रिया

# मंत्री की सर्च कमेटी करेगी नए सीईसी का नाम शॉर्ट लिस्ट

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** देश में पहली बार कानून मंत्री की अध्यक्षता में चयन समिति नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के चयन के लिए नामों को शॉर्ट लिस्ट करेगी और इसे प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति को सौंपेगी। मौजूदा सीईसी राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर होंगे। सीईसी व चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के बारे में कानून बनने के बाद यह पहला मौका होगा जब सीईसी का चयन और नियुक्ति होगी। इससे पहले मौजूदा चुनाव आयुक्तों में से वरिष्ठ को सीईसी बनाने की परंपरा रही है। आयोग में ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधु चुनाव आयुक्त के तौर पर कार्यरत हैं। हालांकि नए कानून के बावजूद मौजूदा आयुक्त चयन प्रक्रिया से बाहर नहीं होंगे लेकिन बाहर से सीधे सीईसी की नियुक्ति भी की जा सकती है।

**अब यह है चयन प्रक्रिया:** नए कानून के अनुसार सीईसी या आयुक्त की नियुक्ति के लिए कानून मंत्री की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय सर्च कमेटी पांच नामों का पैनल तैयार करेगी। इस कमेटी में दो सदस्य सचिव स्तर के अधिकारी होंगे। पैनल को पीएम की अध्यक्षता वाली चयन समिति का सौंपा जाएगा। चयन समिति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक मंत्री शामिल हैं।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।